सेंसेक्स 81,510.05 ● निफ्टी 24,610.05 ● डॉलर 84.85 ₹ ● सोना 76,760 ₹ ● चांदी 1,00,000 ₹



पेज 06 बीमा सखी योजना : ग्रामीण...
पेज 08 फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़...


पारा आपडेट

मैक्सिमम 23.00 | मिनीमम 9.00

सूर्यास्त (आज) ▸ 17.03
सूर्योदय (कल) ▸ 06.19


बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष दशमी संवत 2082

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, बुधवार 11 दिसंबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 158 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com



पेज 12




## संक्षिप्त खबरें

### सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ दायर मानहानि मामले पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले पर संज्ञान लेने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट नेता मित्तल ने संज्ञान लेने के मामले पर 16 दिसंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सत्येंद्र जैन ने याचिका दायर कर कहा है कि बांसुरी स्वराज के बयान ने उनकी छवि को खराब करने की कोशिश की है। सत्येंद्र जैन ने कहा है कि बांसुरी स्वराज ने कहा था कि उनके घर से तीन करोड़ रुपये और 1.8 किलोग्राम सोना औ? 133 सोने के सिक्के बरामद किये गए थे। याचिका में कहा गया है कि बांसुरी स्वराज ने 5 अक्टूबर, 2023 को टीवी चैनल पर प्रसारित एक इंटरव्यू में उनकी छवि खराब करने वाले बयान दिए थे। इस बयान में बांसुरी स्वराज ने सत्येंद्र जैन को भ्रष्ट और फर्जी करार दिया था। ये बयान झूठे थे जिसका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं था।

### नीलकंठ महादेव बनाम जामा मस्जिद मामले की अगली सुनवाई 17 दिसंबर को

**बदायूं।** नीलकंठ महादेव बनाम जामा मस्जिद मामले की अगली सुनवाई अब 17 दिसंबर को होगी। सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट में मंगलवार को इस मामले की होने वाली सुनवाई सीनियर अधिवक्ता के देहांत की वजह से नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 17 दिसंबर को निर्धारित की है। अगली सुनवाई में जमा मस्जिद शम्सी के अधिवक्ता अपनी बहस पूरी करेंगे। कोर्ट में इस बात पर सुनवाई हो रही है कि यह सुनवाई योग्य है या नहीं। इससे पहले तीन दिसंबर को सुनवाई के दौरान जामा मस्जिद इंतजामिया शम्सी की ओर से अधिवक्ताओं ने अपनी बहस की थी, जो पूरी नहीं हो सकी थी। जिले की 850 साल पुरानी जामा मस्जिद को नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा करते हुए हिन्दू महासभा ने 2022 में अदालत में अर्जी दाखिल की थी। हिन्दू पक्ष की मांग है कि जामा मस्जिद में उन्हें पूजा करने की इजाजत दी जाए क्योंकि वह प्राचीन नीलकंठ महादेव का मंदिर है।

### मुर्मू और मोदी ने एसएम कृष्णा को दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ राजनीतिक नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दी। श्रीमती मुर्मु ने श्री कृष्णा के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, 'एसएम कृष्णा के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में अपने लंबे करियर के दौरान विभिन्न पदों पर लोगों की सेवा की।' राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री के रूप में कर्नाटक के विकास के प्रति उनके समर्पण को याद किया और उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने श्री कृष्णा को असाधारण नेता करार देते हुए कहा कि सभी क्षेत्रों के लोग उनकी प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में श्री कृष्णा के कार्यकाल, खास तौर पर बुनियादी ढांचे के विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डाला और उनकी बौद्धिक गतिविधियों की तारीफ करते हुए उन्हें 'एक विपुल पाठक और विचारक' कहा।

राज्यसभा : देश के इतिहास में पहली बार इस तरह की घटना

## सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश

● सदन में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडी गठबंधन (आईएनडीआईए) ने मंगलवार को उच्च सदन के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इसमें उन पर सदन में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, यह प्रस्ताव बहुमत न होने के कारण गिर जाएगा लेकिन देश के इतिहास में यह पहला मौका है, जब किसी सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है। इस प्रस्ताव पर समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस समेत 71 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 67बी के तहत पेश किया गया है। इसके तहत 50 सांसदों का अविश्वास प्रस्ताव पर एक राय होना अनिवार्य है।



विपक्षी दल लगातार सभापति जगदीप धनखड़ पर राज्यसभा की कार्यवाही को नियंत्रित करने के तौर-तरीकों पर अपनी नाराजगी दर्ज कराते आए हैं। उनका आरोप है कि सभापति संबोधन में लगातार व्यवधान, महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपर्याप्त बहस और विवादास्पद चचाओं के दौरान सत्ता पक्ष को लेकर उनके साथ पक्षपात करते हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन-आईएनडीआईए ब्लाक के घटक दल भी लगातार सदन में पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाते रहे हैं। इसको लेकर सदन में लगातार गतिरोध बना हुआ है। विपक्ष ने 9 दिसंबर को हुए व्यवधान के बाद अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए गठबंधन दलों के नेताओं के साथ बात की और देर शाम तक तय हो गया कि गठबंधन अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएगा।

### कोई विकल्प नहीं रह गया था : इंडी गठबंधन

इस अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए लिखा कि राज्यसभा के सभापति के खिलाफ औपचारिक रूप से अविश्वास प्रस्ताव पेश करना इंडी गठबंधन के लिए मजबूरी थी। उनके पास और कोई विकल्प नहीं रह गया था। सभापति सदन की कार्यवाही को बेहद पक्षपातपूर्ण रवैये के साथ संचालित कर रहे थे। विपक्षी दलों के लिए यह बेहद कष्टदायी फैसला था लेकिन संसदीय लोकतंत्र के हितों के संरक्षण के लिए यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया था।

### प्रस्ताव के लिए 14 दिन का समय शेष रहना जरूरी

इस प्रस्ताव को लेकर सदन की कार्यवाही के जानकारों का मानना है कि अपने आप में यह पहला मामला है। इसलिए इसके तकनीकी पहलुओं को लेकर स्पष्टता का अभाव है। जैसे अविश्वास प्रस्ताव के लिए 14 दिन का समय सदन के लिए शेष होना चाहिए। तभी यह एजेंडे में आ सकता है, जबकि शीतकालीन सत्र में 10 दिन का ही समय है। ऐसे में इसका भविष्य क्या होगा? क्या बजट सत्र में लाया जाएगा या फिर नए सिरे से प्रस्ताव आएगा, क्योंकि औपचारिक रूप से ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। प्रस्ताव को पारित कराने के लिए उच्च सदन में बहुमत और लोकसभा में प्रस्ताव लाने वाले दल का सामान्य बहुमत होना चाहिए। यह संसद की नियमावली और संविधान में वर्णित है। ज्ञातव्य है कि फिलहाल, दोनों सदनों में इंडी गठबंधन को बहुमत नहीं है।

झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र : दूसरा दिन

## राज्य के सर्वांगीण विकास में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका अहम : मुख्यमंत्री

संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को रवींद्रनाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन को संबोधित किया। हेमंत सोरेन ने सबसे पहले रविंद्र नाथ महतो को फिर से विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका अहम है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि इस चुनाव के दौरान राज्य की जनता ने जो निर्णय सुनाया है, उस निर्णय का सम्मान करें। साथ ही कहा कि महान विभूतियों के सपने को सकार करने में भूमिका निभानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यह देश के महान विभूतियों के समर्पण और त्याग का परिणाम है। कहीं न कहीं हमारे इस लोकतंत्र का लोहा पूरी दुनिया मानता है। अलग-अलग रंग, बोली, सभ्यता-संस्कृति एक साथ मिलकर एक समूह में रहकर अपनी हर समस्या का समाधान करते हैं। आज उन महान विभूतियों के विचारों को देश आजाद होने से अब तक सम्मान करते आये हैं। उनके विचारों को अपने कंधों पर लेकर निरंतर इस लोकतंत्र को और मजबूत करने में लगे हैं।



### मुख्यमंत्री ने रवींद्र नाथ महतो को दी बधाई

मुख्यमंत्री ने रवींद्र नाथ महतो को बधाई देते हुए कहा कि आपकी अध्यक्षता में पंचम विधानसभा सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आपने बहुत ही सहनशीलता और संवेदनशीलता के साथ सदन को चलाया। सदन में पक्ष-विपक्ष होते हैं। दोनों की बीच आपने संतुलन और गरिमा को बनाये रखा। निश्चित रूप से आपने सदन की गरिमा को और मजबूत रखने में अहम भूमिका अदा की है। इसके लिए उन्होंने स्पीकर के प्रति अभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सबने सर्वसम्मति से आपको षष्टम विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में चुना है। उम्मीद और भरोसा है कि षष्टम विधानसभा भी पूर्व सत्रों की तरह हम सब मिलकर इस राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए इस मंदिर में एकत्रित होंगे और हम सब मिलकर इस राज्य के बेहतरी के लिए मिलकर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे।

## रवींद्रनाथ महतो निर्विरोध चुने गये स्पीकर

● सीएम हेमंत सोरेन ने रवींद्रनाथ महतो के नाम का प्रस्ताव रखा

संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन में रवींद्रनाथ महतो को लगातार दूसरी बार झारखंड विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया। वे निर्विरोध चुने गए। महतो चौथी बार विधानसभा चुनाव जीतें हैं। उन्होंने इस मिथक को तोड़ दिया कि कोई भी स्पीकर रहते दोबार विधायक नहीं बनता।

आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पीकर पद के लिए रवींद्रनाथ महतो के नाम का प्रस्ताव रखा। इसका मथुरा महतो ने समर्थन किया। बाद में ध्वनिमत से रवींद्रनाथ महतो को विधानसभा अध्यक्ष चुनने की घोषणा की गई। विधानसभा क्षेत्र नाला से विधायक रवींद्रनाथ महतो दूसरी बार स्पीकर बने हैं। रवींद्रनाथ महतो विधानसभा चुनाव में चौथी बार जीते हैं। महतो ने स्पीकर बनते ही इस मिथक को तोड़ दिया, कि कोई भी स्पीकर रहते दोबारा विधायक नहीं बनता। सिर्फ सीपी सिंह ने ही स्पीकर रहते दोबारा जीत हासिल की थी, लेकिन रवींद्र नाथ महतो दोबारा स्पीकर बन गये।



### सात सेटों में नामांकन दाखिल किया

इससे पूर्व सोमवार को रवींद्रनाथ महतो ने विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए सात सेटों में नामांकन दाखिल किया था। पहले सेट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रस्तावक और मथुरा प्रसाद महतो समर्थक बने थे। दूसरे में राधा कृष्ण किशोर प्रस्तावक और रामेश्वर उरांव समर्थक, तीसरे में सुरेश पासवान प्रस्तावक और नरेश सिंह समर्थक, चौथे में अरूप चटर्जी प्रस्तावक और चंद्र देव महतो समर्थक, पांचवें में बाबूलाल मरांडी प्रस्तावक और सीपी सिंह समर्थक, छठे में सरयू राय प्रस्तावक और जनार्दन पासवान समर्थक, सातवें में जयराम महतो प्रस्तावक और निर्मल महतो समर्थक के रूप में हस्ताक्षर किए थे। उल्लेखनीय है कि रवींद्रनाथ महतो सबसे पहले नाला सीट से वर्ष 2005 में जीत हासिल की थी। इसके बाद वर्ष 2009 में विधानसभा चुनाव में रवींद्रनाथ महतो को हार का सामना करना पड़ा था। वहीं 2014, 2019 और 2024 में रवींद्रनाथ महतो ने विधानसभा चुनाव में लगातार जीत हासिल की है।

## कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा का निधन



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के पूर्व विदेश मंत्री एसएम कृष्णा का आज तड़के निधन हो गया। उन्होंने 92 साल की आयु में यहां अपने घर पर आखिरी सांस ली।। वह लंबे समय से बीमार थे। केंद्र सरकार ने पिछले साल उन्हें पद्म विभूषण से अलंकृत किया था। वो इस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े थे। उनके निधन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत भाजपा और कांग्रेस के अनेक नेताओं ने शोक जताया है। एसएम कृष्णा ने 1999 से 2004 तक कर्नाटक की बागडोर संभाली। वो मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में विदेश मंत्री भी रहे। मार्च 2017 में वो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। पूर्व मुख्यमंत्री कृष्णा ने 1960 के आसपास राजनीतिक पारी की शुरूआत की थी। 1962 में उन्होंने मद्दुर विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा और कांग्रेस को हराया। पिछले साल जनवरी में उन्होंने सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया था।

## मुंबई में बेकाबू बस ने भीड़ को रौंदा, पांच लोगों की मौत, 49 घायल

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई के कुर्ला में बेस्ट बस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में घायल 49 लोगों का इलाज सायन और भाभा अस्पताल में चल रहा है। इनमें 26 की हालत गंभीर हैं। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। बस ड्राइवर संजय मोरे (54) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

कुर्ला पुलिस के अनुसार, सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे बेस्ट उपक्रम की बस (क्रमांक 332) कुर्ला से 60 यात्रियों को लेकर अंधेरी की ओर जा रही थी। एलबीएस मार्ग पर ड्राइवर संजय मोरे ने ब्रेक की बजाय एक्सीलेटर दबा दिया। इससे बस बेकाबू हो गई और राहगीरों सहित कई वाहनों को रौंदते हुए बाजार में घुसकर एक गेट से टकरा कर रुकी। इस हादसे में विजय विष्णु गायकवाड़ (70), आफरीन अब्दुल सलीम शाह (19), अनम शेख (20), कनीस फातिमा गुलाम कादरी (55), शिवम कश्यप (18) की मौत हो गई। गश्त कर रहे चार पुलिसकर्मियों सहित 49 लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल भाभा अस्पता, सायन अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है।

## डीएमएफ घोटाला ईडी ने रानू सहित 16 को बनाया आरोपित

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) घोटाला मामले में गिरफ्तार मनोज द्विवेदी को सोमवार को विशेष न्यायालय में पेश किया गया।कोर्ट ने मनोज को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भी दिया है। ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडे ने बताया कि डीएमएफ घोटाला मामले में ईडी ने निलंबित आईएएस रानू सहित 16 लोगों को आरोपित बनाया है। ईडी ने इनके खिलाफ 8021 पन्नों का अभियोजन परिवाद रायपुर की विशेष न्यायालय में दाखिल किया है, जिसमें 169 पन्नों में विस्तृत अभियोजन शिकायत है। आरोप है कि इन लोगों ने 90 करोड़ 48 लाख 22 हजार 255 रुपये का घोटाला किया है।

● द्विवेदी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया



ईडी के अधिवक्ता पांडे ने आज बताया कि विशेष न्यायालय ने ईडी की जांच में आईएएस रानू साहू, राज्य प्रशासनिक अधिकारी माया वरियार, एनजीओ के सचिव मनोज कुमार द्विवेदी और अन्य टेंडर करने वालों में संजय शिंदे, अशोक कुमार अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल, ऋषभ सोनी और रवि शर्मा, पीयूष सोनी, पीयूष साहू और अब्दुल शेखर सहित 16 आरोपितों को शामिल किया गया है। जांच में पाया गया है कि निजी कंपनियों और अधिकारियों के बीच मिल बांटकर बिल की व्यापक कीमत से अधिक का भुगतान किया गया है।

गौरतलब है कि डीएमएफ फंड घोटाला मामले में ईडी ने रानू साहू की करीबी माया वारियर से पूछताछ के बाद मनोज द्विवेदी को तीन बार पूछताछ करने कार्यालय बुलाया गया था। मनोज के संतोषजनक जवाब नहीं देने पर उसे ईडी ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने रिमांड हासिल किया था।

मिशन गगनयान > मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए चल रही तैयारियों के तहत रिकवरी ट्रायल

## इसरो ने नौसेना के साथ किए 'वेल डेक' रिकवरी ऑपरेशन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गगनयान मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय नौसेना के साथ 'वेल डेक' रिकवरी ऑपरेशन ट्रायल किये हैं। क्रू मॉड्यूल के वेल डेक रिकवरी ट्रायल पूर्वी नौसेना कमान में विशाखापत्तनम के तट पर वेल डेक शिप का उपयोग करके किए गए। गगनयान के लिए चल रही तैयारियों के तहत अभी और रिकवरी ट्रायल होंगे। इस ट्रायल में रिकवरी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो मिशन के सुरक्षा प्रोटोकॉल का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



भारत का लक्ष्य 2025 तक 400 किमी ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजने का है। इसरो के 'मिशन गगनयान' की क्रू रिकवरी टीम के पहले बैच को कोच्चि में नौसेना की जल जीवन रक्षा प्रशिक्षण सुविधा (डब्ल्यूएसटीएफ) में नौसेना के गोताखोरों और समुद्री कमांडो की एक टीम ने विभिन्न समुद्री परिस्थितियों में प्रशिक्षित किया है। इसरो के अनुसार गगनयान परियोजना में तीन सदस्यों के एक दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी की कक्षा में लॉन्च करके और भारतीय समुद्री जल में उतरा जाएगा। इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है। यह प्रशिक्षित टीम इसरो के 'मिशन गगनयान' की लॉन्चिंग टीम में शामिल होगी।

### 6 दिसंबर को किये गए थे रिकवरी ट्रायल

इसरो ने मंगलवार को बताया कि भारतीय नौसेना के साथ मिलकर गगनयान के लिए महत्वपूर्ण 'वेल डेक' रिकवरी ट्रायल 06 दिसंबर को किये गए, जो भारत के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में एक मील का पत्थर है। इसरो के अनुसार एक अच्छी डेक वाला जहाज अपने डेक पर पानी भरने की सुविधा देता है, जिससे नावों, लैंडिंग क्राफ्ट और अंतरिक्ष यान की सुरक्षित डॉकिंग और रिकवरी संभव हो जाती है। इस व्यापक प्रक्रिया में रिकवरी बॉय को जोड़ने, क्रू मॉड्यूल को खींचने, वेल डेक जहाज में प्रवेश करने, क्रू मॉड्यूल की सटीक स्थिति निर्धारित करने तथा वेल डेक से पानी निकालने के परीक्षण शामिल थे।

### रिकवरी समय को कम करना ट्रायल का उद्देश्य

इसरो ने कहा कि इस ट्रायल का प्राथमिक उद्देश्य रिकवरी समय को कम करना और क्रू मॉड्यूल के समुद्र में उतरने के बाद चालक दल के लिए कम से कम परेशानी न होने देना है। इन जटिल युद्धाभ्यासों का अभ्यास करके इसरो और भारतीय नौसेना का लक्ष्य सामान्य और अप्रत्याशित दोनों स्थितियों के लिए अपने मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को ठीक करना है। इसरो ने कहा कि गगनयान के लिए चल रही तैयारियों के तहत रिकवरी ट्रायल जारी रहेंगे। इसरो और नौसेना ने मई, 2023 में कोच्चि के वाटर सर्वाइवल ट्रेनिंग फैसिलिटी आईएनएस गरुड़ में गगनयान रिकवरी ट्रेनिंग प्लान जारी किया था।

## हंगामे के बीच संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए रही स्थगित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा और विपक्ष द्वारा एक-दूसरे पर लगातार आरोप-प्रत्यारोप लगाने और शोरशराबे के कारण मंगलवार को राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के साथ कांग्रेस के संबंधों को लेकर उन पर आरोप दोहराए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नेता जॉर्ज सोरोस द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता वाली संस्था में सदस्य हैं। विपक्ष को ये साफ करना चाहिए कि जो लोग देश की सुरक्षा, संप्रभुता के लिए खतरा हैं, उन लोगों से उनका क्या रिश्ता है। देश जानना चाहता है। उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें हमारे देश को अस्थिर करना चाहती हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया में पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गई है। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने सारे आरोपों को खारिज करते हुए इसे झूठा करार दिया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष अडाणी के मुद्दे पर चर्चा करने से भाग रहा है।

जगदीप धनखड़ ने अपने चैंबर में नड्डा और खड़गे के साथ बैठक की, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सदन सुचारू रूप से चले। कार्यवाही शुरू होने के 6 मिनट के भीतर ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से झारखंड में उबाल

संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में सर्व सनातन समाज के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों के हजारों लोगों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार और उनके मानवाधिकार हनन के खिलाफ मोरहाबादी मैदान से फिरायालाल होते हुए राज्यपाल भवन तक आक्रोश मार्च निकाला। इसके बाद मार्च राजभवन में समक्ष धरना में तब्दील हो गया। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार ने किया।



आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सोमा उरांव ने कहा कि आज हम सब बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं को समर्थन देने के लिए एकजुट हुए हैं। साथ ही आज मांग करते हैं कि जेहादियों पर कड़ी करवाई हो। उन्होंने कहा कि आज जो स्थिति बांग्लादेश में है यदि हिन्दू समाज नहीं जागा तो झारखंड में भी वह स्थिति बहुत जल्द होगी। विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त मंत्री मिथलेश्वर मिश्र ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को देखकर वेदना होती है। इससे हम सभी आक्रोशित हैं। हिन्दू समाज बसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करने वाला संप्रदाय है। हम सभी अहिंसा के पुजारी हैं लेकिन जब हमे उकसाया जाता है तो हम इसका विरोध करते हैं।
सामाजिक कार्यकर्ता बिनोद गाडयान ने कहा कि दुनियाभर के देशों ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध किया है। उन्होंने पूरी दुनिया से मांग करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हो रहे मानवाधिकार हनन के खिलाफ पूरी दुनिया आवाज उठाये। राजेन्द्र कृष्ण ने कहा कि बांग्लादेश के अस्तित्व भारत के कारण है लेकिन वहां हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। यह बेहद अफसोसजनक है। विश्व मानवाधिकार आयोग से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए।
इस्कॉन के सदस्य प्रकाश ने हिंदुओं को जागने का आह्वान किया और बांग्लादेश में हो रहे क्रूरता के खिलाफ एकजुट होने पर बल दिया। विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री याज्ञवल्कय शुक्ल ने कहा कि बांग्लादेश के उदय में लाखों भारतीयों ने अपनी शहादत दी थी। आज उनके साथ अत्याचार हो रहा है। आज बांग्लादेश में एक विचार पनप गया है कि जिसकी आबादी ज्यादा होगी वह कम आबादी वाले समाज के लोगों को जिंदा रहने नहीं देंगे। भारत एक संवेदनशील देश है। दुनिया में जहां कहीं भी लोगों के साथ अत्याचार होता है भारत अत्याचार के खिलाफ उनके साथ खड़ा होता है।
दूसरी ओर, सर्व सनातन समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में भूतेशानन्द, सरदार बिक्रम सिंह, रवि मुंडा,बिनोद गाडयान, प्रशुन रायपत, सुनीता गुप्ता सहित अन्य शामिल थे।

### प्रदर्शन और रैली

रैली के प्रतिभागियों ने नारे लगाते हुए बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मानवाधिकारों का उल्लंघन तुरंत रोका जाए।

### सभी धर्मों की सहभागिता

इस आयोजन में हिंदू, सिख, जैन, और सनातनी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर मानवता और न्याय के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की।

### जागरुकता अभियान

रैली के दौरान लोगों को बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की दुर्दशा के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें इस आंदोलन का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया गया।

### इन संगठनों के लोग हुए शामिल

चिन्मय मिशन अखिल भारतीय संत समाज समिति, मेन रोड गुरुद्वारा, श्वेताम्बर जैन समाज, बौद्ध समाज, आदिवासी समाज, बंगाली एसोसिएशन, जनजाति विकास परिषद, विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद, एकल विद्यालय और वनवासी कल्याण केंद्र।

# सदन पक्ष और विपक्ष दोनों से मिलकर चलता है: विस अध्यक्ष

शिबू सोरेन ने जिन सपनों को लेकर आंदोलन की लंबी लड़ाई लड़ी, उसे पूरा करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है



संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर रवींद्रनाथ महतो ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों, सत्तापक्ष और विपक्ष के सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो शिबू सोरेन ने जिन सपनों को लेकर आंदोलन की लंबी लड़ाई लड़ी, उसे पूरा करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। विस अध्यक्ष ने कहा कि मैं सदन के सदस्यों से आग्रह करना चाहूंगा कि लोक कल्याण के लिए ऐसी नीतियां बनाएं, ऐसे कानून बनाएं, ऐसे अधिनियम बनाएं, जिससे समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित वर्गों का उत्थान हो सके। उन्होंने कहा कि गांधी के जरिये देखे गए सपनों के अनुरूप अंतिम व्यक्ति के जीवन में सामाजिक, आर्थिक उत्थान हो सके। उन्होंने कहा कि मेरी कोशिश होगी कि मैं सभी सदस्यों को पर्याप्त समय दूं, पर्याप्त अवसर दूं। यह सदन सभी पक्षों के विचारों वाली सदन हो। सभी पक्षों के विचार यहां आने चाहिए। सहमति और असहमति हमारे लोकतंत्र की ताकत है। हम अलग-अलग विचारधाराओं से चुनकर आते हैं हालांकि अलग-अलग विचारधाराओं के बाद भी राज्य का हित सर्वोपरि हैं। महतो ने कहा कि सदन पक्ष और विपक्ष दोंनों से मिलकर चलता है। विपक्ष सरकार का आईना होता है। लोकतंत्र की यही ताकत है कि सबकी बातें सुनी जाए। सहमति से सदन चले और मेरी अपेक्षा है कि मैं सबकी सहमति से सदन चलाऊं। मैं प्रयास करूंगा कि उन्ही भावनाओं से आप सबका विचार सदन में आए और मैं निष्पक्ष रूप से सदन का संचालन कर सकूं लेकिन आप सबों से मेरी यह अपेक्षा रहेगी कि सदन निर्बाध रूप से चले। उन्होंने कहा कि मैं यहां अपने अन्तर्मन से यह कहना चाहता हूं कि हमलोग यहां पर चुनकर आते हैं और जनता की बहुत सारी अपेक्षाओं के साथ चुनकर आते हैं। साढ़े तीन करोड़ जनता की इस सदन से आशाएं बंधी है कि उनके हित में और उनके लिए इस महापंचायत से समुचित कार्य हो। इसके साथ विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को बुधवार पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। उल्लेखनीय है कि विधानसभा सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन की कार्यवाही राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अभिभाषण के साथ शुरू होगी। इसके बाद राज्य सरकार के जरिये सदन के पटल पर चालू वित्तीय वर्ष के द्वितीय अनुपूरक बजट को लाया जाएगा। अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद इसे पारित करने की कार्यवाही होगी। इसके अलावा हेमंत सरकार सदन में बहुमत साबित करने का काम करेगी। चार दिनों का यह सत्र राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद 12 दिसंबर को समाप्त होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल रघुवर दास से मिला, सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास से उनके रांची के धुर्वा स्थित आवासीय कार्यालय में मिला और पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया। सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। वैश्य मोर्चा के कार्यों की प्रशंसा करते रघुवर दास ने कहा ,पूरे प्रदेश में दौरा करें और समाज हित में काम करते रहें। मेरी शुभकामनाएं हमेशा साथ रहेगी। प्रतिनिधि मंडल में शामिल केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता, उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद एवं छात्र मोर्चा के अध्यक्ष युवराज साहु ने वैश्य मोर्चा के गतिविधियों की जानकारी दी और उन्हें भरोसा दिलाया कि वैश्य मोर्चा उनका और समाज का कभी विश्वास टूटने दिया जायेगा।

### रूपा अनंत और अंशिता राजगीर में हुई सम्मानित

**रांची।** विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक विरासत मगध की भूमि राजगीर के वीरायतन की सभागार में मगध साहित्य प्रेरणा मंच और अशोक स्मृति संस्थान हिसुआ द्वारा तीन दिवसीय मगध साहित्य प्रेरणा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में विशेष रूप से प्रेरणा पुंज आचार्य श्री ताई मां का आशीर्वाद रहा। इस कार्यक्रम में देश विदेश के विभिन्न साहित्यकारों को सम्मानित किया गया जिसमें रांची की रूपा कुमारी अनंत को दिनकर काव्य साधना सम्मान और अंशिता सिन्हा को पर्वत पुरुष दशरथ मांझी रचनाधर्मिता सम्मान से अलंकृत किया गया। साथ ही भारत सरकार, डाक विभाग द्वारा इन दोनों की तस्वीर के साथ डाक टिकट जारी किया गया।

### चलाया गया पुरुष नसबंदी अभियान

**रांची।** परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुष नसबंदी अभियान 2-21 दिसंबर 2024 तक चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय सभागार से जागरूकता रथ अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार के द्वारा रवाना किया गया। ताकि पुरुष नसबंदी की संख्या में बढ़ोतरी हो सके। इस वर्ष पुरुष नसबंदी के तहत कुल 2500 एनएसवी का लक्ष्य रांची जिला को दिया गया है। कार्यक्रम में रांची जिला के डीपीएम प्रवीण कुमार डीपीसी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए।

### बांग्लादेश सरकार से हिन्दुओं की सुरक्षा की मांग

**रांची।** बांग्लादेश में हिन्दू समाज के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरोध में अंतरराष्ट्रीय मानवधिकार दिवस के अवसर पर सर्व सनातन समाज के नेतृत्व में विराट हिन्दू रैली निकाला गया । विराट हिन्दू रैली में मुख्यरूप से विधायक रांची सीपी सिंह, श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा एवं अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू एवं श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक शामिल हुए। मिश्रा ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की कड़ी निंदा की एवं बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमले को जल्द से जल्द रोकने की मांग की। श्री मिश्रा ने बांग्लादेश सरकार से हिन्दुओ की सुरक्षा की मांग की ।

### केशव महतो ने विस अध्यक्ष को दी बधाई

**रांची।** झारखंड विधानसभा में सर्वसम्मति से मंगलवार को रवीन्द्र नाथ महतो को विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किए। साथ ही बधाई और शुभकामनाएं दी।

### सीएम ने एसएम कृष्णा के निधन पर जताया शोक

**रांची।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एसएम कृष्णा का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने मंगलवार सुबह बेंगलुरु स्थित घर पर अंतिम सांस ली। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को पोस्ट में लिखा है कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एसएम कृष्णा के निधन की दुःखद सूचना मिली।

### हेमंत और कल्पना से मिले सांसद नलिन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सांसद नलिन सोरेन तथा उनके परिजनों ने मुलाकात की।

# जयराम ने सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थियों का मुद्दा उठाया

झारखंड के लाखों अभ्यर्थी सड़कों पर हैं,

मुख्यमंत्री से किया आग्रह,सदन से बाहर आकर अभ्यर्थियों से मिले



संवाददाता

**रांची।** विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को जेएलकेएम के विधायक जयराम महतो ने अपने पहले भाषण में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थियों का मुद्दा उठाया।
जयराम महतो ने सदन में कहा कि उन्होंने छात्र आंदोलन के माध्यम से पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि झारखंड के लाखों अभ्यर्थी सड़कों पर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया कि वह सदन से बाहर आकर उन अभ्यर्थियों से मिले। वो आपके ही बच्चे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत उन्हें संतुष्ट करें और उनकी बातों को सुनें।जयराम ने इस दौरान अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे मजदूरों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य के 45 मजदूर कैमरून में फंसे हैं। उनकी सकुशल वापसी की मांग की है। जयराम नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो को धन्यवाद देने के लिए खड़े हुए थे और इस दौरान इन मुद्दों को उठाया।
इसके अलावा राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, कम्युनिस्ट पार्टी और निरसा के विधायक अरुप चटर्जी, जदयू के वरिष्ठ विधायक सरयू राय सहित अन्य ने भी स्पीकर को बधाई दी और सदन को पिछली बार की तरह उनके अनुभव का लाभ मिलने की बात कही।

### विपक्षी सदस्यों को थोड़ा अधिक अवसर दें: मरांडी

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी ने रवींद्रनाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से अपील करते हुए कहा कि विपक्षी सदस्यों को थोड़ा अधिक अवसर दें। नवनिर्वाचित सदस्यों को भी सदन में भरपूर अवसर दें। इससे राज्य की ज्वलंत समस्याओं की पहचान और समाधान में सरकार को भी मदद मिलेगी। मरांडी मंगलवार को सदन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी विधायक सदन में मामला उठाये तो उसका समाधान हो। सदन के कस्टोडियन के नाते सभी को अवसर दें। इससे नये विधायकों में आत्मविश्वास पैदा होगा।

### रवींद्रनाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर संसदीय कार्य मंत्री ने दी बधाई

**रांची।** संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने रवींद्रनाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने मंगलवार को सदन में कहा कि आपकी अध्यक्षता में मिलकर काम करेंगे। संसदीय व्यवस्था की शुचिता दिखेगी। उन्होंने कहा कि आपके जैसे व्यक्तित्व को आसन पर बैठता देख सदन के सभी सदस्य गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पिछले कार्यकाल में मैं सदन का सदस्य नहीं था लेकि मैं आपकी भूमिका से प्रभावित था।

# डीसी के निर्देश पर बालू तस्करों पर हुई कार्रवाई

लोकल थाना को सूचना दिये बगैर की गयी कार्रवाई में बालू लदे 11 वाहन पकड़े गये,कई चालक गिरफ्तार

देर रात 12 बजे से सुबह चार बजे तक चला अभियान



संवाददाता

**रांची।** सरकार गठन के फौरन बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी उपायुक्तों को बालू तस्करी पर रोक लगाते हुए सख्त कारवाई करने का आदेश जारी किया था।
जिस पर अमल करते हुए रांची उपायुक्त मंजू नाथ भजंत्री ने सदर एसडीओ को इस पर सख्त कारवाई करने का निर्देश दिया, एसडीओ ने जिला खनन पदाधिकारी की टीम को कार्रवाई करने के लिए थाने की पुलिस को जानकारी दिये बगैर बाहर से पुलिस बलों को जिम्मेवारी दे दी। उसके बाद माईनिंग इंस्पेक्टर शुभम कुमार दत्ता और इंस्पेक्टर रोशन कुमार की टीमें अनगड़ा और नामकुम के रामपुर चौक स्थित शर्मा होटल के आस पास मोर्चा संभाल लिया।
जानकारी के मुताबिक खनन पदाधिकारियों ने पुलिस बल के साथ रात 12 बजे से कारवाई शुरु कर सुबह चार बजे तक अभियान चलाया। जिसमें टीम ने नामकुम थाना क्षेत्र से बालू लदे 4 टर्बो और अनगड़ा थाना क्षेत्र से 3 हाईवा 4 आईसर ट्रक और 1 टर्बो को पकड़ लिया वहीं ईन गाड़ियों के पकड़े जाने के बाद लोकल थानों को इसकी सूचना मिल गयी उसके बाद बालू तस्करी में लगी गाड़ियां अंधेरा और कुहासे का फायदा उठा कर इधर उधर भागने में कामयाब रहीं। माईनिंग पदाधिकारियों की टीम पकड़े गये वाहनों को थाना तक पुहुंचाने में सुबह दस बजे तक मैदान में डटे रहे। इधर जिला खनन पदाधिकारी अबु बकर ने बताया कि यह अभियान डीसी के आदेश पर एसडीओ के निर्देश में चलाया गया जिसमें कुल 11 बालू लदे वाहनों को जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि बालू उठाव व तस्करी के खिलाफ आगे भी जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में चलाया जाता रहेगा।

## बर्गर बनाने वाला अपना कारोबार नहीं कर सका तो फांसी लगा दे दी जान

संवाददाता



**रांची।** करम चौक लक्ष्मी नगर रोड नम्बर 9 में किराये के कमरे में रह रहे हजारीबाग का 22 वर्षीय राजीव कुमार का शव पुलिस ने उसके कमरे से फंदे पर लटका पाया, बाद में उसे फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।
जानकारी के मुताबिक राजीव मूल रुप से हजारीबाग कर रहने वाला था, वह सुखेदव नगर थाना के लक्ष्मी नगर में किराये पर रह कर किसी दूसरे के दुकान में बर्गर बनाने का काम करता था। कुछ दिनों में जब वह काम सीख गया उसके बाद एक महीने पहले काम छोड़ कर अपना काम करने लगा, बाद में वह अपना लिए नयी दुकान करना चाहने लगा जिसके लिए उसे पुंजी की जरुरत थी। वह अपने भाईयों व दोस्तों से पैसे देने को कहा था लेकिन किसी ने उसे पैसे नहीं दिये तब से वह फ्रस्टेड रहने लगा। मंगलवार की सुबह वह अपने कमरे से बाहर निकला और पड़ोसियों से बात चात भी की उसके बाद करीब नौ बजे के बाद वह अपने कमरे चला गया और अंदर से दरवाजा लॉक कर फांसी पर झूल गया। देर तक उसका दरवाजा नहीं खुलने पर बगल में दूसरे कमरें में रह रहे उसके साथियों ने उसे आवाज दी लेकिन कोई जवाब नहीं मिला तब मामले की जानकारी सुखदेव नगर थाना पुलिस को दी गयी। पुलिस मौक पर पहुंच कर उसके भाई व दोस्तों से जायजा लेने के बाद कमरे का ताला तोड़ कर अंदर गयी तो उसे फंदे से लटका देखा गया।

## चान्हो में जमीन विवाद में घायल बसंत मुंडा की मौत



संवाददाता

**रांची ।** चान्हो थाना के ग्राम सिटी में रविवार को दो गुटों में जमीन को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्ष के लोग गंभीर रुप से जख्मी हो गये थे, जिसमें एक घायल बसंत भगत की आज ईलाज के दोरान मौत हो गयी।
मौत की खबर मिलते हुए मृतक पक्ष के सैकड़ो लोग उग्र हो गये और बिजुपाड़ा चौक को जाम कर दिया, जिससे चार घंटे तक वहां से छोटी बड़ी सभी गाड़ियों का आना जान बंद हो गया और सभी जाम में फंसी रही। जाम कर रहे ग्रामीण मृतक के परिजन को एक करोड़ मुआवजा और आरोपी को फांसी दिलाने की मांग पर अड़े थे। मालूम हो कि रविवार को सिटी गांव में जमीन विवाद में दो घंटे तक हंगामा और मारपीट की गयी थी। जिसमें कई लोग गंभीर रुप से धायल हो गये थे। जिन्हें बचाने में थाना प्रभारी भी चोटिल हुए थे। बाद में पीटाने वाले पक्ष के दर्जनों लोगों ने मारपीट करने वाले आरोपी के पिपराटोली स्थित घर में जम कर तोड़ फोड़ किया था और चाहार दिवारी गिरा दी गयी थी। बाद में सड़क जाम की सूचना पर बीडीओ सीओ और डीएसपी ने पीड़ित पक्ष के लोगों से बात की और उनकी मांगों पर विचार कर हर संभव कानूनी कार्रवाइ करने का भरोसा दिया उसके बाद जाम हटा लिया गया।

**कार्यक्रम** मांडर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुड़मा गांव में डालसा ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

# सभी को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार : सुमन ठाकुर

संवाददाता



**रांची ।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मांडर के मुड़मा गांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा मानवाधिकार दिवास मनाया गया। इस अवसर पर पीएलवी सुमन ठाकुर और पुनम देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर सुमन ठाकुर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव होने के नाते सभी को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। इसी अनुरूप आम और खास सभी को वैधानिक सुविधा प्राप्त करने का भी अधिकार है। मानव के हक की आवाज को बुलंद करने के लिए प्रत्येक साल 10 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मानव दिवस मनाया जाता है। पुनम देवी ने कहा कि डालसा का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाय। मनवाधिकार का हनन रोकने के लिए सरकार के साथ देश में कई एनजीओं और सामाजिक संगठन कार्यरत है। इस अवसर पर डालसा के पीएलवी सुमन ठाकुर, पुनम देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## कानूनी सेवा यूनिट का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**रांची ।** माननीय झालसा, रांची के निर्देश पर माननीय नालसा के द्वारा नवसंचालित-मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना-2024 के अंतर्गत डालसा, रांची में नवगठित कानूनी सेवा युनिट जिसमें डालसा सचिव सहित सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं पैनल के अधिवक्ता, एलएडीसीएस के सदस्य एवं पारा लिगल वॉलिन्टियर शामिल है, का दो दिवसीय प्रशिक्षण का दूसरे दिन भी ट्रेनिंग हॉल व्यवहार न्यायालय, रांची में नवगठित कानूनी सेवा युनिट के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया और प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर झालसा के उप-सचिव मनिष मिश्रा, एलएडीसीएस चीफ, प्रवीण कुमार श्रीवास्तवा, डालसा सचिव, कमलेश बेहरा, दिपशिखा इंस्टीच्यूट ऑफ चाईल्ड डेवलपमेंट एंड मेंटल हेल्थ के प्रधानाध्यापिका, गोपिका आनंद, सदस्य, दशरथ कच्छप समेत अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीवीसी ऑल वैली फुटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला



**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित स्वामी विवेकानंद फुटबॉल मैदान में डीवीसी के ऑल डीवीसी फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच मंगलवार को आयोजित किया गया। इस रोमांचक और संघर्षपूर्ण फाइनल में डीवीसी के मेजिया की टीम ने मैथन की टीम को 1-0 से हराकर चैंपियनशिप का खिताब जीता। मैच के उद्घाटन के लिए डीवीसी के मेंबर सेक्रेटरी डॉ. जॉन मथाई ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल में किक मारकर मैच की शुरूआत की। उन्होंने मैच के बाद खिलाड़ियों की शानदार खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि दोनों टीमों ने जबरदस्त संघर्ष किया। उन्होंने डीवीसी की आगामी योजनाओं में खेलों के आयोजन को और अधिक बढ़ावा देने की बात कही।
कार्यक्रम के दौरान एचओपी सुशील कुमार अरजरिया ने भी अपने विचार साझा किए और कहा कि फुटबॉल डीवीसी में सबसे लोकप्रिय और बड़ा खेल है। मैन ऑफ द मैच का खिताब प्रधान मुर्मू को दिया गया, जबकि मैन ऑफ द सीरीज का खिताब सुभाष यादव को प्रदान किया गया। डीवीसी के एचओपी ने मैथन की टीम के कप्तान संजय कुमार सिन्हा सहित पूरी टीम को उपविजेता ट्रॉफी दी, वहीं मेंबर सेक्रेटरी ने मेजिया की टीम के कप्तान प्रसेनजीत चक्रवर्ती सहित पूरी टीम को विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया। इस मौके पर विभिन्न रेफरी और निर्णायक भी उपस्थित थे, जिन्होंने मैच को निष्पक्ष और न्यायपूर्ण तरीके से नियंत्रित किया।

### तुपकाडीह में श्रमिक हाई स्कूल के खेल मैदान की बाउंड्री निर्माण कार्य शुरू



**बोकारो।** बोकारो जिले के तुपकाडीह में स्थित श्रमिक हाई स्कूल के खेल मैदान में चारों ओर पक्की बाउंड्री का निर्माण कार्य मंगलवार से शुरू हो गया। यह कार्य विद्यालय के विद्यार्थियों की सुरक्षा और खेल गतिविधियों की सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। बाउंड्री का निर्माण डीएमएफटी फंड से किया जाएगा, जिसमें आरसीसी ढलाई के बाद तार के नुकीले कीट लगाए जाएंगे, ताकि मैदान के चारों ओर सुरक्षा की एक मजबूत दीवार बनाई जा सके। यह कार्य तीन महीने में पूरा होने की संभावना है। विद्यालय के हेडमास्टर सृष्टिधर महतो ने बताया कि पहले यहां की बाउंड्री जर्जर और अधूरी थी, जिसके कारण विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षा और खेलकूद की गतिविधियों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लावारिस पशुओं की घुसपैठ भी मैदान में गंदगी फैलाती थी, जिससे बच्चों की शारीरिक गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं। वर्ष 1991 में सीसीएल के सीडी फंड से बनी बाउंड्री अब टूट चुकी थी। इस निर्माण कार्य का शिलान्यास बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह ने विधानसभा चुनाव से पहले किया था।

### बोकारो रत्न अवार्ड से सम्मानित देवाशीष मंडल ने समाजसेवियों और संस्था को दी बधाई



**बोकारो।** साप्ताहिक चित्र कला विद्यालय संस्थान, बोकारो द्वारा जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति बोकारो के पूर्व उपाध्यक्ष और कांग्रेस नेता देवाशीष मंडल को बोकारो रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के बाद लगातार कार्यकर्ता भोजुडीह स्थित उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दे रहे हैं। इसी क्रम में आज भी कई कार्यकर्ता श्री मंडल से मिलने उनके घर पहुंचे। इस अवसर पर श्री मंडल ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हम जैसे समाजसेवियों का मनोबल बढ़ाने वाली साप्ताहिक चित्र कला विद्यालय संस्थान के निर्देशक, प्रिंसिपल और संस्था से जुड़े सभी महानुभावों को दिल से बधाई दी जानी चाहिए। इस प्रकार के सम्मान से समाजसेवियों में और अधिक उत्साह पैदा होता है और वे समाज के उत्थान के लिए और भी अधिक तत्पर रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम सैकड़ों समाजसेवी इस सम्मान को समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए अपनी जिम्मेदारी समझते हुए काम कर रहे हैं।

### बोकारो रेलवे कॉलोनी में लगातार चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में दहशत, पुलिस प्रशासन पर उठे सवाल



**बोकारो।** बोकारो रेलवे कॉलोनी के विधान चौक स्थित एक स्टेशनरी दुकान श्री जनरल स्टोर में बीती रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान से नगदी समेत हजारों रुपये का सामान चुरा लिया। घटना का पता दुकानदार हरि नारायण को तब चला, जब उन्होंने मंगलवार सुबह अपनी दुकान खोली। दुकान का ताला टूटा हुआ था और सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था, जिसे देखकर हरि नारायण सकते में आ गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना कोई पहली बार नहीं है, बल्कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। कॉलोनी वासियों का कहना है कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण यह क्षेत्र चोरों के लिए सुरक्षित बन चुका है।

# मजदूरों ने कंपनी के कार्यस्थल पर प्रदर्शन कर कामकाजी गेट को किया जाम

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो थर्मल के स्थानीय और विस्थापित मजदूरों ने मंगलवार की सुबह डीवीसी बोकारो थर्मल बी पावर प्लांट में कार्य करने वाली कंपनी राधा स्मेल्टर्स के मजदूरों को प्लांट में ड्यूटी पर जाने से रोक दिया। मजदूरों का आरोप था कि कंपनी ने गोविंदपुर के मजदूर रंजन महतो को पिछले तीन महीनों का बकाया भुगतान नहीं किया है। जब मजदूरों ने बार-बार भुगतान की मांग की, तो कंपनी ने इसे टालने की कोशिश की, जिसके बाद मजदूरों ने विरोध प्रदर्शन किया और कामकाजी गेट को जाम कर दिया।
इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। थाना इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ वहां पहुंचकर कंपनी प्रबंधन और मजदूरों के बीच वार्ता करवाई। इसके बाद कंपनी ने मजदूरों के बकाए का भुगतान करने का आश्वासन दिया और मामला सुलझाने के बाद कामकाजी गेट पर लगा जाम हटा लिया गया। मजदूरों का आरोप था कि कंपनी उनके साथ अनुचित व्यवहार कर रही थी, लेकिन पुलिस की मदद से मामला शांत हुआ और कामकाजी प्रक्रिया सामान्य हो गई।

## नववर्ष उत्सव पर दिल्ली में निखिल-शिष्यों का होगा विराट समागम

### श्री सायुज्य क्रिया-योग महोत्सव में भाग लेंगे झारखंड के साधक



संवाददाता

**बोकारो।** परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद जी डॉ. नारायण दत्त श्रीमाली जी की दिव्य छत्रछाया में दिल्ली के पीतमपुरा स्थित आरोग्यधाम में निखिल मंत्र विज्ञान के सौजन्य से दो दिवसीय श्री सायुज्य क्रिया योग महोत्सव का आयोजन आगामी 28 और 29 दिसम्बर को होगा। इस शिविर में देश-विदेश से आये हजारों की संख्या में निखिल साधकों को पूज्य गुरुदेव श्री नंदकिशोर श्रीमाली जी गुरु दीक्षा के साथ-साथ श्री सायुज्य क्रियायोग की विशेष शक्तिपात दीक्षा प्रदान करेंगे। सिद्धाश्रम साधक परिवार, बोकारो के अध्यक्ष पी एन पांडेय एवं महासचिव विजय कुमार झा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नववर्ष के स्वागत में आयोजित उक्त महोत्सव में बोकारो, धनबाद, देवघर व जमशेदपुर सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से भारी संख्या में निखिल शिष्य शामिल होंगे। कार्यक्रम में झारखंड से अधिकाधिक साधकों की भागीदारी को लेकर सभी जिलों में निखिल मंत्र विज्ञान के कार्यकताओं की बैठकें हो रही हैं और इसके लिए प्रचार-प्रसार किये जा रहे हैं।
उन्होंने बताया कि दिल्ली के पीतमपुरा स्थित आरोग्यधाम में 28-29 दिसम्बर, 2024 को निखिल मंत्र विज्ञान एवं सिद्धाश्रम साधक परिवार के सौजन्य से नववर्ष का उक्त विशेष उत्सव शिष्यों को नवीन प्रेरणा, नवीन चेतना और नवीन ऊर्जा प्रदान करने के लिए सम्पन्न किया जाता है।
उक्त महोत्सव के माध्यम से पूज्य गुरुदेव अपने शिष्यों में आध्यात्मिक चेतना का संचार करेंगे, जो वर्तमान समय में हर मानव के लिए आवश्यक है। निखिल मंत्र विज्ञान के संयोजक श्रीराम चैतन्य शास्त्री एवं मनोज भारद्वाज ने भी नववर्ष 2025 के आगमन से पूर्व आरोग्यधाम की पुण्य धरा पर आयोजित इस महोत्सव को सफल बनाने का आह्वान सनातन धर्मियों व साधकों से किया है।

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर बोकारो में कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता



**बोकारो।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बोकारो जिला समिति मानव अधिकार मिशन द्वारा बोकारो परिसदन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बोकारो जिला समिति और हजारीबाग समिति की ओर से मानवाधिकार के महत्व पर गहरी चर्चा की गई और विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया।
बोकारो जिला मानव अधिकार मिशन के अध्यक्ष किरण चंद्र बाउरी ने अपने संबोधन में कहा कि 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा की गई, जिसने पूरी दुनिया में मानवाधिकारों को लेकर एक नया दृष्टिकोण स्थापित किया। उन्होंने यह भी बताया कि 1993 में मानवाधिकारों को मान्यता मिलने के बाद से यह अधिकार पूरी मानव जाति के लिए महत्वपूर्ण बन गए हैं और आज हम सभी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हैं। कार्यक्रम के दौरान बोकारो समिति के सदस्यों को परिचय पत्र वितरित किए गए, जिसे हजारीबाग प्रमंडल अध्यक्ष करण सिंह चौधरी और बोकारो जिला अध्यक्ष किरण चंद्र बाउरी ने प्रदान किया। साथ ही, शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने मानवाधिकारों की रक्षा करने और उन्हें बढ़ावा देने की कसम खाई। इसके बाद, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए एक पैदल मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च में भाग लेने वाले सभी सदस्य बोकारो उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति महामहिम के नाम पर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर संयुक्त राष्ट्र संघ की चुप्पी की आलोचना की गई और उनके प्रति कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।कार्यक्रम में राकेश सिंहा, कृष्णा महथा, चंदन सिंह, अजीत मुर्मू, विनोद कुमार सोरेन, संदीप कुमार महतो, डॉ. धीरेंद्र नाथ तिवारी, अनिल कुमार गोप, मोहम्मद मुस्ताक अंसारी, मृत्युंजय महतो, ताज मोहम्मद, मोहम्मद एनुअल, शोभित सिंह, प्रकाश कुमार, शेखर चंदन कुमार, मनोज कुमार सिंह, रूपेश कुमार मिश्रा, किरण चांद महतो, दयनाथ तिवारी, दिनेश कुमार मांझी, सूरज पासवान, दिलीप कुमार महतो, अताउद्दीन अंसारी, करमचंद गोप, संजय, अखिलेश शर्मा, लक्ष्मी शर्मा सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे। यह कार्यक्रम न केवल मानवाधिकारों की रक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का एक प्रयास था, बल्कि समाज में समानता और न्याय के लिए एक मजबूत संदेश भी था।

## रिमोट सेंसिंग और जीआईएस के अनुसंधान में अनुप्रयोग पर कार्यशाला का दूसरा दिन

संवाददाता



**सिंदरी/ बोकारो।** बीआईटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग में झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद रांची द्वारा प्रायोजित रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुसंधान में अनुप्रयोग विषय पर आयोजित एक सप्ताह की कार्यशाला के दूसरे दिन दो सत्रों में एक्सपर्ट लेक्चर सीरीज का आयोजन किया गया। पहले सत्र में रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ० माया राजनारायण रे, सहप्राध्यापक, बीआईटी सिंदरी और डॉ० विकास कुमार विद्यार्थी, सहायक प्राध्यापक, एनआईटी रायपुर ने अपने-अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। डॉ० माया राजनारायण रे ने रिमोट सेंसिंग और जीआईएस के माध्यम से जल संसाधन प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ० विकास कुमार विद्यार्थी ने भूमि उपयोग और भूमि कवर विश्लेषण तथा पूवार्नुमान में रिमोट सेंसिंग और मशीन लर्निंग तकनीकों के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। दूसरे सत्र में डॉ० सुचारीता प्रधान, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र भुवनेश्वर ने जलग्रहण क्षेत्र योजना और प्रबंधन में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुप्रयोग विषय पर ऑनलाइन माध्यम से व्याख्यान दिया।
कार्यशाला के संयोजक डॉ० जीतू कुजूर ने रिसोर्स पर्सन डॉ० विद्यार्थी को सम्मानित किया, जबकि समन्वयक डॉ० कोमल कुमारी ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद देते हुए आगामी दिनों के विषयों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न विभागों के शिक्षकों और छात्रों सहित अन्य संस्थानों के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी की।

## चास नगर निगम में सफाई व्यवस्था और अवैध जलापूर्ति कनेक्शन के खिलाफ बैठक



संवाददाता

**बोकारो।** मंगलवार को चास नगर निगम सभागार में सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह और प्रियंका कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर प्रबंधक, सिटी मिशन मैनेजर, सहायक अभियंता, और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।
बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना और डोर-टू-डोर कचड़ा उठाव को सुचारू रूप से लागू करना था।बैठक में सबसे पहले चास नगर निगम क्षेत्र के 35 वार्डों में सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कचड़ा उठाव, और संबंधित अन्य सेवाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों और कर्मियों के बीच वार्डों का बंटवारा किया गया, और यह निर्देश दिए गए कि वे प्रतिदिन कम से कम 50 घरों में कचड़ा उठाव से संबंधित सर्वेक्षण/फीडबैक फार्म भरकर उसे नगर निगम कार्यालय में जमा करेंगे। सर्वेक्षण में शहरी सुविधाओं से लेकर सफाई, जलापूर्ति, अवैध निर्माण, होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, यूजर चार्ज और वार्डों में साफ-सफाई की व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी देने की आवश्यकता होगी। सभी कर्मचारियों से यह भी अपेक्षित किया गया कि वे प्रत्येक दिन डोर-टू-डोर किए गए विजिट का रिपोर्ट नगर निगम में प्रस्तुत करेंगे। बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त श्री संजीव कुमार ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शहर में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है। इसके अलावा, उन्होंने शहर में अवैध जलापूर्ति कनेक्शन को बंद कराने के लिए विशेष धावा टीम गठित करने का भी निर्देश दिया और टीम को आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए। इस बैठक के माध्यम से नगर निगम प्रशासन ने साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ अवैध जलापूर्ति कनेक्शन पर भी कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया, ताकि नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं मिल सकें और शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जा सके।

## वित्त एवं वाणिज्यिक क्विज-2024 का आयोजन



संवाददाता

**बोकारो।** सेल बोकारो स्टील प्लांट के अधिकारियों को समसामयिक वित्तीय, लागत, कॉर्पोरेट वित्त और वाणिज्यिक विषयों से अवगत कराने के उद्देश्य से मंगलवार को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वित्त एवं वाणिज्यिक क्विज - 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बोकारो स्टील प्लांट में कर्मचारियों की क्षमता में सुधार और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए किया गया। इस आयोजन में मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) सुजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्विज प्रतियोगिता में सेल बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों से कुल 18 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों को कंपनी के वित्तीय एवं वाणिज्यिक कामकाजी पहलुओं से परिचित कराना था, ताकि वे कंपनी के वित्तीय निर्णयों और योजना प्रक्रियाओं में बेहतर योगदान दे सकें। इस आयोजन को ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की महाप्रबंधक सुश्री नीता बा और सहायक महाप्रबंधक अमित आनंद के मार्गदर्शन में व्यवस्थित किया गया। क्विज मास्टर के रूप में वित्त एवं लेखा विभाग के उप महाप्रबंधक अनुराग सिंघल और उप प्रबंधक निशांत कुमार ने प्रतियोगिता का संचालन किया। प्रतियोगिता में स्टील रिफ्रैक्टरी यूनिट की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पर स्टील रिफ्रैक्टरी यूनिट की ही एक अन्य टीम रही, और तृतीय स्थान पर बीएसएल के सिंटर प्लांट की टीम रही। मुख्य अतिथि सुजय कुमार ने इस प्रकार के आयोजनों को कर्मचारियों के लिए बेहद लाभकारी बताया और भविष्य में इस तरह के कार्यक्रमों को आयोजित करने की बात कही।

**कार्यशाला** ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में बढ़ती महिला हिंसा पर कार्यशाला का आयोजन

# तकनीक के सहारे से महिला हिंसा में हो रही है वृद्धि :पुष्पा

संवाददाता



**बोकारो।** ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में बढ़ते महिला हिंसा पर आज सहयोगिनी संस्था द्वारा बहादुरपुर कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बाराडीह की मुखिया पुष्पा देवी , बाल कल्याण समिति सदस्य वरीय अधिवक्ता प्रीति प्रसाद ,सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर में संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया पुष्पा देवी ने कहा कि तकनीक का दुरुपयोग कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में महिलाओं पर हिंसा की संख्या बढ़ती जा रही है। जिसे जन जागरूकता के माध्यम से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म में महिलाओं पर ज्यादा प्रहार हो रहा है। साइबर अपराधी महिला को टारगेट कर परेशान कर रहे है। जिस पर अंकुश लगाना जरूरी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडब्लूसी सदस्य सह अधिवक्ता प्रीति प्रसाद ने कहा कि मानव तस्करी, फेक विवाह, जालसाजी के माध्यम से महिला हिंसा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि साइबर हिंसा, महिलाओं के खिलाफ होने वाला एक गंभीर अपराध है। यह कई रूपों में होती है, जैसे कि साइबर उत्पीड़न, बदला लेने वाला पोर्न, बलात्कार की धमकियां, यौन उत्पीड़न, हत्या, साइबर बुलीइंग, साइबर स्टॉकिंग प्रमुख है। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि साइबर हिंसा से महिलाओं को मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचता है और उन्हें राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में डिजिटल भागीदारी से रोका जाता है। साइबर हिंसा में अपराधी साथी या पूर्व साथी, सहकर्मी, सहपाठी या अज्ञात व्यक्ति हो सकता है, जिससे हमें सावधान रहना है। साइबर हिंसा से निपटने के लिए, भारतीय दंड संहिता 2000 का आई टी कानून और 2021 के आई टी रूल्स जैसे कानून हैं। साइबर क्राइम की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल किया जा सकता है। कुमारी किरण ने कहा कि जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ महिलाओं को जागरूक होने की जरूरत है। साथ ही महिलाओं के खिलाफ साइबर हिंसा का मुख्य कारण लैंगिक असमानता है। जिन महिलाओं में एक से ज्यादा सामान्य रूप से लक्षित विशेषताएं होती हैं, उन पर ज्यादा हमला किया जा सकता है। कार्यक्रम को सहयोगिनी के गौतम सागर, अनिल कुमार हेंब्रम, मंजू देवी सनी कुमार, रवि राय, प्रतिमा सिंह, विनीता देवी, सूरजमानी देवी ,अमित कुमार सोरेन, नीतू कुमारी, निक्की कुमारी, संगीता देवी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार ने किया।

## बलियापुर थाना परिसर की मापी कराई गई, चाहरदिवारी के निर्माण की तैयारी

संवाददाता



**बलीयापुर/ बोकारो।** मंगलवार की सुबह बलियापुर अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के निर्देश पर अंचल अमीन द्वारा थाना परिसर की मापी कराई गई, ताकि वहां चार दिवारी का निर्माण किया जा सके। यह कदम थाना परिसर में अनियंत्रित निर्माण कार्यों और वहां उत्पन्न होने वाली समस्याओं को सुलझाने के लिए उठाया गया है।कुछ दिन पहले बलियापुर थाना प्रभारी ने सूचना दी थी कि थाना परिसर में किसी प्रकार के निर्माण कार्य को कुछ व्यक्तियों द्वारा लगातार रोका जा रहा है और अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। यह समस्या पहले से बनी हुई थी, जिससे थाना परिसर में विकास कार्य ठप पड़ा हुआ था। थाना प्रभारी ने इस मुद्दे को अंचल अधिकारी के समक्ष उठाया था और इसके समाधान के लिए कार्रवाई की मांग की थी। तत्पश्चात, अंचल अधिकारी ने स्थिति का जायजा लेने के लिए थाना परिसर का निरीक्षण किया और मापी कराने का निर्णय लिया। मापी के दौरान अंचल अमीन ने सभी जरूरी माप किए, ताकि वहां चार दिवारी का निर्माण कर पूरी तरह से परिसर को सुरक्षित और व्यवस्थित किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### परिवार नियोजन के तहत शिविर का आयोजन

**गिद्धौर/ चतरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को परिवार नियोजन के तहत एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 10 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। यह शिविर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किया गया था और महिलाओं की सेहत और परिवार नियोजन के उपायों को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया। चिकित्सकों की टीम ने इस शिविर के दौरान बंध्याकरण की प्रक्रिया पूरी की। शिविर में स्वास्थ्य केंद्र द्वारा बताया गया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से सुरक्षित है और यह महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इस शिविर का आयोजन हर मंगलवार को किया जाएगा। इस शिविर को लेकर गांव-गांव में जागरूकता फैलाने के लिए सहिया दीदी, सहिया साथी और एएनएम-जीएनएम को निर्देश दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इस परिवार नियोजन के कार्यक्रम का हिस्सा बन सकें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके स्वास्थ्य और परिवार नियोजन के उपायों के बारे में जागरूक किया गया, ताकि वे सुरक्षित और बेहतर जीवन जी सकें। यह शिविर महिलाओं की भलाई और उनकी सेहत के प्रति स्वास्थ्य विभाग के प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

### गिद्धौर विवेकानंद क्लब ने आरसीए जूनियर को 120 रनों से हराकर जीता खिताब

**गिद्धौर/ चतरा।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित लीग मैच के तहत मंगलवार को विवेकानंद गिद्धौर और आरसीए जूनियर के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मैच में विवेकानंद गिद्धौर ने आरसीए जूनियर को 120 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। मैच की शुरूआत में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी विवेकानंद गिद्धौर की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 8 विकेट खोकर 191 रन बनाए। गिद्धौर की ओर से रूपेश ने नॉट आउट रहते हुए 42 रन और अखिलेश ने 22 रन का योगदान दिया। इसके अलावा, कुछ अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी रन बनाए, जिससे टीम ने एक मजबूत कुल खड़ा किया। आरसीए जूनियर के गेंदबाजों ने अच्छा प्रयास किया, जिसमें तरुण ने 3 और अमन ने 2 विकेट चटकाए, लेकिन गिद्धौर के बल्लेबाजों ने पूरी तरह से दबदबा बनाया।आरसीए जूनियर की टीम जवाबी पारी खेलने उतरी तो उनका प्रदर्शन पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुआ। पूरी टीम 18.1 ओवर में सभी विकेट खोकर सिर्फ 71 रन ही बना पाई। गिद्धौर के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। सौरभ कुमार ने 4 ओवर में सिर्फ 15 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि रूपेश ने 5 ओवर में केवल 3 रन देकर 3 विकेट लिए। दोनों गेंदबाजों की गेंदबाजी ने आरसीए जूनियर के बल्लेबाजों को पूरी तरह से पस्त कर दिया। रूपेश की शानदार गेंदबाजी और अचूक प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इस तरह से गिद्धौर विवेकानंद क्लब ने आरसीए जूनियर को 120 रनों से हराकर लीग मैच में जीत हासिल की। इस महत्वपूर्ण मैच के बाद एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह, जिला क्रिकेट अध्यक्ष प्रेम कुमार राणा, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, सदस्य मिथिलेश राय सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौके पर उपस्थित थे और विजेता टीम को सम्मानित किया।

### मनरेगा योजना का निरीक्षण, लोकपाल संध्या प्रधान द्वारा योजनाओं का विस्तृत निरीक्षण



**लावालौंग।** लावालौंग प्रखंड के मांधनिया और लावालौंग पंचायतों में मंगलवार को मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया और उनके क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण में प्रमुख रूप से मिश्रित बागवानी योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना और डोभा योजना का मूल्यांकन किया गया। प्रारंभिक तौर पर अधिकांश योजनाएं संतोषजनक पाई गईं, हालांकि कुछ योजनाओं में धीमे कार्यप्रवाह और अधूरे पड़े कार्यों की पहचान की गई। लोकपाल संध्या प्रधान ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द इन योजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कुछ दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक समय पर पहुंच सके। निरीक्षण के दौरान लावालौंग बीपीओ निरंजन कुमार सिंह, रोजगार सेवक मनोरंजन कुमार, नौशाद आलम, राजेश कुमार और अन्य कई ब्लॉक कर्मी तथा लाभुक उपस्थित थे। इस निरीक्षण के दौरान लोकपाल ने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी योजनाओं का सही तरीके से संचालन हो और किसी भी तरह की अनियमितता से बचा जाए। उन्होंने ग्रामीणों और लाभार्थियों से संवाद भी किया, ताकि उनकी समस्याओं को समझा जा सके और समाधान निकाला जा सके।

# वशिष्ठ नगर जोरी थाना प्रभारी पर भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों का आरोप, प्रशासनिक कार्रवाई की मांग

संवाददाता



**हंटरगंज/ चतरा।** हंटरगंज प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने वशिष्ठ नगर जोरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं और उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है।

ममता कुमारी ने पुलिस अधीक्षक को भेजे एक पत्र में दावा किया है कि थाना प्रभारी प्रभात कुमार के संरक्षण में अवैध खनन, शराब तस्करी और ग्रामीणों से अवैध वसूली की जा रही है।प्रमुख ममता कुमारी ने बताया कि थाना प्रभारी के संरक्षण में बालू से अवैध वसूली हो रही है, जबकि शराब तस्करी का कारोबार भी धड़ल्ले से चल रहा है। आरोप है कि शराब को बिहार राज्य में भेजा जा रहा है। इसके अलावा, थाना क्षेत्र में पोस्ते की खेती के लिए मोटी रकम लेकर अनुमति दी जा रही है। प्रमुख ने यह भी कहा कि जब आम जनता किसी मामले की एफआईआर दर्ज कराने जाती है, तो उनसे पैसे की मांग की जाती है, जिससे जनता में आक्रोश बढ़ गया है। ममता कुमारी ने एक और गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि 1 दिसंबर 2024 को बिहार के नवाडीह निवासी राजू यादव अपनी ट्रेलर गाड़ी की दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए वशिष्ठ नगर थाना पहुंचे थे।

वहां उनसे 30,000 रुपये की रिश्वत की मांग की गई। राजू यादव ने इस बात की जानकारी प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव को दी। जब कमलेश यादव ने हस्तक्षेप किया, तो उनसे भी 20,000 रुपये की रिश्वत की मांग की गई। आरोप है कि पैसे न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। प्रमुख ने कहा कि इस अवैध मांग का प्रमाण स्वरूप साक्ष्य भी मौजूद है और जरूरत पड़ने पर यह साक्ष्य पेश किया जाएगा। प्रमुख ममता कुमारी ने पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया है कि वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी को हटाकर उनके खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही पत्र की प्रतिलिपि पुलिस महानिदेशक रांची, पुलिस उपाधीक्षक चतरा और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को भी भेजी गई है। प्रमुख ने डीएसपी मुख्यालय से भी मुलाकात की और जोरी थाना प्रभारी को हटाने की मांग की है। वहीं जोरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने इन आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि वे हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी को पहचानते तक नहीं हैं, हां, उनके पति कमलेश यादव से मुलाकात हो चुकी है। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि वे अफीम और ब्रॉउन सुगर के खिलाफ मुहिम चला रहे हैं, जिससे इस तरह के आरोप सामने आ रहे हैं।

## पंचायत समिति की कार्यकारिणी की बैठक में 45 योजनाओं को मिली प्रशासनिक स्वीकृति



संवाददाता

**गिद्धौर/ चतरा।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख अनीता यादव की अध्यक्षता में बैठक का संचालन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव भी उपस्थित रहे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2022-23 में लंबित योजनाओं के भुगतान और उन्हें शीघ्र पूरा करने के लिए निर्णय लेना था। इसके अलावा, बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में प्रस्तावित करीब 45 योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। सभी सदस्यों की सहमति से इन योजनाओं को शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने यह भी कहा कि पूर्व की योजनाओं के भुगतान और उन्हें जल्द पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि लोगों को लाभ मिल सके। बताया गया कि ये सभी योजनाएं पंचायत समिति के 15वीं वित्त आयोग की राशि से बनेंगी।

बैठक में उप प्रमुख प्रीतम यादव, प्रखंड प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी दिगंबर पांडेय, प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, एसीओ शेखर कुमार, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, लालो साहू, कामेश्वर भुइयां, रहमती प्रवीण, प्रियांशु देवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। इस बैठक में योजनाओं की सफलता को लेकर सभी सदस्यों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की बात की और अधिकारियों को योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## जवादोहर विद्यालय से चोरी गया सोलर पैनल बरामद, चार गिरफ्तार



संवाददाता

**हंटरगंज /चतरा।** हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जवादोहर से चोरी गया सोलर पैनल हंटरगंज पुलिस ने मंगलवार को बरामद कर लिया और चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रविवार रात को अज्ञात चोरों ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जवादोहर से सोलर पैनल की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। सोमवार को स्कूल खुलने पर चोरी की जानकारी मिली, जिसके बाद मंगलवार को ग्रामीणों ने एक बैठक की और इस घटना की गहन जांच पड़ताल की। बैठक में ग्रामीणों ने पांच संदिग्ध व्यक्तियों को बुलाया और उनसे सख्ती से पूछताछ की। कड़ी पूछताछ के दौरान इन व्यक्तियों ने सोलर पैनल चोरी करने की बात स्वीकार की। इसके बाद, चोरी के संबंध में जानकारी पुलिस को दी गई। हंटरगंज पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्धों को थाना ले आई और एक सोलर पैनल बरामद किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस घटना से ग्रामीणों में काफी नाराजगी है और उन्होंने इस प्रकार की घटनाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस की कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने सोलर पैनल की चोरी करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाने की आशा जताई है।

## गिरिडीह में मानवाधिकार दिवस पर बाल अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



संवाददाता

**गिरिडीह।** बनवासी विकास आश्रम और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से गिरिडीह जिले के उत्क्रमित मध्य विद्यालय योगिटांड़, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बगोदर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पलमा और अन्य विद्यालयों में मानवाधिकार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों और समुदाय को बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह, और बाल यौन शोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर जागरूक किया गया।।कार्यक्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय पलमा के शिक्षक दिनेश मंडल ने बच्चों के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक को कई मूलभूत अधिकार दिए गए हैं, जिनमें स्वतंत्रता का अधिकार, जीवन जीने का अधिकार, शिक्षा का अधिकार आदि शामिल हैं। उन्होंने बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य के लिए जागरूक किया।बनवासी विकास आश्रम के सामुदायिक कार्यकर्ता उत्तम कुमार ने इस कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बाल अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दिशा में आयोजित किए गए इस तरह के कार्यक्रम बेहद प्रभावी साबित हो रहे हैं, जो बच्चों और समुदाय के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं।।इस कार्यक्रम में बनवासी विकास आश्रम के सामुदायिक कार्यकर्ता भागीरथी देवी, मुकेश कुमार, रूपा कुमारी, उदय सोनी, सहायक शिक्षक वासुदेव सोरेन और सहायक शिक्षिका शीला देवी ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

## गिरिडीह में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ राष्ट्रीय अभियान पर कार्यशाला आयोजित



संवाददाता

**गिरिडीह।** डीआरडीए सभागार में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती स्नेह कश्यप की अध्यक्षता में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ राष्ट्रीय अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बालिकाओं के लिए अधिक अवसरों की पेशकश, शिक्षा, कानूनी अधिकार, चिकित्सा सेवाएं, महिलाओं के प्रति हिंसा, बाल विवाह, गुड टच-बैड टच, जेंडर समानता, यौन उत्पीड़न, बालकों से संबंधित कानून और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, बाल हिंसा, यौन शोषण और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर एक ऐसी जगह है, जहां महिलाओं को एक ही छत के नीचे कानूनी सहायता, स्वास्थ्य सेवाएं, मानसिक सलाह, और रहने की सुविधा प्रदान की जाती है। इसके अलावा, सखी वन स्टॉप सेंटर के कार्यकताओं ने इस केन्द्र की कार्यप्रणाली और इसके द्वारा महिलाओं को मिलने वाली मदद के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना₹ के तहत लिंग आधारित भेदभाव को कम करने, बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और उनके अस्तित्व व सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इस योजना के माध्यम से बालिकाओं के अधिकारों को संरक्षित किया जा रहा है और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। कार्यशाला में उपस्थित सभी महिला कार्यकताओं और समुदाय की महिलाओं से आग्रह किया गया कि वे इन योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठाएं और समाज में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करें। सखी वन स्टॉप सेंटर की कर्मियों ने कानूनी सहायता के टोल फ्री नंबर 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ जन आक्रोश रैली का आयोजन

**लावालौंग।** लावालौंग प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे बर्बरता पूर्ण अत्याचारों के खिलाफ एक विशाल जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों और उनके खिलाफ हो रही हिंसा के खिलाफ विरोध व्यक्त करना था। रैली के आयोजन के दौरान स्थानीय लोग अपनी दुकानें बंद कर इसके समर्थन में शामिल हुए। रैली में हजारों की संख्या में लोग यज्ञशाला परिसर लावालौंग में एकत्र हुए, जहां सभा का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं ने बांग्लादेश सरकार से हिंदू समुदाय की सुरक्षा की मांग की और वहां हो रही हिंसा के खिलाफ कड़ा विरोध जताया। सभा के बाद पूरे लावालौंग क्षेत्र में जन आक्रोश रैली निकाली गई। इस दौरान विभिन्न नारे लगाए गए, जैसे बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाओ, हिंदुओं पर अत्याचार नहीं सहेंगे, और इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को रिहा करो। रैली का नेतृत्व करने वालों में शंकर साहू, खगेश्वर साहू, नीरज चंद्रवंशी, उमेश ठाकुर, विवेक केसरी समेत कई प्रमुख नेता शामिल थे।

### मीरा कुमारी ने भारतीय संविधान के तहत महिलाओं के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता



**गिरिडीह।** मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय पीरटांड़ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन माननीय नालसा नई दिल्ली, राष्ट्रीय महिला आयोग और माननीय झालसा रांची के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गिरिडीह, श्री अरविंद कुमार पांडेय ने की। इस कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता श्रीमती मीरा कुमारी ने भारतीय संविधान के तहत महिलाओं के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समान कार्य के लिए समान वेतन, तेजाबी हमलों, बलात्कार, अपहरण, दहेज प्रताड़ना और वेश्यावृत्ति जैसे मामलों में सरकार द्वारा दी जाने वाली कानूनी सहायता और मुआवजे के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत महिलाओं के अधिकारों को लेकर विशेष प्रावधानों पर भी चर्चा की। रविकांत शर्मा, सहायक एलएडीसीएस जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गिरिडीह ने भी महिलाओं को उनके अधिकारों और कानून के तहत मिलने वाली मदद के बारे में जागरूक किया। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, पेय जल विभाग, और जेएसएलपीएस की 20-20 महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे घरेलू हिंसा, शोषण या किसी भी प्रकार की परेशानी से निपटने के लिए सही कदम उठा सकें। अगर किसी महिला को किसी प्रकार की समस्या का सामना हो, तो वह 15100 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहन राम, मुकेश कुमार, बिनोद कुमार, बीरबल किस्कू और संगीता कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण

संवाददाता



**गिद्धौर/ चतरा।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को विशेष रूप से गर्म वस्त्रों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 40 बच्चों को दो-दो सेट गर्म वस्त्र वितरित किए गए, ताकि ठंड के मौसम में वे सुरक्षित और आरामदायक रह सकें। वार्ड सदस्य ममता देवी और झामुमो नेता यदुनंदन पांडेय ने संयुक्त रूप से इन गर्म वस्त्रों का वितरण किया। यह वितरण बाल विकास परियोजना द्वारा प्राप्त गर्म वस्त्रों के तहत किया गया, जो ठंड को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिया गया। आंगनबाड़ी सेविका कांति देवी ने इस वितरण कार्यक्रम का संचालन किया, और कहा कि बच्चों की भलाई के लिए यह कदम बहुत महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, सहायिका और अन्य स्थानीय लोग भी मौजूद थे। इस वितरण के माध्यम से बच्चों को सर्दी से बचाने के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा की जा रही अन्य सामाजिक योजनाओं के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम ठंड के मौसम में बच्चों की सेहत और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सराहनीय प्रयास था।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, बुधवार 11 दिसंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### बीसीसीएल बरोरा एरिया में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

**धनबाद।** धनबाद के बीसीसीएल बरोरा एरिया स्थित एएमपी कोलियरी माइंस और केकेसी लिंक साइडिंग की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मंगलवार को द्विपक्षीय समिति ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति ने सुरक्षा उपायों की गहन समीक्षा की और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए। समिति के सदस्यों ने कहा कि उत्पादन के साथ-साथ सुरक्षा सर्वोपरि है और इसके साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। इस मौके पर आईएसओ के किशोर यादव और सोमेन राय, सुरक्षा कमेटी के आरपी सिंह, आरके तिवारी, एम पाल, और संतोष गोराई सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे। बरोरा एरिया के जीएम पियूष किशोर, एजीएम जीके मेहता और पीओ काजल सरकार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### झरिया के ऐना मार्ग पर मेडिकल दुकानदार से लूटपाट, राहगीरों में दहशत

**धनबाद।** धनबाद के झरिया थाना क्षेत्र में ऐना मार्ग पर शनिवार की रात अपराधियों ने मेडिकल दुकानदार शाहिद अंसारी से करीब 12 हजार रुपये नकद, बाइक और दवा की पेटी लूट ली। भुक्तभोगी शाहिद अंसारी मेमको मोड़ से अपनी मेडिकल दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। रास्ते में करीब 17-18 साल के एक दर्जन युवकों ने उनकी बाइक को रोक लिया और लूटपाट शुरू कर दी। शाहिद अंसारी ने बताया कि अपराधियों ने उनकी बाइक जेएच 10 बीएस- 1363, नकदी और दवाओं के साथ मारपीट भी की। घटना के बाद उन्होंने 100 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐना मार्ग पर चार साल पहले लगातार लूटपाट की घटनाएं होती थीं, लेकिन हाल के वर्षों में यह घटनाएं बंद हो गई थीं। इस घटना से राहगीरों में दहशत का माहौल है, और लोगों ने झरिया पुलिस से ऐना मार्ग पर गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति, श्यामनगर ने बनाई नई कार्यकारिणी, समाजसेवा को मिलेगा बढ़ावा

**धनबाद।** धनबाद के भूली श्यामनगर में सक्रिय नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति ने अपनी नई कार्यकारिणी समिति का गठन कर समाजसेवा के प्रति अपने कार्यों को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह समिति बीते पांच वर्षों से रक्तदान शिविर और जरूरतमंदों के लिए भोजन वितरण जैसे कार्यों में जुटी हुई है। संस्था के अध्यक्ष राकेश कांति बिस्वास ने कहा कि समिति का उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा के साथ अपनी गतिविधियों का विस्तार करना है। हर वर्ष दो रक्तदान शिविर आयोजित करने और जरूरतमंदों की हरसंभव मदद करने का लक्ष्य समिति ने तय किया है। नई कार्यकारिणी में राजेंद्र प्रसाद साव और गुरुदेव सिंह को संयोजक, राकेश कांति बिस्वास को अध्यक्ष, रमेश यादव और मिंटू साव को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, अन्य पदाधिकारियों में दिलबाग सिंह को सचिव और गोपाल बैनर्जी को कोषाध्यक्ष चुना गया है। संस्था के सक्रिय सदस्य विश्वजीत मुखर्जी, सुजल साव, शुभम साव, रिंकल सिंह और प्रदीप बाउरी ने कहा कि नई कार्यकारिणी समिति के गठन से सामाजिक कार्यों में और तेजी आएगी और समाजसेवा के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार होगा।

### उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने धनबाद जिले की समीक्षा की

# संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश




**संवाददाता**

**धनबाद।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में धनबाद जिले की प्रशासनिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय सभागार में आयोजित इस बैठक के लिए प्रमंडलीय आयुक्त के आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी और जिला प्रशासन के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने न्यायालय वादों के निष्पादन, भू-अर्जन, भूमि हस्तांतरण, और लीज बंदोबस्ती से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की। उन्होंने ऑनलाइन कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से न्यायालय वादों की स्थिति पर चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। बैठक में धनबाद जिले में भू-अर्जन, भूमि हस्तांतरण और लीज बंदोबस्ती से जुड़े मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। प्रमंडलीय आयुक्त ने कोल खनन परियोजनाओं, रेलवे प्रोजेक्ट्स, गोमो फ्लाईओवर और अन्य विकास परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भू-अर्जन और भूमि हस्तांतरण से जुड़े सभी मामलों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि भूमि विवादों और शिकायतों को रोकने के लिए सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की उचित जांच और सत्यापन आवश्यक है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का समाधान शीघ्र किया जाए ताकि विकास परियोजनाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए। इस समीक्षा बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, निबंधन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी और भू-अर्जन से संबंधित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## छात्राओं ने स्कूल से निकाले जाने की शिकायत की

**संवाददाता**

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतों को सुना। जनता दरबार में उदलबनी कांकोमठ से आई छात्राओं ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि वे बाघमारा प्रखंड के कतरास अंचल स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जमुआटांड में पढ़ाई करती हैं।।छात्राओं ने शिकायत की कि 2 दिसंबर को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक और सहायक शिक्षक ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें स्कूल से बाहर कर दिया। इसके बाद इन शिक्षकों ने छात्राओं के विद्यालय आने पर भी रोक लगा दी, जिसके कारण उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। उन्होंने बताया कि परीक्षाएं नजदीक हैं, लेकिन स्कूल से निकाले जाने के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।इस गंभीर मामले पर उप विकास आयुक्त ने तुरंत संज्ञान लिया और जिला शिक्षा पदाधिकारी को फोन कर मामले की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया कि छात्राओं को न्याय मिले और उनकी पढ़ाई सुचारु रूप से जारी रहे। जनता दरबार में यह मामला सबसे प्रमुख रहा, लेकिन इसके अलावा भी कई शिकायतें दर्ज की गईं।।जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अन्य कई समस्याओं को रखा।

## धनबाद में बिहार सरकार के मंत्री हरि सहनी से भाजपा कार्यकर्ताओं व निषाद समाज की मुलाकात



**संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के सर्किट हाउस में बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरि सहनी ने भाजपा कार्यकताओं और निषाद समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान समाज के सैकड़ों लोगों और भाजपा कार्यकताओं ने मंत्री श्री सहनी का भव्य स्वागत किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस मुलाकात में भाजपा के प्रमुख नेता अजय निषाद और जुगेश निषाद ने मंत्री से मुलाकात की और बिहार, झारखंड की राजनीतिक स्थिति और देशहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में विशेष रूप से झारखंड में निषाद समाज के उत्थान के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर विचार किया गया। भाजपा नेता अजय निषाद ने मंत्री हरि सहनी से झारखंड में निषाद समाज के विकास और सशक्तिकरण से जुड़े कई पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने राज्य में निषाद समाज की सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार और उनकी स्थिति को सशक्त बनाने के लिए जरूरी कदमों की आवश्यकता पर बल दिया। इसके बाद, मंत्री हरि सहनी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए इस विषय पर गहरी चिंता जताई और समाज के उत्थान के लिए हर संभव कदम उठाने का आश्वासन दिया। मंत्री श्री सहनी ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार राष्ट्रहित, धर्म और समाज की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार न केवल विभिन्न योजनाओं को लागू कर रही है, बल्कि इन योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तन्मयता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार देश की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है।

श्री सहनी ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत की है। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि सरकार विश्व में भारत के प्रभाव को और बढ़ाएगी और देश की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक पहचान को सम्मानित करते हुए भारत को दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों में शामिल करेगी।

### सड़क निर्माण में अनियमितता उजागर करने पर आरटीआई कार्यकर्ता पर हमला

## छेदी कुमार ने डीसी, एसएसपी समेत अन्य अधिकारियों से की निष्पक्ष जांच की मांग



**संवाददाता**

**कतरास।** बाघमारा में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। लूट, भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोग अपराधियों के निशाने पर हैं। इसी कड़ी में सोमवार शाम सोनारडीह निवासी और जाने-माने आरटीआई कार्यकर्ता छेदी कुमार पर हमला हुआ। छेदी कुमार ने बताया कि भटमुरना मोड़ के पास खड़े होने के दौरान चार-पांच की संख्या में अपराधियों ने लोहे की पाइप से उन पर हमला किया।

रोकने के प्रयास में उनके हाथ में गंभीर चोटें आईं। हमलावरों ने धमकी देते हुए कहा कि हमारे इंजीनियर और जनप्रतिनिधि के खिलाफ शिकायत कर रहे हो। सड़क निर्माण से संबंधित अपनी शिकायत वापस लो, वरना परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहो। छेदी कुमार ने बताया कि मुराईडीह से रामराज मंदिर चिटाही धाम होते हुए सोनारडीह तक करोड़ों की लागत से डीएमएफटी फंड के तहत पथ निर्माण विभाग सड़क बना रहा है, जिसमें भारी अनियमितता हो रही है।

उन्होंने इस मामले में आरटीआई के जरिए जानकारी मांगी और शिकायत दर्ज कराई थी। इसी वजह से ठेकेदार रघु महतो उर्फ रघु साव के गुर्गों ने हमला किया। हमलावरों की पहचान करते हुए उन्होंने कहा कि उनमें से एक रामेश्वर साव है, जो धनबाद सांसद का निजी ड्राइवर है। छेदी कुमार ने आशंका जताई कि सड़क निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच हुई तो कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और ठेकेदार रघु महतो पर कार्रवाई तय है।

घटना के बाद उन्होंने बाघमारा डीएसपी और कतरास थाना प्रभारी को मौखिक सूचना दी। मंगलवार को उन्होंने धनबाद डीसी, एसएसपी, डीडीसी, एसडीओ, मुख्य अभियंता और एसीबी को लिखित शिकायत दी। छेदी कुमार ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि उनके साथ कोई अप्रिय घटना घटती है, तो इसके लिए पथ निर्माण विभाग के वर्तमान कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और ठेकेदार रघु महतो जिम्मेदार होंगे।

## सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में स्नेह-मिलन समारोह का आयोजन



**संवाददाता**

**कतरास।** सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में पीजीटी हिंदी के आचार्य नवल किशोर झा का स्नेह-मिलन समारोह बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य राकेश सिन्हा, मुख्य अतिथि नवल किशोर झा एवं उनकी धर्मपत्नी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति तथा आचार्य-दीदीजी ने नवल किशोर झा और श्रीमती झा को सम्मानित करते हुए उन्हें शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट किए।।कार्यक्रम के दौरान संगीताचार्य जितेंद्र कुमार दुबे ने अपने संबोधन में नवल किशोर झा की शिक्षण शैली की सराहना करते हुए कहा कि श्री झा हिंदी भाषा के प्रख्यात विद्वान हैं और उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थी पूरी तन्मयता के साथ पढ़ाई करते थे। उन्होंने यह भी कहा कि नवल किशोर झा का अनुशासनप्रिय स्वभाव और कर्मठ आचार्यत्व विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत था। उनके साथ बिताया गया समय न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र आचार्य अजय कुमार पांडेय द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें नवल किशोर झा के योगदान को रेखांकित किया गया। आचार्य पांडेय ने कहा कि श्री झा के प्रयासों से विद्यालय की शैक्षिक वातावरण में सुधार हुआ और विद्यार्थियों की भाषा संबंधित कौशल में वृद्धि हुई। विद्यालय के प्राचार्य राकेश सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवल किशोर झा ने अपने कुशल नेतृत्व से विद्यालय को नई दिशा दी। उनकी समयबद्धता और अनुशासन पालन विशेष रूप से प्रेरणादायक था। उन्होंने यह भी कहा कि श्री झा का योगदान विद्यालय परिवार के लिए सदा याद रखा जाएगा और उनके मार्गदर्शन से आने वाली पीढ़ियां लाभान्वित होंगी। मुख्य अतिथि नवल किशोर झा ने इस समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस विद्यालय में बिताया हर एक पल मेरे लिए अविस्मरणीय रहेगा। मुझे इस विद्यालय से बहुत कुछ सीखने का मौका मिला और यह मेरे लिए एक अनमोल अनुभव था। आज इस सम्मान से अभिभूत हूं।

## ढुलू महतो ने केंद्रीय वित्त मंत्री से बंद बैंक शाखा पुनः खोलने की मांग की



**संवाददाता**

**धनबाद।** भाजपा सांसद ढुल्लू महतो ने मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय समस्या पर उनका ध्यान आकर्षित किया। सांसद महतो ने मंत्री को एक पत्र सौंपते हुए टुंडू क्षेत्र में बंद की गई स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर की शाखा को पुनः खोलने की मांग की। सांसद ने बताया कि टुंडू क्षेत्र में एसबीबीजे शाखा बंद होने से यहां के हजारों निवासियों को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। खासकर क्षेत्र में स्थित कोलियरियों के कर्मचारियों, पेंशनधारकों, विधवा पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं और छात्रों को बैंकिंग सेवाओं के लिए एसबीआई बिलबेरा शाखा तक चार किलोमीटर का सफर करना पड़ता है। सांसद ने इस मुद्दे पर विशेष रूप से बुजुर्गों और महिलाओं की कठिनाइयों को उजागर किया और कहा कि उनके लिए बैंक शाखा तक पहुंचने में विशेष दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने वित्त मंत्री से निवेदन किया कि टुंडू में फिर से एसबीबीजे शाखा और एटीएम की सुविधा बहाल की जाए, ताकि स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके और उन्हें बैंकिंग सेवाओं के लिए दूर-दूर न जाना पड़े। सांसद ने यह भी कहा कि इस निर्णय से न केवल क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता को सरल बनाया जा सकेगा। श्री महतो की यह पहल उनकी सक्रियता और क्षेत्रीय समस्याओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस प्रयास को स्थानीय जनता ने सराहा है और उन्हें उम्मीद है कि सरकार शीघ्र इस दिशा में जरूरी कदम उठाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर धनबाद में तिब्बत समर्थकों का विशेष आयोजन



**संवाददाता**

**धनबाद।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर धनबाद के लहासा मार्केट और पार्क मार्केट हिरापुर स्थित चिल्ड्रेन पार्क में विश्व शांति और परम पावन दलाई लामा की लंबी आयु के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूजा-अर्चना, शांति पाठ और दीप प्रज्वलन का आयोजन हुआ, जिसमें तिब्बत समर्थक समूहों, निर्वासित तिब्बतियों और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने तिब्बत में चीनी कब्जे के कारण हो रहे मानवाधिकार हनन पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि चीनी कब्जे के 65 वर्षों में लगभग 1.2 मिलियन तिब्बतियों की हत्या हो चुकी है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में चीनी नागरिकों को तिब्बत में बसाया गया है और तिब्बती महिलाओं की जबरन चीनी पुरुषों से शादी कराई जा रही है, जिससे तिब्बती जनसंख्या का अनुपात बदलने की कोशिश हो रही है। इसके साथ हीं, कार्यक्रम में तिब्बत में हो रहे पर्यावरणीय विनाश पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने बताया कि अंधाधुंध वनों की कटाई, अत्यधिक निर्माण कार्य और परमाणु कचरे के डंपिंग के कारण तिब्बत का पर्यावरण गंभीर संकट का सामना कर रहा है। इन गतिविधियों ने नदियों को जहरीला बना दिया है, जिससे न केवल तिब्बत के लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि आसपास के वन्यजीव और पारिस्थितिक संतुलन भी खतरे में हैं। ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने का खतरा भी तिब्बत के पर्यावरण संकट को और बढ़ा रहा है।

इस अवसर पर वक्ताओं ने दलाई लामा के अहिंसक आंदोलन और उनके अंतरराष्ट्रीय मंचों पर किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि तिब्बत के मानवाधिकारों की रक्षा और पर्यावरणीय संकट को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में मानवाधिकारों की बहाली और तिब्बत की स्वतंत्रता के लिए समर्थन जुटाने की अपील की गई।

कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और सभी प्रतिभागियों के सामूहिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

**कार्यक्रम** आईआईटी धनबाद में खनन मशीनों पर हाइड्रोलिक्स क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू

## उद्योग के अनुभवी पेशेवरों व विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी



**संवाददाता**

**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम धनबाद के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने खनन और निर्माण मशीनरी के क्षेत्र में पेशेवरों के कौशल को बढ़ाने के लिए खनन मशीनों में हाइड्रोलिक्सः संचालन, रखरखाव और समस्या निवारण विषय पर एक सप्ताह का क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम 9 दिसंबर से 14 दिसंबर 2024 तक आयोजित हो रहा है, जिसमें देशभर की प्रमुख कंपनियों के अधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य हाइड्रोलिक सिस्टम की दक्षता और खनन मशीनों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए उद्योग जगत और अकादमिक संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करना है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आईआईटी आईएसएम धनबाद के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन प्रो० प्रेम व्रत ने किया। उद्घाटन समारोह में प्रो० व्रत ने हाइड्रोलिक सिस्टम के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल मशीनों की दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि परिचालन लागत को भी कम करते हैं। उन्होंने इसे खनन और निर्माण उद्योग के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में निदेशक प्रो० सुकुमार मिश्रा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख प्रो० सोमनाथ चट्टोपाध्याय और कार्यक्रम समन्वयक प्रो० अजीत कुमार भी उपस्थित थे। इस पहल में नेवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन, टाटा स्टील, वोल्वो कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट, एलएंडटी, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड सहित कई प्रमुख कंपनियों के 35 अधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव का संतुलित मिश्रण प्रदान किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को खनन मशीनरी के संचालन, रखरखाव और समस्या निवारण में विशेषज्ञता प्राप्त हो सके। कार्यक्रम आईआईटी आईएसएम धनबाद के शताब्दी समारोह का हिस्सा है और भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान के साथ संरेखित है। निदेशक प्रो० सुकुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम न केवल पेशेवरों की व्यक्तिगत दक्षता को बढ़ावा देगा, बल्कि खनन और निर्माण क्षेत्र में परिचालन प्रभावशीलता को भी मजबूत करेगा। इस एक सप्ताह के कार्यक्रम में उद्योग के अनुभवी पेशेवरों और विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इसके माध्यम से प्रतिभागियों को हाइड्रोलिक सिस्टम की नवीनतम तकनीकों और उनके अनुप्रयोगों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य खनन और निर्माण क्षेत्र में नवीनतम प्रौद्योगिकी को अपनाने के साथ-साथ उद्योग-अकादमिक साझेदारी को और मजबूत बनाना है।

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर बच्चों में पाठ्य सामग्री का वितरण



**संवाददाता**

**कतरास।** संकल्प एजुकेशन फाउंडेशन ने न्यू प्राथमिक विद्यालय लश्करीटांड झिंझिपहाड़ी, कतरास में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच किताब, कलम, कॉपी और अन्य पाठ्य सामग्री का वितरण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन फाउंडेशन के निदेशक सहदेव महतो द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर व्यक्ति का अधिकार है, लेकिन इन अधिकारों को प्राप्त करने के लिए शिक्षा अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि शिक्षा से ही हम एक आदर्श नागरिक बन सकते हैं। शिक्षा से योग्यता आती है, योग्यता से धन और यश की प्राप्ति होती है। धन से मित्र मिलते हैं और मित्रों से सुख की प्राप्ति होती है। इसलिए हमें साक्षर नहीं, बल्कि शिक्षित बनने की आवश्यकता है, ताकि हम अपने जीवन, परिवार, समाज, राज्य और देश का उत्थान कर सकें। इस अवसर पर सहायक शिक्षक संघ धनबाद जिला के वरीय उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो, शिक्षक राजेश महतो, शैलेंद्र यादव, बैजनाथ केवट सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सुभाषितम्

**हमारे अंदर अंधकार और रोशनी दोनों है, यह हमें चुनना है कि इनमें से हम किस को महत्व देते है। - जे. के. रालिंग**

## क्यों किसी को सुने तत्काल सुप्रीम कोर्ट?

दुनिया में हर कोई चमड़े का सिक्का चलाना चाहता है, फिर चाहे वो कोई राष्ट्रपति हो, प्रधानमंत्री हो या अतीत का कोई सम्राट,कोई तुगलक या कोई और। सब जानते हैं कि जिंदगी न मिलेगी दुबारा। देश के मुख्यन्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने भी सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई की आदिकालीन व्यवस्था पर रोक लगकर यही सब किया है। उन्होंने किसानों के मुद्दे को भी तत्काल सुनने से इंकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से असंख्य लोग निराश होंगे। मै भी इन्हीं में से एक हूं। सुप्रीम कोर्ट हर तरह से सुप्रीम है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना द्वारा कुछ मामलों की तत्काल सुनवाई पर लगाईं रोक से पहले सुप्रीम कोर्ट ने अनेक मामलों को तत्काल सुना है। कोर्ट आधीरात को भी खुला है और अवकाश के दिनों में भी । लेकिन ये सब मुख्य न्यायाधीश के पद पर आसीन व्यक्ति के ऊपर निर्भर रहता है कि वो किस तरह की व्यवस्था से न्याय का रास्ता प्रशस्त करे। तत्काल सुनवाई को लेकर मत भिन्नता हो सकती है। अपवादों को छोड़कर साम्य तौर पर सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई नहीं होना चाहिए क्योंकि माननीय सुप्रीम कोर्ट में लाखों मामले हैं जो कम से कम पांच साल से लंबित है। पहले इन्हें सुना जाना चाहिए, लेकिन देश में कभी-कभी ऐसे मुद्दे और मामले भी आते हैं जब उन पर तत्काल सुनवाई और फैसले जरूरी माने जाते हैं। लेकिन अब ये रास्ता फिलहाल बंद कर दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट इस मामले में समदृष्टि रखता है। उसने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामले को भी तत्काल सुनने से इंकार किया था और अब किसानों के आंदोलन को देखते हुए किसानों के मामले में भी तत्काल सुनवाई से इंकार कर दिया है। अपने अधिकारों के लिए पिछले चार साल से आंदोलनरत किसान कोई 700 किसानों की बलि दे चुके हैं किन्तु उनके मामले को सुप्रीम कोर्ट यदि तत्काल सुनवाई के लायक नहीं समझता तो ये किसानों का दुर्भाग्य है, सुप्रीम कोर्ट का नहीं। देश में किसी किसान का बेटा शायद अब तक मुख्य न्यायाधीश की कुर्सी तक नहीं पहुंचा है अन्यथा उनके मामले को तत्काल सुनने से इंकार नहीं किया जाता। इस सर्वोच्च पद पर पहुंचने के लिए भी विरासत चलती है। आपके पिता,चाचा या और कोई रिश्तेदार यदि न्यायिक सेवा में रहे हैं तभी आपको यहां तक पहुंचने का रास्ता मिलता है। आपको बता दें कि जिस तरह से दुनिया में हमारा लोकतंत्र सबसे पुराना है उसी तरह हमारी सर्वोच्च अदालत भी दूसरे देशों की अदालतों के मुकाबले सर्वशक्तिमान है। इसके पीछे कई कारण हैं। भारत की 73 साल पुरानी अदालत कार्यकारी अधिनियमों, संसदीय कानूनों और संविधान में संशोधन को रद्द कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट के कोई तीन दर्जन न्यायाधीश लगभग 70 हजार अपीलों और याचिकाओं का भार संभालते हैं और हर साल लगभग एक हजार फैसले देते हैं। एक पुराना आंकड़ा है कि नवंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट में 40 फीसदी मामले पांच साल से अधिक समय से लंबित थे, जबकि आठ फीसदी दूसरे अन्य मामले 10 साल से अधिक समय से लंबित थे। साल 2004 में पांच साल से अधिक समय से लंबित मामले सात फीसदी थे। मामलों को ट्रायल कोर्ट में शुरू होने से लेकर सुप्रीम कोर्ट के निपटारे तक औसतन लगभग 13 साल और छह महीने लग गए। इस दौरान शीर्ष अदालत की कार्यवाही में कुल समय का एक तिहाई समय लगा जो न्यायपालिका के प्रत्येक स्तर पर औसत अवधि के समान समय है।

बहरहाल बात किसानों की है। किसानों के मामले पर तत्काल सुनवाई से इंकार करने से किसान भले ही विचलित हों लेकिन केंद्र सरकार ने तो सचमुच राहत महसूस की होगी। माननीय अदालत ने कहा है की उसके पास पहले से किसानों कि मामले में जनहित याचकाएं लंबित हैं। इसलिए किसी नई याचिका पर तत्काल कोई सुनवाई नहीं हो सकती। इस मामले में सीजीआई के निर्णय पर कोई किन्तु-परन्तु नहीं कह सकता। कोई सबसे बड़ी अदालत के सबसे बड़े न्यायधीश से स्पष्टीकरण नहीं मांग सकता। कोई उनके फैसले के खिलाफ कहीं जाकर अपील नहीं कर सकता। किसान हों या केजरीवाल, अदालत को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसे तो एक नयी लकीर खींचना है। एक नयी नजीर बनाना है। सुप्रीम कोर्ट अपना काम कर रही है। किसान अपना काम करें। कोई किसी को रोक तो नहीं रहा। सरकार भी अपना काम कर ही रही है। भले ही आज की सरकार बैशाखियों पर चलने वाली सरकार है। सुप्रीम कोर्ट में वकील अब किसी मामले की तत्काल लिस्टिंग और सुनवाई मौखिक नहीं करा सकते । सीजेआई संजीव खन्ना ने निर्देश दिए हैं कि वकीलों को इसके लिए ईमेल या लिखित आवेदन देना होगा। दरअसल, खन्ना साहब ने ये सब ज्यूडिशियल रिफोर्म के लिए सिटिजन सेंट्रिक एजेंडे की रूपरेखा के तहत किया है। सीजेआई के फैसले से किसान ही नहीं सुप्रीम कोर्ट के वकील भी चकित हैं, क्योंकि उनका धंधा भी तो इस फैसले से प्रभावित हुआ है। जस्टिस संजीव खन्ना ने 11 नवंबर को देश के 51वें चीफ जस्टिस की शपथ ली थी। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शपथ दिलाई थी। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ 10 नवंबर को रिटायर्ड हो चुके हैं।

# बीमा सखी योजना: ग्रामीण महिलाओं को बनायेगी सशक्त



प्रियंका सौरभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दिन पूर्व हरियाणा के पानीपत से महिलाओं के लिए 'बीमा सखी' योजना शुरू की। बीमा सखी योजना का उद्देश्य बीमा के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। यह महिला उद्यमिता को बढ़ावा देता है और पूरे भारत में आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाता है। खास बात यह है कि इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत से ही 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरूआत की थी। पानीपत शहर ऐतिहासिक रूप से महत्त्वपूर्ण है। यह अपनी लड़ाइयों के लिए जाना जाता है और अब भारत में महिला सशक्तिकरण पहलों का केंद्र बिंदु है। बीमा सखी योजना शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना से लाखों महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। इसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करके महिलाओं को सशक्त बनाना है।

इस योजना के तहत, महिलाएं जीवन बीमा निगम की एजेंट बनेंगी, जिससे वे बीमा बेच सकेंगी और आय अर्जित कर सकेंगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। बीमा सखी योजना महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा पर केंद्रित है, जो महिलाओं के लिए बीमा कवरेज को बढ़ावा देती है। यह योजना महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाना है। यह योजना वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। महिलाओं को बीमा उत्पादों तक पहुंच प्राप्त होगी, जो कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। इस सहायता का उद्देश्य महिलाओं के आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। यह लैंगिक समानता के बारे में एक मजबूत संदेश भेजेगा। यह पहल महिला अधिकारों के लिए राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है।



इसका उद्देश्य महिलाओं को अपने भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करना है। 'बीमा सखी योजना' पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगी। योजना के तहत चुनी गई महिलाएं एलआईसी एजेंट के रूप में काम करेंगी और अपने समुदायों में बीमा सेवाएं प्रदान करेंगी। इससे न केवल महिलाओं के लिए रोजगार पैदा होगा बल्कि वित्तीय साक्षरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा से गहरा नाता है, अक्सर वे इसे महत्त्वपूर्ण पहलों के लिए लॉन्चिंग ग्राउंड के रूप में चुनते हैं। 2015 में पानीपत से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' आंदोलन की शुरूआत सहित मोदी के अभियानों के साथ राज्य का इतिहास महिलाओं के कल्याण के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए एक मिसाल कायम करता है। महिला अधिकारों पर ध्यान देने के लिए जाना जाने वाला हरियाणा एक बार फिर सामाजिक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने की राज्य की विरासत को और मजबूत करेगी। 'बीमा सखी योजना' राज्य की सफल महिला-केंद्रित नीतियों के पोर्टफोलियो में शामिल होगी और समावेशी विकास पर बढ़ते फोकस को दर्शाएगी।

'नारी शक्ति' पर सरकार के जोर को लोकसभा में पारित 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' जैसे प्रयासों के माध्यम से मजबूत किया गया, जिसमें महिलाओं को 33% आरक्षण दिया गया। इस योजना की पात्र महिलाओं को योजना के बारे में सूचित करने के लिए प्रभावी संचार रणनीतियां आवश्यक हैं। योजना की सफलता के लिए वेतन और कमीशन का समय पर वितरण सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है। बीमा क्षेत्र में अपनी भूमिका को बनाए रखने और विस्तारित करने के लिए महिला एजेंटों के लिए एक मजबूत सहायता प्रणाली का निर्माण करना। आवेदक भारतीय नागरिक होने चाहिए। न्यूनतम योग्यता 10वीं या 12वीं कक्षा की होनी चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता विवरण, मोबाइल नंबर, शैक्षिक प्रमाण पत्र शामिल हैं और महिलाओं को ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों की निवासी होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को बीमा सखी के रूप में तैयार करने के लिए जीवन बीमा निगम द्वारा प्रदान किए गए विशेष प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है। प्रशिक्षण के सफल समापन पर प्रमाणन प्रदान किया जाता है। एक निश्चित मासिक वेतनः पहले वर्ष में 7, 000, दूसरे में 6, 000 और तीसरे वर्ष में 5, 000 और बेची गई बीमा पॉलिसियों पर कमीशन के माध्यम से अतिरिक्त आय मिलेगी।

आयोगों और नीति-सम्बंधी अपडेट की निगरानी के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म। कौशल और ज्ञान को उन्नत करने के लिए नियमित कार्यशालाएं। देशभर में 35, 000 महिलाओं को शामिल करने की प्रारंभिक योजना। हरियाणा का पानीपत, महिला सशक्तिकरण पर अपने ऐतिहासिक जोर के कारण इस योजना का लॉन्चपैड है। आधिकारिक या नामित सरकारी पोर्टल पर जाएँ। व्यक्तिगत विवरण और वैध संपर्क जानकारी का उपयोग करके एक खाता बनाएँ। सटीक विवरण के साथ आवेदन पत्र भरें। आईडी प्रूफ, शैक्षिक प्रमाण पत्र और बैंक विवरण जैसे आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें। आवेदनों की समीक्षा की जाती है। स्वीकृत होने के बाद, उम्मीदवारों को एक व्यक्तिगत डैशबोर्ड तक पहुंच प्राप्त होती है। 'बीमा सखी योजना' 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और 'नमो दीदी' कार्यक्रमों की सफलता के बाद, महिला-केंद्रित योजनाओं को शुरू करने के पीएम मोदी के ट्रैक रिकॉर्ड को जारी रखती है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनका निरंतर प्रयास समाज और अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न नीतियों और विधायी परिवर्तनों में स्पष्ट है। बीमा सखी योजना वित्तीय समावेशन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। ग्रामीण महिलाओं को बीमा एजेंट के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाकर यह योजना न केवल उन्हें आजीविका के अवसर प्रदान करती है बल्कि उन्हें औपचारिक वित्तीय प्रणाली में भी एकीकृत करती है। कार्यक्रम की सफलता इसके प्रभावी कार्यान्वयन और हितधारकों से निरंतर समर्थन पर निर्भर करती है।

# यूनिसेफ: बाल कल्याण की अग्रणी संस्था



डॉ. रमेश ठाकुर

**यूनीसेफ स्थापना दिवस (11 दिसंबर) पर विशेष**

बाल कल्याण की बात हो या बाल अधिकारों की रक्षा, दोनों में प्रहरी की भूमिका निभाती है 'यूनिसेफ'। यूनिसेफ का नाम सुनते ही बाल कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे संस्था के प्रयासों का ध्यान आता है। आज 'विश्व यूनिसेफ दिवस' है। एक ऐसी संस्था जो संसार के 190 देशों के दुर्गम स्थानों पर पहुंच कर बाल अधिकारों की हिमायत के लिए मजबूती से लड़ती है। बाल कल्याण की सुविधाएं विश्व के प्रत्येक जरूरतमंद, कमजोर और वंचित बच्चों तक पहुंचे, इसके लिए यूनिसेफ की टीमें चौबीसों घंटे ग्रांउड जीरो पर तैनात रहती हैं।

यूनिसेफ का मतलब होता है 'संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष' जिसका आरंभ 11 दिसंबर, 1946 को 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' द्वारा किया गया था। शुरूआती समय में संस्थान में मात्र 43 देश शामिल हुए लेकिन कुछ वर्षों बाद ये संख्या 100 पार कर गई। आज इस संस्था के साथ 190 देश जुड़े हुए हैं। संस्था से जुड़ने वाले देशों की संख्या में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। यूनिसेफ के 5 लाख प्रतिनिधि इस समय पूरी दुनिया में कार्यरत हैं। वहीं, भारत में 18 हजार के करीब कर्मचारी दुर्गम स्थानों पर बाल कल्याण के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। बाल तस्करी की रोकथाम में इस संस्था की अलग टीमें कार्य करती हैं। भारत में रोजाना करीब 69,000 बच्चे पैदा होते हैं। उन सभी नौनिहालों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और बाल संरक्षण में यूनिसेफ इंडिया बेहतर कदम उठाने को संकल्पित है। इस समय यूनिसेफ की टीमें युद्धग्रस्त यूक्रेन-रूस, ईरान-इराक, अफगानिस्तान जैसे देशों जुटी हुई हैं। इन देशों के अभावग्रस्त बच्चों के पालन-पोषण के अलावा इन बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्था काम कर रही है।



समय के साथ यूनिसेफ ने अपनी कार्यशैली में बदलाव किए। पहले इस संस्था का काम सिर्फ बाल अधिकारों की रक्षा के क्षेत्र में था। बाद में बच्चों के जीवन में बेहतरी के क्षेत्र में भी संस्था ने अपने कार्यों का विस्तार किया। फिलहाल यूनिसेफ की टीमें माताओं और नवजात शिशुओं के लिए एचआईवी की रोकथाम और उपचार, पर्याप्त पानी, स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, बाल स्वास्थ्य व पोषण जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं। भारत के नजरिए से यूनिसेफ को देखें तो वर्ष 1949 में मात्र तीन सदस्यीय स्टाफ ने यहां काम शुरू किया। संस्था ने साल 1952 में दिल्ली में अपना कार्यालय स्थापित किया।

वर्तमान में भारत के 16 राज्यों में इसके कार्यालय हैं, जहां से बाल कल्याण व बाल अधिकारों से जुड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाते हैं। भारत में इनका प्रतिनिधित्व सिंथिया मैककैफ्रे करती हैं जिनकी अक्टूबर 2022 में नियुक्ति हुई थी। भारत सरकार अपने बजट से बड़ी रकम इनको सालाना आंवटित करती है ताकि देश के दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले वो बच्चे भी इनके जरिए शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकें, जो सरकार की नजरों से छूट जाते हैं। 2018 में यूनिसेफ ने 'एवेरी चाइल्ड अलाइव' नाम से अंतरराष्ट्रीय अभियान की शुरूआत की जिसके अनुसार प्रत्येक मां और नवजात शिशु के लिए सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग और उनकी आपूर्ति करने के प्रयासों की शुरूआत करनी थी। उस अभियान ने जबरदस्त सफलता हासिल की।

यूनिसेफ का मुख्यालय, न्यूयॉर्क में स्थापित है। संस्था का उद्देश्य संसार भर के बच्चों को सुगम जीवन, उन्हें आगे बढ़ाने और अपनी क्षमता का विकास कराने का अधिकार मुहैया कराना है। वर्ष 2021 में भारत में यूनिसेफ की सेवाओं के 75 वर्ष पूरे हुए। तब, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी यूनिसेफ और भारत के सहयोग के साक्षा प्रयासों की सराहना की। भारत सरकार भी चाहती है कि प्रत्येक बच्चे का स्वास्थ्य बेहतर हो, उन्हें सुरक्षा और खुशहाली मिले। इसके लिए भारत सरकार भी कोई कसर नहीं छोड़ती।यूनिसेफ के लोग इस बात को विभिन्न वैश्विक मंचों पर कई बार दोहरा चुके हैं कि भारत सरकार से संस्था को भरपूर सहयोग मिलता रहा है। इस समय 150 देशों में यूनिसेफ के कार्यालय, 34 राष्ट्रीय समितियां जो मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से मिशन आगे बढ़ाते हैं। यूनिसेफ को सार्वजनिक क्षेत्र के तीन सबसे बड़े भागीदार अमेरिका, जर्मनी और विश्व बैंक अधिकांश पैसा देते हैं। बीते दो दशकों में विश्व भर में बच्चों के जीवित रहने के दर में खासी वृद्धि देखी गई। 2016 में दुनियाभर में अपने 5वें जन्मदिन से पहले मर जाने वाले बच्चों की संख्या आधी होकर 56 लाख तक रह गई।

इसके बावजूद नवजात शिशुओं के लिए प्रगति धीमी रही है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु में, जन्म के पहले महीने में ही मर जाने वाले शिशुओं की संख्या 46 प्रतिशत है। जागरूकता के चलते इन आंकड़ों में अब सुधार हुआ है। यूनिसेफ के ऐसे प्रयास निरंतर जारी हैं, इसमें आम जनों को भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकार और समाज के संयुक्त प्रयासों से अभियान को न सिर्फ संबल मिलेगा बल्कि और तेज गति भी प्रदान मिलेगी।

# श्रीमद्भगवद् गीता का वैश्विक प्रभाव

**(गीता महोत्सव पर विशेष)**

अवनीश सोमकुवर

श्रीमद्भगवद गीता अनूठा आध्यात्मिक मार्गदर्शी ग्रंथ है। भगवद् गीता का प्रभाव पूरी दुनिया में फैल चुका है। भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य वचनों में सम्पूर्ण जीवन की व्याख्या है। संसार की समस्याओं और मनुष्य की व्यथाओं का समाधान है। 'गीता' की महिमा का शाब्दिक वर्णन करना कठिन काम है। पाठकों के सुलभ संदर्भ के लिए श्रीमद्भगवद् गीता पर विश्व के महापुरुषों, महान वैज्ञानिकों, विद्वतजनों और दार्शनिकों के विचारों का संकलन प्रस्तुत किया गया है। भगवान श्रीकृष्ण की कही हुई श्रीमद् भगवद् गीता के समान छोटे वपु (काया, शरीर) में इतना विपुल ज्ञानपूर्ण कोई दूसरा ग्रंथ नहीं है महामना पं. मदनमोहन मालवीय। जब कभी संदेह मुझे घेरते हैं और मेरे चेहरे पर निराशा छाने लगती है, मैं क्षितिज पर गीता रूपी एक ही उम्मीद की किरण देखता हूं। इसमें मुझे अवश्य ही एक छन्द मिल जाता है, जो मुझे सांत्वना देता है। तब मैं कष्टों के बीच मुस्कुराने लगता हूं- महात्मा गांधी।

गीता हमारे ग्रंथों में अत्यन्त तेजस्वी और निर्मल हीरा है लोकमान्य बालगंगाधर तिलक। मशहूर जर्मन कवि, उपन्यासकार और पेंटर हरमन हेस के जीवन पर भी गीता का विशेष प्रभाव था। उनकी कालजयी रचना 'सिद्धार्थ' में यह स्पष्ट होता है। उनका कहना था 'गीता की सबसे अच्छी विशेषता यह है कि यह जीवन के सही मायनों को पूरी वास्तविकता के साथ सामने रखती है।' उन्नीसवीं सदी के मशहूर दर्शनशास्त्री और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता अल्बर्ट श्विट्जर मानते थे - 'श्रीमद भगवद् गीता मनुष्य के जीवन पर बहुत गहरा असर डालती है। यह कर्मों के माध्यम से ईश्वर प्राप्ति का संदेश देती है।' स्विस मनोवैज्ञानिक कार्ल जुंग को विश्लेषणात्मक मनोविज्ञान के लिए जाना जाता है। वे न सिर्फ मनोविज्ञान बल्कि दर्शन, साहित्य और धार्मिक अध्ययन में भी विशेषज्ञता रखते थे।

उनका मानना था कि मनुष्य को उल्टे वृक्ष के रूप में प्रदर्शन की अवधारणा बहुत पहले से ही मौजूद थी, जिसे बाद में सामने लाया गया। अपने वक्तव्यों में कही गई प्लेटो की वह बात कि मनुष्य सांसारिक नहीं बल्कि स्वर्गीय पौधा है, जो ब्रह्माण्ड से सिंचित होता है। यह वैदिक अवधारणा है और गीता के 15वें अध्याय में इसे स्पष्ट तौर पर कहा गया है। उन्नीसवीं सदी के ही मशहूर अंग्रेजी साहित्यकार आल्डस हक्सले ने कहा था मनुष्य में मानव मूल्यों की समझ पैदा करने के लिए गीता सर्वाधिक व्यवस्थित ग्रंथ है। शाश्वत दर्शन के विषय में यह अब तक की सबसे स्पष्ट और व्यापक प्रस्तुति है। यह सिर्फ भारत के लिए नहीं है बल्कि इसका जुड़ाव पूरी मानवता से है। उन्नीसवीं सदी के विख्यात अमेरिकी निबंधकार और साहित्यिक हस्ती इमर्सन के जीवन पर गीता का बड़ा प्रभाव था। उनका मानना था, श्रीमद भगवद् गीता के साथ मेरा दिन शानदार बीता। यह अपने तरह की पहली पुस्तक है। यह किसी और समय और परिस्थितियों में लिखी गई, लेकिन यह हमारे आज के सवालों और समस्याओं के भी जवाब पूरी स्पष्टता के साथ देती है। ऑस्ट्रियाई दार्शनिक और साहित्यकार रुडॉल्फ स्टीनर के जीवन को गीता ने व्यापक रूप से प्रभावित किया था। उनका मानना था कि भगवद् गीता जैसी अप्रतिम रचना को समझने के लिए बस हमें स्वयं को उसके साथ लय बिठाने की जरूरत है।' मशहूर अमेरिकी दार्शनिक और साहित्यकार हेनरी डेविड थोरो पर गीता का प्रभाव उनके साहित्य और सामाजिक कार्यों में परिलक्षित होता है। वे कहते थे कि प्राचीन भारत की सभी स्मरणीय वस्तुओं में गीता से श्रेष्ठ कोई भी दूसरी वस्तु नहीं है। गीता में वर्णित ज्ञान ऐसा उत्तम व सर्वकालिक है, जिसकी उपयोगिता कभी भी कम नहीं हो सकती। भारतीय मनीषियों के अलावा कई विदेशी विद्वानों ने भी गीता के महत्व को समझा और अपने जीवन में इसके सिद्धांतों को लागू किया। यह महान पवित्र ग्रंथ गीता का ही असर था कि ईसाई मत मानने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री मिस्टर पियर ट्रूडो गीता पढ़कर भारत आये। उन्होंने कहा था कि जीवन की शाम हो जाए और देह को दफनाया जाए, उससे पहले अज्ञानता को दफनाना जरूरी है।

भगवद् गीता से कैसे प्रभावित हुए रॉबर्ट ओपेनहाइमर ने परमाणु बम विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभाई थी, जिसने द्वितीय विश्व युद्ध की दिशा बदल दी। ओपेनहाइमर ने संस्कृत भाषा सीखी और श्रीमद् भगवद गीता को अपनी पसंदीदा पुस्तकों में से एक माना। जब द क्रिश्चियन सेंचुरी के संपादकों ने उनसे पूछा कि वे कौन-सी किताबें हैं, जिन्होंने उनके दार्शनिक दृष्टिकोण को सबसे ज्यादा प्रभावित किया, तो चार्ल्स बौडेलेयर की पुस्तक 'लेस फ्लेर्स डू माल' को पहला और 'श्री भगवद गीता' को दूसरा स्थान मिला। सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी ओपेनहाइमर को बर्कले में संस्कृत के प्रोफेसर आर्थर डब्ल्यू राइडर ने संस्कृत से परिचित कराया था। उसके बाद उन्हें गीता से परिचित कराया गया था। जुलाई 1945 में न्यू मैक्सिको के रेगिस्तान में पहले परमाणु बम के विस्फोट से दो दिन पहले रॉबर्ट ओपेनहाइमर ने गीता का एक श्लोक सुनाया। इतिहास बदलने वाली घटना से कुछ घंटे पहले, 'परमाणु बम के जनक' ने संस्कृत से अनुवादित एक श्लोक को पढ़कर अपना तनाव दूर किया, जिसका हिंदी अनुवाद इस प्रकार है -

युद्ध में, जंगल में, पहाड़ों की चोटी पर
अन्धकारमय महान सागर पर, भालों और बाणों के बीच,
नींद में, उलझन में, शर्म की गहराई में
मनुष्य द्वारा पहले किये गए अच्छे कर्म ही उसकी रक्षा करते हैं।

श्रीमद् भगवद् गीता ने पश्चिम की दुनिया को गहरा प्रभावित किया है। गीता दर्शन को जानने के बाद पश्चिम के विद्वानों ने गीता के जीवन दर्शन को अपनाने के लिए अपनी बौद्धिक ऊर्जा लगा दी। दरअसल वे किसी वैज्ञानिक उपलब्धि की खोज में नहीं थे। वे इससे भी आगे विकारों से रहित मानव मन और आत्मिक शांति की खोज में थे। इसका समाधान उन्होंने श्रीमद् भगवद् गीता में पाया। इन विद्वानों में दार्शनिक इमैन्युअल (1724-1804), हर्डर (1744-1805) फिटश (1762-1814), हीगल (1770-1831), श्लेगल (1772-1829) शिलर (1759-1805) और गोएथे (1749-1832) प्रमुख हैं। फ्रेडरिक वान श्लेगल ने गीता का अनुवाद किया। जर्मन के अग्रणी विद्वान बेरन विल्हेल्म ने 1821 में संस्कृत का अध्ययन शुरू किया। गीता पढ़ने के बाद उन्होंने भगवान का आभार माना कि उन्हें लंबा जीवन दिया, ताकि वे सर्वाधिक प्रेरणादायी पुस्तक को आत्मसात कर पाए। उन्होंने 1825 में अकादमी ऑफ सिएंस के समक्ष गीता पर अपना प्रसिद्ध व्याख्यान दिया था। वर्ष 1820 में ओ फ्रेंक विद्वान ने गीता का पहला लैटिन अनुवाद प्रकाशित किया। इसके बाद 1822 में ए.डब्ल्यू. वान श्लेगल ने पहली बार लैटिन में सम्पूर्ण अनुवाद प्रकाशित किया।

## आज का राशिफल

**मेष** : लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। राजकीय कार्यों से लाभ।

**वृष** : आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा।

**मिथुन** : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**कर्क** : श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा।

**सिंह** : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी।

**कन्या** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। धन लाभ की संभावना।

**तुला** : जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**वृश्चिक** : परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं।

**धनु** : नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं।

**मकर** : धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कुंभ** : सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं।

**मीन** : आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सोहराई पेटिंग के कारीगरों की 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत



**हजारीबाग।** जिले के चुरचू प्रखंड के जमडीहा और बड़कागांव के नयाटांड़ गोसाई बलिया में विशेष घटक योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति के सोहराई पेटिंग शिल्पकारों के लिए 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर जिला समन्वयक श्रीश त्रिपाठी ने बताया कि सोहराई पेटिंग को केंद्र सरकार द्वारा जी.आई. टैग दिया गया है, जिससे इसकी पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी है। हजारीबाग की कई महिलाएँ इस कला के क्षेत्र में देश-विदेश में प्रशिक्षण देने जा रही हैं। यह प्रशिक्षण मुख्यमंत्री लघु और कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सहयोग से हो रहा है।कार्यक्रम 10 दिसंबर 2024 से 4 जनवरी 2025 तक चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य पारंपरिक सोहराई पेटिंग कला के कारीगरों का कौशल विकास करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

इस मौके पर जिला उद्यमी समन्वयक ने सभी कारीगरों को प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। भारतीय लोक कल्याण संस्थान के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर राज कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सोहराई पेटिंग की विभिन्न आधुनिक डिजाइनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण संबंधित टूल किट का वितरण भी किया गया। चुरचू प्रखंड समन्वयक असीम रंजन ने सोहराई पेटिंग के महत्व और उसकी मार्केटिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी ट्रेनी को प्रतिदिन 180 रुपये स्टाइपेंड के रूप में दिए जाएंगे, जो प्रशिक्षण समाप्ति के बाद उनके बैंक खातों में हस्तांतरित कर दिए जाएंगे। इस अवसर पर जमडीहा गांव की मुखिया पूनम बेसरा, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

### झारखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए प्रदीप प्रसाद ने किया विशेष संवाद

**हजारीबाग।** झारखंड को प्रगति की नई दिशा में अग्रसर करने के उद्देश्य से मंगलवार को रांची स्थित विधानसभा सभागार में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पक्ष और विपक्ष के विधायकों के साथ एक विशेष वातालर्राप किया। इस बैठक में झारखंड को एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए कार्ययोजना पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। सभी विधायकों ने एकता और सहयोग का प्रतीक बनाते हुए सामूहिक तस्वीर खिंचवाई और आपसी सौहार्द का संदेश दिया।इस अवसर पर प्रदीप प्रसाद ने कहा, कि झारखंड की प्रगति हमारे सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करती है। जब सभी विधायक दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनता के हित में कार्य करेंगे, तभी राज्य नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकेगा। हमारा उद्देश्य झारखंड को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे में अग्रणी बनाना है। बैठक में महिला सशक्तिकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। श्री प्रसाद ने कहा कि महिलाएं हमारे समाज और राज्य की असली ताकत हैं। हमें महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना होगा। उनकी सक्रिय भागीदारी के बिना झारखंड का विकास अधूरा है।

# सीजीएल परीक्षा में धांधली के खिलाफ छात्रों का उग्र प्रदर्शन

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में चार महीने पहले आयोजित सीजेएल परीक्षा और उसके परिणाम में हुई धांधली के खिलाफ मंगलवार को हजारों छात्रों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने भारत माता चौक स्थित एनएच 33 को जाम कर दिया, जिससे सैकड़ों वाहन फंस गए और सड़क पर भारी जाम लग गया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने आरोप लगाया कि परीक्षा में धांधली की गई है और इसका परिणाम उनके भविष्य के लिए खतरे में डाल रहा है। छात्रों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मांग की कि परीक्षा परिणाम को रद्द किया जाए और निष्पक्ष जांच हो।



प्रदर्शन का नेतृत्व जेकेएलएम के नेता उदय मेहता और अन्य छात्र नेताओं ने किया।

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने छात्रों का समर्थन किया

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी छात्रों का समर्थन किया और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सड़क पर बैठकर छात्रों से उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि वे उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाएंगे। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक जैसी घटनाएं झारखंड की छवि को नुकसान पहुंचा रही हैं और सरकार को तुरंत कदम उठाने चाहिए।

पुलिस ने बल प्रयोग किया, कई छात्र नेता हिरासत में लिए गए

प्रदर्शन के दौरान, जब पुलिस ने सड़क को खाली कराने के लिए सख्ती दिखाई, तो प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया गया। पुलिस ने आंदोलनकारियों से जाम हटाने की अपील की, लेकिन जब छात्र नहीं माने, तो पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान कई छात्र नेताओं को हिरासत में लिया गया और बाद में उन्हें निजी जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में दो दर्जन नामजद और 500 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि परीक्षा परिणाम जारी होने से पहले ही उतर सेट जारी कर दिया गया था, जिससे छात्रों को खुद का आकलन करने का मौका नहीं मिला और कई छात्रों को बड़ी रकम लेकर पास कराया गया।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने छात्रों से अपील की कि वे जल्द ही अपना आंदोलन समाप्त करें, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि उनकी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक सरकार उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करती। छात्र नेताओं की मुख्य मांगों में सीजेएल परीक्षा को रद्द करने, परीक्षा प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और भर्तियों में हो रही धांधलियों की उच्चस्तरीय जांच की मांग शामिल है।

### ग्रामीणों का आक्रोश और अनिश्चितकालीन धरना

**केरेडारी।** प्रखंड के तारहेसा गांव में मंगलवार की सुबह देवता और मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाले पुजारी नाया होरिल गंझू की अचानक मृत्यु हो गई। इस दुखद घटना के बाद, गांव में शोक और आक्रोश का माहौल उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई दिनों से एनटीपीसी और बीजीआर कंपनी से यह मांग कर रहे थे कि गांव के मंदिर क्षेत्र में डोजरिंग न की जाए और मंदिर तक आने-जाने का रास्ता सुरक्षित रखा जाए। इन समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया गया, जिससे गांववासियों का गुस्सा उबल पड़ा है। इसके अलावा, गांव में प्रदूषण की समस्या भी लगातार बढ़ रही है, जिसके कारण गांववासियों में विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैल रही हैं। ग्रामीणों ने कई बार कंपनी से इस समस्या को लेकर कदम उठाने की अपील की, लेकिन कंपनी की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस सब के बाद, नाराज ग्रामीणों ने कंपनी का काम बंद करा दिया और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में फरियादियों की समस्याएं सुनीं



संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैन्सी सहाय ने मंगलवार को जिले में आयोजित जनता दरबार में आम जन से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले के नागरिकों की समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रशासन उन सभी मुद्दों पर ध्यान देगा, जिनकी सूचना उन्हें मिली है। जनता दरबार में शहरी क्षेत्रों सहित विभिन्न प्रखंडों से लगभग एक दर्जन फरियादी पहुंचे, जिन्होंने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए। इन समस्याओं में मकान मुआवजा, रोजगार की अनुपलब्धता, गंभीर बीमारियों में मदद, ऑनलाइन रसीद, लंबित म्यूटेशन, प्रमाण पत्र, आवास, सेवानिवृत्ति पावना, राशन कार्ड, बकाया मानदेय आदि शामिल थे। फरियादियों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद जताई। उपायुक्त ने सभी आवेदन पत्रों को संबंधित अधिकारियों के पास भेजते हुए आवश्यक जांच और उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन के स्तर पर सभी मामलों में शीघ्र समाधान के लिए कार्यवाही की जाएगी ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। जनता दरबार में फरियादियों ने प्रशासन से उम्मीद जताई कि उनके मुद्दे समय पर और सही तरीके से सुलझाए जाएंगे।

### बड़कागांव में कांग्रेस ने चुनावी नतीजों पर की समीक्षा बैठक

## नतीजों से पीछे नहीं हटने वाली, जनता का साथ हमेशा डटकर दूंगी : अंबा प्रसाद

संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद के चुनावी परिणाम के बाद सोमवार को बड़कागांव समाधान भवन में कांग्रेस की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने चुनाव परिणाम की समीक्षा की। इस दौरान पूर्व मंत्री योगेंद्र साव भी मौजूद रहे।समीक्षा बैठक में यह बात सामने आई कि विपक्षी दल भाजपा और आजसू गठबंधन को बड़कागांव क्षेत्र की खनन कंपनियों जैसे एनटीपीसी, अडानी व ओएनजीसी ने खुलकर मदद की। वहीं, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद की सेवा और कार्यों का सही मूल्यांकन नहीं किया गया। विपक्ष की राजनीति और इन कंपनियों ने जिस प्रकार से भाजपा और आजसू का समर्थन किया, वह कांग्रेस को विधानसभा क्षेत्रवासियों तक सच्चाई दिखाने में असफल बना पाया, जिससे चुनावी नतीजे भाजपा के पक्ष में गए। कार्यकताओं ने बताया कि मतदान से ठीक पहले भाजपा और आजसू के लोगों ने धनबल का उपयोग किया और चुनाव के दौरान पूरे क्षेत्र में यह शिकायतें आईं। सांप्रदायिक माहौल को प्रभावित करने के लिए विरोधियों द्वारा फर्जी और सांप्रदायिक भावना को उत्तेजित करने वाले वक्तव्य मतदाता पर्चियों के साथ बांटे गए। कई मतदान केंद्रों के बाहर इस प्रकार की पर्चियां देखने को मिलीं। सोशल मीडिया पर कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ अफवाहें और झूठी खबरें फैलायी गईं। इस चुनाव में कार्यकताओं को तोड़ने के लिए भी सभी हथकंडे अपनाए गए, विपक्षी प्रत्याशी को गुंडा और गिरोहों का साथ मिला, जिसके कारण कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी तरह से मैदान में डटे नहीं रह पाए। इस प्रकार, धनबल की राजनीति के चलते विपक्षी प्रत्याशी चुनाव जीतने में सफल हुए।



अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव को मेरे परिवार ने अपने खून-पसीने से सीचा है। बड़कागांव की सेवा में मेरा सर्वस्व न्योछावर है और रहेगा। वोट के रूप में मिले आशीर्वाद के लिए जनता का धन्यवाद करती हूं। दुगनी ऊर्जा से जनता के लिए संघर्ष जारी रहेगा और मैं हमेशा उपलब्ध रहूँगी। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि भले ही चुनावी परिणाम हमारे पक्ष में नहीं आए, लेकिन पिछले 5 वर्षों में किए गए विकास कार्यों को जनता भली-भांति जानती है। बड़कागांव क्षेत्र में कंपनियों का विरोध करने के कारण विरोधी पार्टियों ने हमारा खुलकर समर्थन किया, लेकिन हमारा पूरा परिवार बड़कागांव विधानसभा क्षेत्रवासियों की सेवा में पूर्व की तरह लगा रहेगा। इस बैठक में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दीपक करमाली, पंचायत अध्यक्ष संजय महतो, श्याम भार्गव, शमशेर आलम, मो. मुबारक सहित पंचायत के अध्यक्ष, कोर कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मानव अधिकारों का उद्देश्य मानवता का विकास : डॉ. सुकल्याण मोइत्रा



संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रमुख अतिथि के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुकल्याण मोइत्रा ने अपना संबोधन दिया और कहा कि मानव अधिकार का असल उद्देश्य मानव के सम्पूर्ण विकास में निहित है। उनका मानना था कि जब मनुष्य में मानवता के सभी तत्व विकसित होंगे, तब वैश्विक समस्याएं, जैसे हिंसा, भेदभाव और गरीबी, धीरे-धीरे समाप्त हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है जब मानव को उनके अधिकार प्राप्त हों और वह इन्हें स्वतंत्र रूप से इस्तेमाल कर सकें। डॉ० मोइत्रा ने यह भी बताया कि 10 दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा 1948 में जारी की गई थी, जिसका उद्देश्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना था, जहां हर व्यक्ति को समान अधिकार मिलें और वह स्वतंत्र रूप से अपनी जिंदगी जी सके। इस वर्ष का मानव अधिकार दिवस का विषय ₹हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभीरखा गया है, जो इस दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यशाला में डॉ० रुखसाना बानो ने भी अपने विचार रखे और बताया कि यदि हर व्यक्ति को उसके अधिकारों का पूरी तरह से एहसास होगा, तो समाज में सकारात्मक बदलाव आ सकता है। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के अन्य प्राध्यापक, शोधार्थी और विद्यार्थियों की अच्छी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यशाला के अंत में, छात्रों द्वारा इस अवसर पर मुकेश साहब द्वारा गाया गया प्रसिद्ध गीत किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार सभी ने एक साथ गाया, जो इस कार्यक्रम की सकारात्मक और सामूहिक भावना को दशार्ता है।

## समस्या का समाधान न होने पर जनवरी में विशाल आंदोलन का आह्वान : बटेश्वर मेहता



संवाददाता

**हजारीबाग।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने मंगलवार को उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात कर जिले की कई गंभीर जनसमस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने उपायुक्त को इचाक प्रखंड के बोधीबागी कुरहा मैदान में मास्टर लाइट लगाने, जिले में बढ़ते अपराध और हत्या की घटनाओं पर काबू पाने, नशाखोरी की समस्या, और अन्य समस्याओं से अवगत कराया। बटेश्वर मेहता ने उपायुक्त से आग्रह किया कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके। उपायुक्त नैंसी सहाय ने उन्हें आश्वासन दिया कि इन मुद्दों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी और अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

इसके अलावा, बटेश्वर मेहता ने अपर समाहर्ता संतोष सिंह से भी मुलाकात की और पत्र के माध्यम से जिले भर के प्रखंड कार्यालयों में हो रही धांधली और अन्य जनसमस्याओं को रखा। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालयों में जनता के कामों को सरल और शीघ्र निपटाने के लिए म्यूटेशन संबंधित कार्यों में सुधार लाया जाए।

साथ ही, उन्होंने सुझाव दिया कि प्रखंड कार्यालयों में कैंप लगाकर लोगों के कार्यों को अधिक सुलभ और सरल बनाया जाए। मेहता ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो जनवरी में एक विशाल आंदोलन किया जाएगा।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में विश्व मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में मंगलवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन और विधि विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रेरक गीत 'लक्ष्य' और मानवाधिकारों के महत्व पर आधारित उद्बोधन से हुई, जो उपस्थित सभी लोगों के लिए प्रेरणादायक रहा। मुख्य अतिथि डॉ० एमके मिश्रा, डीन एकेडमिक्स, ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व मानवाधिकार दिवस हर वर्ष यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि सभी मानवों को उनके अधिकारों की रक्षा और सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें हमारे अधिकारों की पहचान और रक्षा के लिए जागरूक करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ एसआर रथ, डीन एडमिन, ने डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि अंबेडकर ने समाज की कुरीतियों और अंधविश्वासों के खिलाफ संघर्ष किया और हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणा दी। रते हुए कहा कि मानवाधिकार ऐसे व्यक्तिगत अधिकार होते हैं, जिनका उल्लंघन मानव के मानवीय मूल्य और प्रतिष्ठा के लिए हानिकारक होता है। इन अधिकारों के बिना व्यक्तित्व का हनन होता है और समाज में असमानता और भेदभाव का माहौल बनता है। विधि विभाग की विभागाध्यक्ष कोमल पल्लवी भेंगरा ने कार्यक्रम में नागरिकों की जिम्मेदारी पर जोर दिया और कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जिम्मेदार बनना चाहिए और इन अधिकारों का संरक्षण सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयिका डॉ० रोजी कांत ने बताया कि समाज में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है ताकि हर व्यक्ति अपने अधिकारों को जान सके और उन्हें अपने जीवन में लागू कर सके।

कार्यक्रम › हजारीबाग की शान, कलाकारों की पहचान

## अखिलेश वर्मा ने भजन गायकी में अपनी अलग पहचान बनायी

प्रदीप पाठक

**हजारीबाग।** आज के समय में जब संगीत की दुनिया में हर कोई अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहा है, हजारीबाग के एक युवा भजन गायक अखिलेश वर्मा ने अपनी मधुर आवाज से ना केवल देशभर में पहचान बनाई है, बल्कि अपने शहर का नाम भी रोशन किया है। नेपाल, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी, कोलकाता, राजस्थान, असम जैसे विभिन्न राज्यों में अपनी गायकी का जलवा बिखेरने वाले अखिलेश वर्मा ने म्यूजिकल ग्रुप और इवेंट के माध्यम से एक अलग पहचान बनाई है। उनकी आवाज के जादू से लाखों लोग प्रभावित हैं और उनके भजन व गीत सुनते ही लोग मंत्रमुग्ध हो जाते हैं।।अखिलेश वर्मा का जन्म हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड स्थित ग्राम गरीखुर्द में हुआ था। वर्तमान में वे हजारीबाग शहर के रामनगर में रहते हैं। गायकी के प्रति उनका प्रेम बचपन से ही था, और उन्होंने अपनी आवाज को निखारने के लिए बचपन से ही रियाज शुरू कर दिया था। उनके पिता, जो पेशे से सेवानिवृत्त शिक्षक हैं, ने हमेशा उन्हें इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उनके मार्गदर्शन ने अखिलेश को संगीत की ओर आकर्षित किया।



अखिलेश ने अपनी गायकी की शुरूआत हजारीबाग के प्रमुख शास्त्रीय संगीत गुरुओं से की। उन्होंने एके दुबे और राजकिशोर सोनी जैसे प्रसिद्ध गुरुओं से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने पीआईडी संस्था राजा बंगला हजारीबाग के एसएम इम्तियाज से सुगम संगीत की बारीकियों का ज्ञान लिया। इसके अलावा, हंसराज लोहार, राजेश सेनगुप्ता और संतोष कुमार जैसे बड़े संगीतकारों से भी उन्हें प्रेरणा मिली, जिन्होंने उनके गायन को नया दृष्टिकोण दिया। अखिलेश वर्मा की गायकी में मधुरता और भक्ति का विशेष सामंजस्य है। उनकी आवाज में एक विशेष तरह का आकर्षण है, जो सुनने वालों के दिलों को छू जाता है। अपने इस हुनर को निखारते हुए उन्होंने कविता पौडवाल, लखबीर सिंह लक्खा, कुमार सानू, शहनाज अख्तर, भोजपुरी गायक मनोज तिवारी, देवी, कल्पना, अनुपम यादव जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ मंच साझा करने का गौरव प्राप्त किया है। इन कलाकारों के साथ गायन करने का अनुभव उनके लिए बेहद खास रहा है और इसने उनके गायन के स्तर को और ऊंचा किया।

भोजपुरी फिल्म उद्योग में भी अखिलेश वर्मा का नाम बेहद सम्मान से लिया जाता है। ₹कहानी काशी कीर, ₹जितब हम प्यार के बाजीर, ₹मेरे साई नाथर, ₹सीने में बसते हनुमानर, ₹तेरी पतली कमरर और ₹मेरी आशिकीर जैसे गीत और भजन उन्होंने गाए हैं, जो अब तक बाजार में उपलब्ध हैं। इन गीतों ने ना केवल संगीत प्रेमियों का दिल जीता है, बल्कि हर वर्ग के लोगों के बीच उनका नाम और भी प्रसिद्ध हुआ है। अखिलेश वर्मा के इन गानों की खासियत यह है कि वे भक्ति और प्रेम दोनों को एक साथ अपनी आवाज में पिरोते हैं, जो उन्हें एक अलग पहचान दिलाती है।

अखिलेश वर्मा का म्यूजिकल ग्रुप और इवेंट संगठन उनके संगीत के प्रति उनके जुनून और समर्पण को दशार्ता है। वे बड़े-बड़े कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, जिनमें उनका संगीत और गायकी दर्शकों का दिल छू लेती है। अपने इस संगठन के माध्यम से वे न केवल हजारीबाग, बल्कि देशभर में अपने संगीत का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। वे अपने कला और मेहनत से हजारीबाग का नाम रौशन कर रहे हैं और उनके इस योगदान को सदा याद किया जाएगा। संगीत की इस यात्रा में अखिलेश वर्मा का भविष्य उज्जवल है और आने वाले दिनों में उनके कई नए गीत और भजन श्रोताओं के बीच पहुंचने वाले हैं।

## पूर्व मंत्री बंधु तिर्की हजारीबाग में समीक्षा बैठक में शामिल होंगे

संवाददाता

**हजारीबाग।** पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, जो कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव और अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के झारखंड प्रभारी हैं, हजारीबाग में आयोजित दो दिवसीय समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। यह बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार हो रही है। बंधु तिर्की अपने दो सहयोगियों शंतानू मिश्रा और मनोज सहाय पिंकू के साथ हजारीबाग जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की समीक्षा करेंगे। बुधवार को वे सुबह 11 बजे से 2 बजे तक हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा करेंगे और फिर 2 बजे से 4 बजे तक बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा करेंगे।



इसके बाद, वे हजारीबाग परिसदन में रात्री विश्राम करेंगे। गुरुवार को बंधु तिर्की 11 बजे से 2 बजे तक बरही विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा करेंगे और फिर 2 बजे से 4 बजे तक माण्डु विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा करेंगे। इस बारे में जानकारी जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता निसार खान ने दी।

## संक्षिप्त खबरें

### लग्जरी बस से 1829.88 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**भागलपुर।** पुलिस जिला नवगछिया के कदवा थानान्तर्गत लग्जरी बस से कुल 1829.88 लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ 02 तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी मंगलवार को नवगछिया एसपी कार्यालय से दी गई। नवगछिया एसपी के निर्देशन में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार चलायी जा रहे अभियान के क्रम में कदवा थाना को गुप्त सूचना मिली कि एक लग्जरी बस में काफी मात्रा में विदेशी शराब लाया जा रहा है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष कदवा के नेतृत्व में एसएच-58 नवगछिया-चौसा मुख्य सड़क पर सघन वाहन जॉच प्रारंभ किया गया। उसी क्रम में नवगछिया जीरो माईल की ओर से आती हुई बस रजि० नं०-बीआर 01पीसी 9974 को रोककर तलाशी लेने पर उक्त बस से कुल-204 पेटी में बंद 375 एम०एल० का 4488 बोतल एवं 180 एम०एल० का 816 बोतल कुल मात्रा 1829.88 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। साथ ही नरेश राम और अंकित कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त पूछताछ के क्रम अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि ये बस मालिक के कहे अनुसार पश्चिम बंगाल के दालकोला से शराब लोड कर पटना पहुँचाने जा रहे थे। इस संदर्भ में कदवा थाना में नरेश राम, अंकित कुमार एवं अन्य के विरूद्ध कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### बांग्लादेश से घुसपैठ की आशंका, बीएसएफ ने नदिया बॉर्डर पर बढ़ाई शक्ति

**कोलकाता।** अशांत बांग्लादेश। अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। ऐसे में घुसपैठ का खतरा रहता है। इस बीच बांग्लादेश से भी भारत के प्रति हिंसा के संदेश सामने आ रहे हैं। इससे आतंकियों के सीमा पार घुसने की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा है। इसीलिए बीएसएफ ने नदिया के असुरक्षित सीमा क्षेत्र में अपनी शक्ति बढ़ा दी है। बांग्लादेश में एक के बाद एक हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। सीमा पार से घुसपैठ का भी खतरा है। रविवार से नादिया में भारत-बांग्लादेश सीमा पर महत्वपूर्ण स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। बीएसएफ सूत्रों के मुताबिक, करीमपुर से गेडे तक 162 किमी की सीमा है। छपरा, हृदयपुर, गेड़े, करीमपुर का बड़ा इलाका असुरक्षित है। आजादी के इतने साल बाद भी यहां कंटीले तारों की बाड़ नहीं लगी है। कहीं-कहीं बांस की सहायता से दोनों बंगालों को सीमा पर विभाजित किया जाता है। कई जगहों पर तो ये भी नहीं है। बांग्लादेश की इस हिंसक स्थिति में बीएसएफ को इन इलाकों की चिंता है। प्रवेश संबंधी चिंताएँ हैं। तस्करी भी बढ़ सकती है। उन सभी बातों को सामने रखते हुए जवानों की संख्या बढ़ाई गई।

### गेडे बॉर्डर पर करोड़ों रुपये के सोने के बिस्किट बरामद

**कोलकाता।** बांग्लादेश मुद्दे पर सीमा क्षेत्र में कड़ी निगरानी। घुसपैठ के अलावा बीएसएफ तस्करी पर भी नजर रख रही है। उस माहौल में बड़ी सफलता। नदिया के सीमावर्ती इलाके पुट्टीखाली चौकी के जवानों ने भारी मात्रा में सोने के बिस्किट बरामद किए हैं। इसकी मौजूदा बाजार कीमत एक करोड़ रुपये से ज्यादा है। जवानों के सूत्रों के मुताबिक सोना तस्करी की पहले से ही सूचना चौकी पुट्टीखली के जवानों को मिल गई थी। सोमवार को गेडे सीमा क्षेत्र में मजदिया-गजना सड़क पर दो व्यक्ति स्कूटी से आ रहे थे। जवानों ने उनकी गाड़ी रोकी। तलाश शुरू हुई। स्कूटी की सीट के निचले हिस्से को खोलने पर जवानों को तीन पैकेट मिले। पैकेट काले टेप से लपेटे हुए थे। उस पैकेट को खोलने पर उसमें से सोने के बिस्कुट और सोने का बट निकला। इसके बाद बीएसएफ ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पता चला है कि तीन पैकेट में कुल 12 सोने के बिस्किट और दो सोने के बट ले जाए जा रहे थे। इनका कुल वजन 1.67 किलोग्राम है, बाजार में कीमत आसमान पर है।

### श्री दादी महिला मंडल ने दादीजी का विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया



**अररिया ।** स्थानीय श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी परिसर स्थित दादी मंदिर में मंगलवार को श्री दादी महिला मंडल की ओर से दादीजी का विवाह उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।मौके पर महिला मंडल की महिलाओं ने दादी के विवाह उत्सव पर संजीव झांकी प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इससे पूर्व विवाह उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के पुजारी पंडित अभिषेक दुबे की अगुवाई पर अखंड ज्योति व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन प्रस्तुत कर दादीजी के विवाह उत्सव में जमकर धमाल मचाया। महिलाओं ने दादी जी के विवाह समारोह में दूल्हा-दुल्हन व बाराती बनकर उत्सव में भाग लिया। महिलाओं ने भजन कीर्तन के दौरान जमकर नृत्य कर माहौल को पूरी तरह से भक्तिमय बना दिया। विवाह उत्सव कार्यक्रम को लेकर पूरे मंदिर परिसर को भव्य व आकर्षक ढंग से सजाया गया। कार्यक्रम के उपरांत सामुहिक भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए।

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 19 गिरफ्तार

संवाददाता

**कोलकाता।** कंप्यूटर, लैपटॉप को सुचारू रूप से चलाने के लिए एंटी वायरस इंस्टॉल करने की ट्रिक्स। मौका मिलते ही उन्होंने मशीन को हैक कर सारी जानकारी चुरा ली और अंत में डॉलर के बदले गिफ्ट कूपन देने के नाम पर उनके खाते से पैसे चुरा लिए। वर्चुअली इतने हाईटेक तरीके से खास कोलकाता में फर्जी कॉल सेंटर खोलकर डेडा का फजीर्वाड़ा चल रहा था। एक शिकायत के आधार पर लालबाजार के जासूसों को गुप्त सूत्रों से फर्जी कॉल सेंटर की जानकारी मिली। गिरोह दमन शाखा ने बालीगंज इलाके में छापेमारी की। और उसमें 19 लोग पकड़े गये। एक फ्लैट में बैठकर ये अवैध गतिविधियां चल रही थीं। पुलिस ने वहां से ढेर सारे



मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद करने के बाद फ्लैट को सील कर दिया। जांचकर्ता यह जानने के लिए बेताब हैं कि इस चक्र के पीछे का मास्टरमाइंड कौन है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह अवैध कॉल सेंटर बालीगंज के मुलेन रोड स्थित एक फ्लैट में कई दिनों से चल रहा था।

धोखाधड़ी का चक्र कैसे चला रहे थे? पुलिस ने भी कहा। तकनीक-प्रेमी ग्राहकों को नॉर्टन एंटी-वायरस इंस्टॉल करने का लालच दिया जाता था। चक्र का मुख्य लक्ष्य अमेरिकी नागरिक थे। कंप्यूटर या लैपटॉप पर सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करने के नाम पर मशीनों को हैक करके डेटा चोरी करना। फिर ग्राहकों को सैकड़ों डॉलर मूल्य के उपहार कूपन खरीदने के लिए मजबूर किया गया। वह पैसा चक्र के मुख्य पांडा खाते में चला गया। इस तरह जालसाज अपना बैंक बैलेंस बढ़ा रहे थे।

लालबाजार खुफिया विभाग ने वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप के आधार पर एक जांच शुरू की गयी। पुलिस बालीगंज में इस फर्जी कॉल सेंटर की लोकेशन का पता लगा सकी। सोमवार की रात एंटी गैंग यूनिट के अधिकारियों ने वहां छापेमारी कर कुल 19 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी मिलकर यहां से अवैध कॉल सेंटर चलाते थे। फ्लैट से राउटर, लैपटॉप, मोबाइल बरामद हुआ। इन्हें जब्त कर लिया गया है और फ्लैट को सील कर दिया गया है। जांचकर्ता इस बात की तलाश कर रहे हैं कि इस धोखाधड़ी गिरोह का मुखिया कौन है।

### राष्ट्रीय स्तर पर अनूदित काव्य पाठ ऑनलाइन कार्यक्रम की शुरूआत

कोलकाता। भारतीय अनुवाद साहित्य की ओर से 6 राज्यों के 20 युवा कवियों एवं अनुवादकों के साथ राष्ट्रीय स्तर का काव्यपाठ एवं आलोचना ऑनलाइन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कश्मीर, नागालैंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, असम, पंजाब के लेखकों का प्रतिनिधित्व किया गया । प्रमुख भारतीय लेखक डॉ. ज्ञानेश्वर मुले ने इसमें शामिल होते हुए कहा कि एक कवि ही कल्पना से यथार्थ की ओर ले जा सकता है और कविता के हरेक रंग के सुंदर फूल का गुच्छा का समावेश ही अनुवाद साहित्य है। आजकल साहित्य में अनुवाद एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है और युवाओं की भागीदारी इस आवश्यकता को पूरा कर सकती है। कार्यक्रम के प्रारंभ से ही मराठी भाषा के साहित्यकार डॉ. मनीषा आनंद पाटिल ने सभी का स्वागत किया और असम की कवयित्री डॉ बंदीता मुदियार ठाकुरिया और ओडिशा की जयश्री दोरा ने अनुवाद काव्य पाठ का संचालन किया। इस कार्यक्रम में नागालैंड से चिंवांगलुंग, पंजाब से मनप्रीत सिंह, रमनदीप सिंह, रणजीत सिंह,जसवानदीप कौर,प्रिया,सुखदिप सिंह ओड़िशा से शक्ति स्वरुपा नायक, बंदना साहु, मोनीमुग्धा चालिहा अनूदित काव्यपाठ किया था ।

### वरुण कुमार दास को 'वैश्विक मानवाधिकार संरक्षण' पुरस्कार से सम्मानित किया गया

संवाददाता

**कोलकाता।** द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट को बहुत पछतावा हुआ। क्योंकि कई बच्चों, महिलाओं, पुरुषों, जानवरों और यहां तक कि प्रकृति को भी काफी नुकसान हुआ। इसे ध्यान में रखते हुए, संयुक्त राष्ट्र ने 1948 में 10 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के रूप में मान्यता दी और दुनिया भर में शिक्षा में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए शिक्षा में मानवाधिकार दिवस की शुरूआत की गई।

इस दिन को मनाते हुए, हर साल नई दिल्ली में भारतीय मानवाधिकार संस्थान मानवाधिकारों पर उनके महत्वपूर्ण कार्यों के लिए देश के प्रतिष्ठित लोगों को पुरस्कृत करता है। पश्चिम बंगाल के प्रमुख मानवाधिकार कानूनी विशेषज्ञ डॉ. बरुण कुमार दाश को मानवाधिकार शिक्षा के प्रसार, कानूनी सलाह के लिए इस वर्ष भारतीय मानवाधिकार संस्थान की पहल पर 'वैश्विक मानवाधिकार संरक्षण पुरस्कार' दिया गया है। विभिन्न अदालतों और आयोगों में मानवाधिकार संरक्षण के मुद्दे और लोगों की आजीविका की रक्षा के लिए कानूनी सहायता।

बरुणबाबू वर्तमान में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कानून विभाग में वरिष्ठ विजिटिंग प्रोफेसर और कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक प्रतिष्ठित वकील हैं। उन्होंने मानवाधिकार कानून और घरेलू हिंसा पर एक किताब लिखी है जिसे सेंट्रल लॉ एजेंसी, इलाहाबाद द्वारा पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। जो देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और मानवाधिकार के तहत सभी शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई जा रही है ।

विश्व मानवाधिकार दिवस के दिन मंगलवार को दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में 24वीं विश्व मानवाधिकार कांग्रेस में संस्था के निदेशक डॉ. राहुल राय ने उन्हें 'वैश्विक मानवाधिकार संरक्षण पुरस्कार-2024' दिया। पुरस्कार पाकर खुश बरुण बाबू ने कहा, वह मानवाधिकारों की रक्षा के लिए लंबे समय से काम कर रहे हैं। यह पुरस्कार उनके काम की पहचान है ।

इससे पहले यह संस्था अटल बिहारी वाजपेई समेत कई प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित कर चुकी है।

### आंदोलनकारी डॉक्टर परीक्षा पास किए बिना ही कर रहे थे प्रैक्टिस

कोलकाता। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज कांड के विरोध में सड़क पर उतरे जूनियर डॉक्टरों में शामिल प्रमुख चेहरा डॉ. असफाकुल्ला नाइया पर एक बड़ा आरोप सामने आया है। आरोप है कि उन्होंने बिना परीक्षा पास किए ही विशेषज्ञ डॉक्टर के रूप में मरीजों का इलाज शुरू कर दिया था। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के श्रीष चक्रवर्ती ने इस मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने प्रमाण के साथ दिखाया है कि हुगली के क्यूरेन्टा हेल्थकेयर नामक एक निजी हेल्थ सेंटर में डॉ. असफाकुल्ला सक्रिय रूप से प्रैक्टिस कर रहे हैं। चक्रवर्ती ने यह भी बताया कि उनका नाम डॉक्टरों की आधिकारिक सूची में शामिल है। इस मामले पर बोलते हुए चक्रवर्ती ने सवाल उठाया, क्या यह शर्मनाक धोखाधड़ी सत्तारूढ़ दल के नेताओं में भी फैली हुई है? उल्लेखनीय है कि वेस्ट बंगाल यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के नियमों के अनुसार, कोई भी डॉक्टर बिना परीक्षा पास किए निजी नर्सिंग होम या स्वास्थ्य केंद्र में प्रैक्टिस नहीं कर सकता। इन नियमों का उल्लंघन करते हुए डॉ. असफाकुल्ला ने प्रैक्टिस शुरू की। डॉ. असफाकुल्ला इससे पहले नौ अगस्त को आर.जी. कर में हुए दुष्कर्म-हत्या कांड के विरोध में अन्य जूनियर डॉक्टरों के साथ सड़क पर उतरे थे।

### चैंपियन बने ब्रावो एथलेटिक्स क्लब के खिलाड़ी हुए सम्मानित




एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिला वॉलीबॉल संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में ब्रावो एथलेटिक्स क्लब ने चैंपियनशिप जीतकर एक बार फिर अपने क्लब का परचम लहराया। ब्रावो एथलेटिक्स क्लब के खिलाड़ियों ने दोनों वर्गों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत का सिलसिला कायम रखा। मंगलवार को ब्रावो एथलेटिक्स क्लब के सचिव भानू प्रकाश ने क्लब के अन्य सदस्यों एवं सहयोगियों के साथ मिलकर स्थानीय खेल भवन में खिलाड़ियों को मोमेंटो और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों में विवेक रंजन, आदित्य कुमार, विकाश कुमार, रौशन कुमार, सर्वेश भारद्वाज, पंकज कुमार, सूर्यनायक, सुशील गिरी, यशवंत कुमार, निहाल, रेहान, आदित्य, रोहन, आशुतोष, सत्यम, दिव्यांश, आयुष, शिवम, सत्यार्थ को सम्मान दिया गया। मौके पर उपस्थित क्लब सचिव भानू प्रकाश, शैलेन्द्र मिश्र बाबा, अभिनव कुमार, अप्पू कुमार, धैर्य कश्यप, उपेन्द्र पटेल, अरविन्द कुमार, अमित कश्यप, रश्मि रंजन, मो. मोबसिर, रमेश कुमार, शासिंद्र कुमार, ऋषि कुमार मौजूद रहकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

## कोयला तस्करी मामला: 49 के खिलाफ चार्जशीट, विकास मिश्रा समेत तीन की वर्चुअली पेशी

संवाददाता

**कोलकाता।** चार साल बाद काफी तनाव के बाद कोयला तस्करी के मामले में आरोप तय किये गये। मंगलवार को आसनसोल की विशेष सीबीआई अदालत में 49 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किये गये। इससे पहले सीबीआई की ओर से दी गई चार्जशीट में कुल 50 लोगों को आरोपी बनाया गया था। लेकिन इस मामले में आरोपी विनय मिश्रा फरार है। इसी वजह से आज 49 के खिलाफ आरोप गठित किये गये। इस दिन विकास मिश्रा समेत तीन लोगों को वर्चुअली कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट सूत्रों के मुताबिक पिछली सुनवाई में मामले को दो हिस्सों में बांटा गया था। एक में 23 लोगों के नाम थे। दूसरे में 27 लोगों के नाम थे। टॉप 23 में अनुप माजी उर्फ लाला, रत्नेश वर्मा और विकास मिश्रा शामिल हैं। इन तीनों पर अलग-अलग मुकदमा चलाया जाएगा। क्योंकि, कोयला तस्करी



मामले में जो भी शिकायतें सामने आई हैं, वे तीनों आपस में जुड़ी हुई हैं। बाकी 27 लोगों में कुछ मैनेजर हैं, कुछ सुरक्षा गार्ड हैं और कुछ स्थानीय दुकानदार हैं। 10 कंपनियां 12 ईसीएल अधिकारी, 20 लाला के निजी सहयोगी, 4 कोयला माफिया और तीन विशेष आरोपी अनुप माजी, विकास मिश्रा और रत्नेश वर्मा। उनके खिलाफ चार अलग-अलग चरणों में आरोप तय किए गए हैं।

अनूप माजी पर 2015 से 2020 की अवधि के दौरान ईसीएल के लीज होल्ड एरिया से लगभग 31 लाख मीट्रिक टन कोयला चोरी और तस्करी का आरोप लगाया गया है। इससे सरकार को करीब 1340 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। अपने लाभ के लिए नकली कागजात बनाए और उन्हें असली के रूप में पेश किया। यह भी आरोप है कि ईसीएल के कई अधिकारियों ने रिश्वत देकर नौकरी हासिल की। अनुप माजी उर्फ लाला ने सभी के साथ मिलकर साजिश रचकर पूरा घटनाक्रम रचा। जज ने उससे पूछा, 'क्या तुम दोषी हो या निर्दोष?', लाला ने उत्तर दिया कि वह निर्दोष है।

2020 में कोयला तस्करी मामले की जांच सीबीआई ने शुरू की। जब राज्य के विभिन्न रेलवे साइडिंग से कोयला चोरी का मामला सामने आया तो पहले आयकर विभाग, फिर सीबीआई ने कोयला घोटाले की जांच शुरू की। हालांकि चार्ज गठन की तारीख पहले भी कई बार तय की गई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इसमें देरी होती गई। इस मामले में सीबीआई के पास इस मामले में 396 गवाह हैं।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के विरोध में मानव श्रृंखला

एजेंसी

**भागलपुर।** सैनिक स्कूल गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर एवं पूरणमल सावित्री देवी बाजोरिया सरस्वती शिशु मंदिर भागलपुर में मंगलवार को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्रों एवं आचार्य ने मानव श्रृंखला बनाया। विभाग प्रमुख विनोद कुमार ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के प्रति अत्याचार के विरोध में तथा मानवाधिकार के हनन होने के कारण मानव श्रृंखला के माध्यम से विरोध प्रदर्शन हमारा नैतिक दायित्व है।

बांग्लादेश हिंदुओं पर अत्याचार, माता- बहनों के अस्मिता लूटने के विरोध में विद्यालय के छोटे-छोटे भैया और बहनों में जो आक्रोश है वह विचारणीय है। मानवाधिकार आयोग से हम आग्रह करना चाहते हैं कि इस गंभीर विषय पर संज्ञान



ली जाए, जिससे हिंदू भाई बहनों की रक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि पूरे प्रांत में चलने वाले सभी सरस्वती विद्या मंदिर एवं शिशु मंदिर के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। पूरे भागलपुर में संचालित शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर के लगभग 6000 छात्रों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर बांग्लादेश के कुकृतियों का विरोध किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेश कुमार ने कहा कि आज के दौर में बांग्लादेश में मानवीय संवेदनाओं का अभाव हो गया है। मानवता, दया, क्षमा आदि सद्गुणों को त्याग कर अत्याचार कतई उचित नहीं है । इसका विरोध हम निरंतर करते रहेंगे। नरगा चौक से लेकर साहिबगंज तक मानव श्रृंखला छात्रों और आचार्य के द्वारा बनाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर शिशु मंदिर के प्रभारी ममता जायसवाल एवं विद्या मंदिर के प्रभारी अशोक कुमार मिश्र , सभी आचार्य बंधु भगिनी, पुष्कर झा एवं मीडिया प्रभारी दीपक कुमार झा उपस्थित थे।

**कार्रवाई** › महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग

# प्रभु श्रीराम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली इल्तिजा मुफ्ती पर हो सख्त कार्रवाई : हिंदू जनजागृति समिति

एजेंसी

**कोलकाता।** हिंदू जनजागृति समिति ने जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। समिति ने इल्तिजा द्वारा प्रभु श्रीराम और हिंदू धर्म पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया है। हाल ही में, इल्तिजा मुफ्ती ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, ₹हिंदुत्व एक बीमारी है जिसने




करोड़ों भारतीयों को अपनी चपेट में ले लिया है और भगवान के नाम को कलंकित किया है। प्रभु श्रीराम को शर्म आनी चाहिए।

इस बयान को लेकर हिंदू जनजागृति समिति ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश शिंदे ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा, महबूबा मुफ्ती के शासनकाल में कश्मीरी हिंदुओं का नरसंहार हुआ। हिंदू महिलाओं पर अत्याचार हुए और मासूम बच्चों की निर्मम हत्या की गई। क्या इन घटनाओं पर कभी मुफ्ती परिवार को शर्म महसूस हुई ? कश्मीर के लाल चौक पर खुलेआम भारत का राष्ट्रीय ध्वज जलाया गया। तब मुफ्ती परिवार का सिर शर्म से क्यों नहीं झुका ? शिंदे ने कहा कि ऐसे बयान अगर किसी हिंदू ने दिए होते, तो उसके खिलाफ तुरंत कठोर कार्रवाई की जाती। उन्होंने बीके गंजू की नृशंस हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि महबूबा मुफ्ती के शासनकाल में हिंदुओं पर जो अत्याचार हुए, वे अकल्पनीय हैं। हिंदू जनजागृति समिति ने इल्तिजा मुफ्ती पर हिंदू धर्म और भगवान श्रीराम का अपमान करने के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। समिति का कहना है कि इस तरह के बयानों से देश में धार्मिक सौहार्द को खतरा होता है। समिति ने यह सवाल उठाया कि जब हिंदू धर्म के खिलाफ इस तरह के बयान दिए जाते हैं, तो समाज और प्रशासन मूकदर्शक क्यों बना रहता है ? समिति ने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो हिंदू समाज चुप नहीं बैठेगा।

### पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के जगदीशपुर थाना अंतर्गत अवैध खनन मामले में कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में 03 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी मंगलवार को भागलपुर एसएसपी कार्यालय के हवाले से दी गई। वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवैध खनन, परिवहन, भंडारण के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बीते सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष जगदीशपुर को सूचना प्राप्त हुई कि कोला खुर्द गांव के तरफ से अवैध बालू लोड ट्रैक्टर आ रही है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष जगदीशपुर स्वयं दल-बल के साथ कोला खुर्द पहुंचे, जहां एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को कब्जे में लिए। ट्रैक्टर को कब्जे में लेने के उपरांत कोला खुर्द गांव के 20-25 की संख्या में बालू माफियाओं ने हथियार एवं लाठी डंडे से लैस होकर पुलिस टीम पर हमला कर उक्त ट्रैक्टर को पुलिस अभिरक्षा से लेकर फरार हो गये। इस मामले में हमलावरों को चिन्हित कर 11 नामजद एवं अज्ञात के विरूद्ध जगदीशपुर थाना अंतर्गत सुसंगत धाराओं में कांड पंजीकृत किया गया तथा इस घटना में संलिप्त 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया तथा शेष व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### खेलकूद से होता है मानसिक एवं शारीरिक विकास : डॉ. कीर्तिका अग्रवाल



**प्रयागराज।** सिविल लाइन स्थित वात्सल्य इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल सांइसेज में तीन दिवसीय इनडोर एवं आउटडोर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि इंस्टीट्यूट की निर्देशिका डॉ. कीर्तिका अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जरूरी है। इससे वे अपने लक्ष्य की ओर एकाग्रचित्त होकर बढ़ते हैं। इस अवसर पर डॉ. अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे देश के भविष्य हैं। पढ़ाई के साथ ही हर क्षेत्र में कामयाबी भी आज की आवश्यकता है। इस दौरान इंस्टीट्यूट की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति मरठे ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी। साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि अन्य छात्र-छात्राएं भी उनसे प्रेरणा ग्रहण करेंगे। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने चित्रकला, मेहंदी, रंगोली, शतरंज, कैरम, सूई-धागा दौड़, सौ मीटर दौड़, रस्सी कूद आदि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट के प्राध्यापक एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### सीबीए ने की चीनी बास्केटबॉल हॉल ऑफ फेम में शामिल किए गए खिलाड़ियों की घोषणा



**बीजिंग।** चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन (सीबीए) ने सोमवार को यहां 2024 चीनी बास्केटबॉल हॉल ऑफ फेम में शामिल किए गए खिलाड़ियों की घोषणा की। इस वर्ष हॉल ऑफ फेम में शामिल किये गए खिलाड़ियों में पुरुष एथलीट ली हंटिंग और गोंग शियाओबिन हैं। उत्कृष्ट महिला एथलीटों में यांग जी और मियाओ लिजी शामिल हैं। वहीं, उत्कृष्ट कोच और रिफेरी के रूप में क्रमशः मा किंगशेंग और गुओ युपेई को शामिल किया गया है। इनके अलावा चीनी बास्केटबॉल के एम्बेसडर के रूप में पहचाने जाने वाले ली झेनझोंग, वू चेंगझांग और हुआंग ली को शामिल किया गया है। आज तक, हॉल ऑफ फेम में 42 व्यक्तिगत खिलाड़ी और 3 टीमों को शामिल किया जा चुका है।

### एफआईए फॉर्मूला 2 सीजन में डैम्स लुकास ऑयल टीम के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे कुश मैनी



**बेंगलुरु।** अल्पाइन अकादमी के सदस्य कुश मैनी 2025 एफआईए फॉमूर्ला 2 सीजन में डैम्स लुकास ऑयल टीम के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। डैम्स लुकास ने मंगलवार को उक्त घोषणा की। भारतीय ड्राइवर ने पिछले दो सत्रों में फॉमूर्ला 2 में रेस की है, चैंपियनशिप में अपने पूरे समय में उन्होंने एक जीत और छह और पोडियम हासिल किए हैं और हाल ही में संपन्न 2024 अभियान में टीम चैंपियनशिप को सुरक्षित किया है। अब तक के मजबूत जूनियर करियर में, मैनी ने ब्रिटिश फॉमूर्ला 3 में जीत हासिल करके और 2020 में उप-चैंपियन बनकर प्रभावित किया।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल हुई जॉर्जिया वोल

**मेलबर्न।** भारत के खिलाफ प्रभावशाली पदार्पण श्रृंखला के बाद युवा खिलाड़ी जॉर्जिया वोल को मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। वोल ने भारत के खिलाफ पहले वनडे में शानदार शुरूआत की और ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाबाद 46 रन बनाकर आठ विकेट से जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने दूसरे मैच में शानदार शतक बनाया और सिर्फ 87 गेंदों पर 101 रन बनाए। उनकी पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 371/8 का विशाल स्कोर बनाया।

# चेन्नइयन और हैदराबाद का मुकाबला आज

## कॉयल चेन्नइयन के लिए 50 आईएसएल मैच पूरे करने वाले पहले कोच बनेंगे

**ओवेन कॉयल ने कहा**

- हैदराबाद एफसी की टीम का सम्मान करेंगे
- हैदराबाद के पास विदेशी खिलाड़ी और कुछ प्रतिभाशाली भारतीय हैं



**चेन्नई। एजेंसी**

चेन्नइयन एफसी बुधवार को अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में हैदराबाद एफसी का सामना करने के लिए तैयार है। अपने पिछले तीन मुकाबले हारने वाली इन दोनों टीमों को जीत की पटरी पर आने के लिए तत्काल लय पकड़ने की आवश्यकता है। चेन्नइयन एफसी 11 मैचों में तीन जीत, तीन ड्रा और पांच हार से 12 अंक लेकर तालिका नौवें स्थान पर है। वहीं, हैदराबाद एफसी ने 10 मैचों में दो जीत, एक ड्रा और सात हार से सात अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है। चेन्नइयन ने इस सीजन में 11 मैचों में 16 गोल किए हैं, लेकिन वो अपने पिछले तीन मैचों में गोल नहीं कर पाई हैं।

कॉयल चेन्नइयन के लिए 50 आईएसएल मैच पूरे करने वाले पहले कोच बनेंगे। कॉयल ने 49 मैचों में 19 जीते और नौ ड्रा खेले हैं। लीग में उनकी जीत दर 38.8% है। वहीं, हैदराबाद एफसी (11) ने आईएसएल 2024-25 के पहले चरण में अन्य टीमों की तुलना में अधिक गोल खाए हैं।

हैदराबाद अपने पिछले छह मैचों में से चार में गोल नहीं कर पाई है। चेन्नइयन एफसी के स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल ने कहा कि वह हैदराबाद एफसी की टीम का सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा, हैदराबाद एफसी के पास कुछ बहुत अच्छे विदेशी खिलाड़ी और कुछ प्रतिभाशाली भारतीय हैं। हम उनका बहुत सम्मान करते हैं। लेकिन हम पहले मिनट से ही सकारात्मक खेलकर जीतने की कोशिश करेंगे। हैदराबाद एफसी के सहायक कोच शमील चेम्बकथ को अपनी टीम के फिर से फॉर्म में आने की उम्मीद है और उन्होंने कहा कि वह सुधारों पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा जब नतीजे निराशाजनक होते हैं, तो हमें उन क्षेत्रों का पता होता है, जिनमें हमें सुधार करना होता है। फुटबॉल उतार-चढ़ाव का खेल है। ट्रेनिंग अच्छी चल रही है। हम चुनौती को सकारात्मक रूप से ले रहे हैं और हम वापसी करेंगे। बता दें कि आईएसएल में दोनों टीमों ने 11 मैच खेले हैं, जिसमें हैदराबाद एफसी और चेन्नइयन एफसी ने चार-चार मैच जीते हैं। तीन मुकाबले ड्रा रहे हैं।

### भारतीय सेना ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किया समापन

**पुंछ।** खेल भावना और दृढ़ता के शानदार जश्न में भारतीय सेना ने क्षेत्र में कठोर सर्दियों की परिस्थितियों के बावजूद हरिबुद्ध फुटबॉल टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन किया। इस टूर्नामेंट में स्थानीय युवाओं ने बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कड़ाके की ठंड का सामना किया। इस टूर्नामेंट में पुंछ के दूरदराज के गांवों की टीमें शामिल हुईं जिसका उद्देश्य युवाओं में एकता और खेल को बढ़ावा देना था। दो दिनों के रोमांचक मैचों के बाद फाइनल में दो असाधारण टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। सेरी ख्वाजा ने शानदार कौशल, टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती। चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्र में खुशी और एकता लाने के लिए भारतीय सेना के अटूट प्रयासों का प्रमाण था। शून्य से नीचे के तापमान ने खिलाड़ियों, आयोजकों या दर्शकों को नहीं रोका जो अपनी टीमों का समर्थन करने के लिए बड़ी संख्या में आए।

## भारत एशियाई कप क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारत एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर और बांग्लादेश के साथ है। सोमवार को कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में आयोजित ड्रॉ में 24 टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित किया गया। केवल छह ग्रुप विजेता ही क्वालीफाई करेंगे और उन 18 टीमों में शामिल होंगे जिन्होंने क्वालीफाइंग के दूसरे दौर के बाद पहले ही एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के लिए अपना टिकट बुक कर लिया है। क्वालीफायर फाइनल राउंड 25 मार्च, 2025 और 31 मार्च, 2026 के बीच होम-एंड-अवे प्रारूप में छह मैच दिनों में खेला जाएगा। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत, अपने इतिहास में पहली बार लगातार तीन एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखते हुए, बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा।

भारत ने हाल के दिनों में तीनों प्रतिद्वंद्वियों का सामना किया है। ब्लू टाइगर्स ने आखिरी बार 2021 सैफ चैंपियनशिप में बांग्लादेश का सामना किया था, जून 2022 में कोलकाता में एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में हांगकांग का सामना किया था और सितंबर 2022 में वियतनाम में हंग थिन्ह फ्रेंडली टूर्नामेंट में सिंगापुर का सामना किया था।

## बीबीएल : मेलबर्न रेनेगेड्स में शामिल हुए मार्कस हैरिस, जेवियर क्रोन



**मेलबर्न।** मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) 14 से पहले विक्टोरियन स्टार मार्कस हैरिस और जेवियर क्रोन के साथ करार किया है। हैरिस, अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज हैं, जो बीबीएल 8 चैंपियनशिप जीतने वाली टीम का हिस्सा रह चुके हैं। हैरिस ने इस घरेलू सत्र की शानदार शुरूआत की है। विक्टोरिया के लिए अभियान की शुरूआत करते हुए, उन्होंने वन-डे कप के पहले मैच में अर्धशतक बनाया और इसके बाद शेफील्ड शील्ड में एक शतक और एक और अर्धशतक लगाया। हैरिस ने मंगलवार को क्लब की ओर से जारी एक बयान में कहा, रेनेगेड्स के साथ वापस आना बहुत अच्छा है। व्हाइटी (कैमरन व्हाइट) के आने और क्लब द्वारा बनाई गई टीम के साथ यह रोमांचक है। मैं उस स्थिति में वापस जाने के लिए उत्सुक हूं, जहां मैंने अपना अधिकांश बीबीएल खेला है। विक्टोरिया के लिए दमदार प्रदर्शन करने के बाद, एक होनहार तेज गेंदबाज क्रोन बिग बैश के मैदान में वापस आ गए हैं। उनका यह ग्रीष्मकाल शानदार रहा है, जिसमें उन्होंने शील्ड स्तर पर 15 विकेट लिए हैं और साथ ही सीजन के अपने पहले रेड बॉल गेम में एक महत्वपूर्ण अर्धशतक भी लगाया है। क्रोन ने कहा मैं रेनेगेड्स के साथ यह अवसर पाकर उत्साहित हूँ। मुझे लगता है कि मैं इस साल खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हूँ। इस सीजन में शामिल होने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूँ। मेलबर्न रेनेगेड्स के महाप्रबंधक जेम्स रोसेनगार्डन ने इन खिलाड़ियों का स्वागत किया और उनके संभावित प्रभाव पर प्रकाश डाला। रोसेनगार्डन ने कहा, मार्कस एक विश्व स्तरीय बल्लेबाज है जो अपने साथ ढेर सारा अनुभव और शांतचित्तता लेकर आता है।

## कोपा डेल रे : तीसरे दौर में बारबास्ट्रो का सामना एफसी बार्सिलोना से

**मैड्रिड। एजेंसी**

चौथे स्तर (आरएफईएफ क्क्र) की टीमें बारबास्ट्रो और डेपोर्टिवो मिनेरो कोपा डेल रे के तीसरे दौर में एफसी बार्सिलोना और रियल मैड्रिड के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेलेंगी, जबकि कप विजेता एथलेटिक क्लब बिलबाओ लॉग्रोन्स के खिलाफ खेलेगा। सोमवार को मैड्रिड में आयोजित तीसरे दौर के ड्रा में, जनवरी के शुरू में स्पेनिश सुपरकप में खेलने वाली चार टीमों ने पहली बार ड्रा में प्रवेश किया, जिसमें वरीयता प्रणाली ने यह सुनिश्चित किया कि वे टूर्नामेंट में बची हुई सबसे कम रैंक वाली टीमों के साथ खेलें, हालांकि सभी छोटी टीमों ने दूसरे दौर में शीर्ष स्तर की प्रतिद्वंद्वियों को बाहर किया है। रियल मैड्रिड के खिलाफ डेपोर्टिवो मिनेरो का मुकाबला स्पेन के दक्षिण-पूर्व में काटार्जेना में खेला जाएगा और यह मिनेरो को शीर्ष टीम डेपोर्टिवो अलावेस को पेनल्टी शूटआउट के बाद दूसरे दौर से बाहर करने का इनाम है।



बारबास्ट्रो ने दूसरे दौर में एस्पेनयोल को हराया और अब वह लगातार दूसरे सीजन में एफसी बार्सिलोना का सामना करेगा, पिछले साल बार्सिलोना ने फर्मिन लोपेज, राफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के गोलों की मदद से 3-2 से जीत दर्ज की थी। तीसरे दौर में अन्य दिलचस्प मुकाबले दूसरे डिवीजन के उच्च स्तरीय अल्मेरिया और सेविला के बीच एंडालुसिया डर्बी हैं, जबकि एटलेटिको मैड्रिड तीसरे स्तर के मार्बेला का दौरा करेगा और दूसरे डिवीजन के लीडर रेसिंग डी सैंटेंडर, सेल्टा विगो के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेलेंगे।

## अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कोच जोनाथन ट्रॉट का अनुबंध 2025 के अंत तक बढ़ाया

**नई दिल्ली। एजेंसी**



अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट के अनुबंध को 12 महीने के लिए बढ़ा दिया है, जिससे वह 2025 के अंत तक इस पद पर बने रहेंगे। यह निर्णय ट्रॉट के अब तक के ढाई साल के सफल कार्यकाल के बाद लिया गया है, जिसमें अफगानिस्तान ने बड़ी प्रगति की है। वर्ष 2024 विशेष रूप से अफगानिस्तान के लिए बहुत यादगार रहा है क्योंकि वे अपने इतिहास में पहली बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे। उन्होंने हाल ही में शारजाह में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश को हराकर वनडे प्रारूप में श्रृंखला जीत हासिल की। अफगानिस्तान के लिए 2023 वनडे विश्व कप में भी यादगार अभियान रहा जहां उन्होंने पाकिस्तान, इंग्लैंड और श्रीलंका पर जीत हासिल की और शीर्ष 8 में स्थान बनाया। नतीजतन, अफगानिस्तान अब अपने इतिहास में पहली बार अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेगा। बोर्ड ने यह भी पुष्टि की है कि ट्रॉट निजी कारणों से जिम्बाब्वे दौरे के केवल एकदिवसीय चरण में टीम के प्रभारी होंगे। इसलिए, पूर्व खिलाड़ी हामिद हसन और नवरोज मंगल टी20 और टेस्ट के लिए मुख्य कोच और सहायक कोच के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

## लंका टी10 सुपर लीग 2024 आज से, हिस्सा ले रही सभी 6 टीमें घोषित

**कैंडी। एजेंसी**

बहुप्रतीक्षित 2024 लंका टी10 सुपर लीग 11 दिसंबर से पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हो रही है, जो श्रीलंकाई क्रिकेट में एक नया अध्याय लिखेगी। छह फ्रैंचाइज़ियों की भागीदारी वाला यह टूर्नामेंट कैंडी के खूबसूरत मैदान पर क्रिकेट के रोमांचक ब्रांड का प्रदर्शन करेगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने आधिकारिक तौर पर सभी छह फ्रैंचाइज़ियों के लिए पूरी टीम की सूची जारी कर दी है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय सितारों और

LANKA T10 SUPER LEAGUE

स्थानीय प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण है। लीग ने सभी फ्रेंचाइजी में प्रतिभाओं की एक असाधारण सूची तैयार की है। प्रमुख कोच के रूप में महान श्रीलंकाई गेंदबाज चमिंडा वास के मार्गदर्शन में कोलंबो जगुआर में श्रीलंका के पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज सहित उभरते सितारे मथिशा पथिराना, बहुमुखी कामिंदु मेंडिस, पाकिस्तान के आसिफ अली और विस्फोटक सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय जैसे शीर्ष सितारे शामिल होंगे। अनुभवी ग्राहम फोर्ड द्वारा प्रशिक्षित गॉल मार्वल्स में स्पिन जादूगर महेश थीक्षाना, विस्फोटक भानुका राजपक्षे, तेज गेंदबाज बिनुरा फर्नांडो और अंग्रेजी स्टार एलेक्स हेल्स और ल्यूक वुड शामिल हैं।

हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स अपनी ताकत का प्रदर्शन दासुन शनाका के नेतृत्व में करेंगे, जिसमें शेवोन डैनियल, स्थानीय नायक कुसल जनिथ परेरा और अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई शामिल हैं।

## व्यापार

## उतार-चढ़ाव के बाद बंद हुआ शेयर बाजार निवेशकों को 30 हजार करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिशें शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा।

पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.006 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज की कारोबार का अंत किया। कारोबार के दौरान आईटी, मेटल, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसके साथ ही कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर पावर, मीडिया और टेलीकॉम सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके साथ ही पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स और हेल्थ केयर इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया।

शेयर बाजार में स्मॉल और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 30 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 459.63 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

### सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना 160 रुपये से लेकर 170 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,930 रुपये से लेकर 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये से लेकर 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी मामूली तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय पिछले 6 वर्षों में अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रहा

**मुंबई/नई दिल्ली। एजेंसी**



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कार्यकाल के अंतिम दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अपने सहयोगियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने केंद्रीय बैंक का नेतृत्व करने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि पिछले छह साल में राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रहा। केंद्र सरकार ने गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह संजय मल्होत्रा को अगला गवर्नर नियुक्त किया है। मल्होत्रा 11 दिसंबर को पदभार संभालेंगे। शक्तिकांत दास 12 दिसंबर, 2018 को आरबीआई के गवर्नर बनाए गए थे। बाद में तीन साल के लिए उनके कार्यकाल में विस्तार किया गया था। दास ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर-के अपने अनुभवों को साझा करने के साथ सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने केंद्रीय बैंक का नेतृत्व करने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पिछले छह साल में राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रहा। उन्होंने सरकार, हितधारकों और अपने सहयोगियों को कार्यकाल के दौरान समर्थन और योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। शक्तिकांत दास ने अपने संबोधन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर था और उन्होंने हमें पिछले छह वर्षों के दौरान कई चुनौतियों से निपटने में मदद की। वित्तीय क्षेत्र और अर्थव्यवस्था के सभी हितधारकों, विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों, उद्योग निकायों और संघों, कृषि, सहकारी और सेवा क्षेत्रों के संगठनों को उनके इनपुट और नीतिगत सुझावों के लिए भी धन्यवाद दिया।

### अर्थव्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करने का करेंगे प्रयास : संजय

**नई दिल्ली।** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को कहा कि 11 दिसंबर को आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने के बाद वह सभी नजरियों को समझने और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करने की कोशिश करेंगे। सरकार ने संजय मल्होत्रा को एक दिन पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का अगला गवर्नर नियुक्त किया है। आरबीआई के नवनियुक्त गवर्नर राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने वित्त मंत्रालय के बाहर पत्रकारों के पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि किसी को भी क्षेत्र, सभी दृष्टिकोणों को समझना होगा और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य करना होगा। संजय मल्होत्रा ने कहा कि 11 दिसंबर को आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने के बाद वह सभी दृष्टिकोणों को समझने और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम कार्य करने का प्रयास करेंगे। संजय मल्होत्रा ऐसे समय में आरबीआई के 26वें गवर्नर का पदभार संभालने जा रहे है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुठभेड़ में छह लुटेरे गिरफ्तार,पैर में गोली लगी

**फिरोजाबाद।** टूण्डला थाना पुलिस एवं एसओजी टीम ने सोमवार की रात्रि में वांछित छह शातिर लुटेरों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दो अभियुक्त पैर में गोली लगने घायल हुए जिन्हें अस्पताल ने भर्ती कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि पांच दिसंबर को नवाब चौराहा के पास से एक युवक की मोटरसाइकिल तथा मोबाइल अज्ञात अभियुक्तों द्वारा लूट लिया गया था। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में थाना टूण्डला पुलिस एवं एसओजी टीम ने सूचना पर सोमवार की रात को मुठभेड़ के दौरान बैंदी की पुलिया से आगे गैल गैस के पास छह संदिग्ध अभियुक्तों को डकैती की योजना बनाते समय गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दो अभियुक्तों के पैर में गोली लगी है, जिन्हें घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

### विद्यालयों से गुजरते बिजली के तार, बच्चों की सुरक्षा खतरे में

**मीरजापुर।** सरकारी आदेशों और समय सीमा के बावजूद परिषदीय विद्यालयों से गुजरने वाले बिजली के खतरनाक तार अब तक नहीं हटाए गए हैं। आयुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. ने पिछले महीने बिजली विभाग को एक सप्ताह के भीतर यह काम पूरा करने का निर्देश दिया था। लेकिन स्थिति जस की तस है। जनपद में 195 विद्यालयों पर से बिजली के तार गुजर रहे हैं, जबकि विंध्याचल मंडल के मीरजापुर और भदोही में केवल 35 विद्यालयों से तार हटाए जा सके हैं।

### युवक ने की तलवार से काटकर पति-पत्नी की हत्या

**झांसी।** जिला मुख्यालय से करीब 90 किमी दूर टोड़ी फतेहपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह घर में घुसकर गांव के एक युवक ने पति-पत्नी की तलवार से काटकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। कुटोरा निवासी 40 वर्षीय पुष्पेंद्र दूध बेचने का काम करता था। मंगलवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे वह दूध बेचकर घर पहुंचा था। तभी गांव के एक युवक ने घर में घुसकर तलवार से उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में पुष्पेन्द्र को संभलने तक का मौका नहीं मिला।

### दस लाख की फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में दुकानदार से दस लाख की फिरौती मांगने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। ये कार्रवाई अपराध शाखा उंचा ने की है। मामला थाना आदर्श नगर में दर्ज किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि पांच दिसंबर को केशव जैन सुभाष कालोनी की शिकायत के मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त फरीदाबाद सौरभ सिंह ने पुलिस उपायुक्त अपराध, मकसूद अहमद और सहायक पुलिस अपराध, अमन यादव को तुरंत कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए थे। जिस पर अपराध शाखा उंचा गांव टीम ने मामले में कुलदीप और नितिन को 12 घंटे के अंदर ही पकड़ लिया था।

### आनी में निजी बस खाई में गिरी, कई घायल

**कुल्लू।** जिले की तहसील आनी के अंतर्गत मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। एक निजी बस शकेलढ़ के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। कई लोगों के घायल होने की खबर है। हादसे की खबर पर स्थानीय लोग और पुलिस मौका पर पहुंच गए हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। बताया गया कि बस आनी से छतरी की तरफ जा रही थी। बस में दो दर्जन से अधिक लोग सवार थे। शकेलढ़ के पास बस चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और बस गहरी खाई में गिर गई।

### दुकान में दम घुटने से हुई युवक की मौत

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में पेंट की दुकान में सोमवार रात आग लगने से फैले धुंए में दम घुटने से एक युवक की मौत हो गई। व्यक्ति खुद को आग से बचाने के लिए बाथरूम में जा छिपा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। मृतक की पहचान बुद्ध पाल निवासी आदर्श नगर कॉलोनी के तौर पर हुई है। वह चार बच्चों और अपनी पत्नी के साथ रहता था। 45 वर्षीय बुद्ध पाल मूल रूप से यूपी के मिजार्पुर का रहने वाला था। उसके परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद आज शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

### मानव अधिकारों की रक्षा के प्रति जागरूक करता है विश्व मानव अधिकार दिवस : डॉ. मोहन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को विश्व मानव अधिकार दिवस के असवर पर जारी अपने संदेश में कहा है कि मानव अधिकार दिवस, सम्मान, स्वाभिमान और समानता के साथ मानव अधिकारों की रक्षा के प्रति जन सामान्य को जागरूक करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संविधान ने जन-जन को प्रगति के अवसर प्रदान करने और उनकी गरिमा बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान किए हैं। यह हम सब की जिम्मेदारी है कि इनका संरक्षण करते हुए देश के विकास में योगदान दें।

## कृषि मंत्री जोशी ने कृषि विज्ञान मेला का किया शुभारंभ, कहा

# चयनित फसलों की खेती को बढ़ावा दे रही सरकार

● राज्य में जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है

**देहरादून। एजेंसी**



प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को सेलाकुई स्थित माया ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में आयोजित दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री जोशी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया। कृषि मंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित हर्बल उद्यान एवं प्रयोग केंद्र में तुलसी के पौधे का रोपण भी किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में धामी सरकार द्वारा चयनित फसलों की खेती को बढ़ावा देने की योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत बासमती, सुगंधित बासमती, औषधीय पौधे, सब्जियां, फूल, फल और दूध उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। इसका उद्देश्य भोजन, पोषण और आजीविका को सुरक्षित करना है।

गणेश जोशी ने कहा कि आज भारत कृषि उत्पादन में दूसरे स्थान पर है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि 2030 तक भारत विश्व का नंबर एक कृषि उत्पादक बने। इसके लिए राज्य में जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, साथ ही नई तकनीकों का भी उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने छोटे और सीमांत किसानों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि जिनके पास 2 हेक्टेयर से कम भूमि है, उन्हें आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस योजना के तहत हर किसान को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपए (तीन महीने में 2,000 रुपए) की न्यूनतम आय सहायता दी जाती है।

मंत्री जोशी ने माया देवी विश्वविद्यालय के कृषि क्षेत्र में किए जा रहे सराहनीय कार्यों की भी तारीफ की और कहा कि इस ग्रुप द्वारा आयोजित कृषि विज्ञान मेला किसानों और वैज्ञानिकों के बीच ज्ञान साझा करने का एक बेहतरीन मंच है। इस अवसर पर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, विश्वविद्यालय अध्यक्ष एम.ए.ली तिवाल, उपाध्यक्ष डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल, कुलपति सी सिंह, डॉ. मनोज पांडे, आशीष डबराल, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

## किसानों के रक्षक के रूप में शहीद वीर नारायण की गौरवगाथा सदैव अमर रहेगी : विष्णु



**रायपुर। एजेंसी**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीरनारायण सिंह के बलिदान दिवस पर राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव, आदिमजाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक पुरन्दर मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने शहीद वीर नारायण सिंह के मातृभूमि के प्रति योगदान को याद करते हुए कहा कि, स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जन-नायक वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे। वे सोनाखान के जमींदार परिवार से थे लेकिन उन्होंने आदिवासियों, किसानों और गरीबों के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने सन् 1856 के भीषण अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए अनाज गोदाम से अनाज निकालकर गरीबों में बांट दिए।

उन्होंने सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के दौरान छत्तीसगढ़ की जनता में देश भक्ति का संचार किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह के संघर्ष, मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। गरीबों और किसानों के रक्षक के रूप में उनकी गौरवगाथा सदैव अमर रहेगी।

## फिलीपींस में ज्वालामुखी विस्फोट से हाहाकार, 54 हजार लोग प्रभावित

**मनीला। एजेंसी**



फिलीपींस के कनलाओन ज्वालामुखी फटने से नेग्रोस द्वीप समूह के हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। वैज्ञानिकों ने कनलाओन ज्वालामुखी के छह किलोमीटर दायरे में रह रहे लगभग 54 हजार लोगों को फौरन अन्यत्र चले जाने को कहा है। सोमवार अपराह्न 3:03 बजे इस ज्वालामुखी के शिखर पर शक्तिशाली विस्फोट होने से यह नौबत आई। पलक झपकते ही राख का गुबार 3,000 मीटर ऊपर उठ गया। यह राख का गुबार पश्चिम और दक्षिण पश्चिम दिशा पर फैल गया।

फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के प्रमुख टेरेसिटो बैकोलकोल ने सोमवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि खतरा अभी टला नहीं है। इसमें दोबारा और शक्तिशाली विस्फोट हो सकता है। फिवोलक्स ने कहा कि ज्वालामुखी के शिखर से छह किलोमीटर के क्षेत्र को फौरन खाली करा लेना चाहिए। यहां के लोगों को तुरंत सुरक्षित निकालना होगा। अगर बरसात होती है तो स्थिति और खराब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले यह ज्वालामुखी इसी साल 3 जून को फटा था। तब भी लोगों को सचेत करते हुए एहतियाती कदम उठाने के लिए कहा गया था। फिलस्टार ग्लोबल समाचार पत्र के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि ज्वालामुखी की राख श्वसन संबंधी बीमारियों को जन्म दे सकती है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी अस्थमा के मरीजों को होती है। आंखों को भी खतरा हो सकता है।

### 'जॉय बांग्ला' अब बांग्लादेश का राष्ट्रीय नारा नहीं

**ढाका।** बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 'जॉय बांग्ला' को राष्ट्रीय नारा घोषित करने के हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद गठित अंतरिम सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। द डेली स्टार समाचार पत्र के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सैयद रेफअत अहमद की अध्यक्षता वाली अपीलीय प्रभाग की पीठ ने अंतरिम सरकार की याचिका पर सुनवाई की। अंतरिम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से हाई कोर्ट के फैसले पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। हाई कोर्ट ने 10 मार्च, 2020 को 'जॉय बांग्ला' को देश का राष्ट्रीय नारा घोषित किया था। हाई कोर्ट ने इस घोषणा के साथ सरकार को आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया था, ताकि इस नारे का इस्तेमाल राजकीय समारोह और शैक्षणिक संस्थानों की सभाओं में किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट के आज के फैसले पर अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल अनीक आर हक ने कहा कि अपीलीय डिवीजन के आदेश के बाद 'जॉय बांग्ला' को अब राष्ट्रीय नारा नहीं माना जाएगा।

## इजराइल ने सीरिया के कम से कम 100 सैन्य ठिकानों को किया ध्वस्त

**दमिश्क। एजेंसी**



इजराइल ने सीरिया पर आक्रमण कर मुल्क के कम से कम 100 सैन्य ठिकानों को पलक झपकते राख के ढेर में बदल दिया। सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे के बाद अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद सपरिवार देश छोड़कर रूस भाग चुके हैं।

अरबी समाचार वेबसाइट +963 के अनुसार, इजराइली सेना ने देश के दक्षिण-पश्चिम में कुनीत्रा ग्रामीण इलाकों में जमीनी घुसपैठ के बाद सोमवार को पूर्व सीरियाई सरकार से संबंधित कई सैन्य स्थलों पर हवाई हमले किए।राजधानी दमिश्क के बरजेह क्षेत्र में रासायनिक हथियारों के उत्पादन से जुड़े एक पूर्व सरकारी स्थल के पास कम से कम दो विस्फोट किए। साथ ही दक्षिणी दमिश्क के सैय्यदा जैनब क्षेत्र के आसपास ईरानी समर्थक गुटों से संबंधित सैन्य गोदामों और मुख्यालयों को भी निशाना बनाया। वेबसाइट ने एक स्थानीय सूत्र के हवाले से कहा कि इजराइली सैन्य विमानों ने मध्य सीरिया के होम्स ग्रामीण इलाके में शायरात सैन्य हवाई अड्डे पर हमला कर बड़े हिस्से को नष्ट कर दिया। इस क्षेत्र में हयात तहरीर अल-शाम के लड़ाके तैनात हैं।

इजराइली सेना ने उन्हें कोई क्षति नहीं पहुंचाई। इजराइल ने उत्तर-पूर्व में हसाकाह ग्रामीण इलाके में कामिश्ली हवाई अड्डे और टारटाब रेजिमेंट को भी निशाना बनाया। इसके बाद यहां कई विस्फोट हुए। देश के पूर्व में दीर एज-जोर में अल-मयादीन रेगिस्तान में ऐन अली श्राइन के पास ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक पूर्व मुख्यालय को हवाई हमला कर जमींदोज कर दिया। यहां तोपखाना स्थापित किया गया था।

हमले के बाद टैंक, गोला-बारूद और खदानों में आग लग गई। इसके अलावा इजराइली लड़ाकू विमानों ने मुल्क के पश्चिम में लताकिया के बंदरगाह पर तैनात सैन्य नौकाओं और रास शामरा क्षेत्र के पास अल-बायदा के बंदरगाह में वायु रक्षा ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इजराइली समाचार पत्र मारीव के अनुसार, सीरियाई बलों के वहां से हटने के बाद इजराइली बलों ने माउंट हर्मन सैन्य स्थल पर नियंत्रण कर लिया।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के खिलाफ कई संगठनों का प्रदर्शन

# केन्द्र सरकार इस मामले में हस्तक्षेप कर हिन्दुओं की सुरक्षा करें सुनिश्चित: रोहताश

**फतेहाबाद। एजेंसी**



बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं और उनकी महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में विभिन्न संगठनों के साझा मंच के बैनर तले नगर में रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने लघु सचिवालय पहुंचकर एसडीएम को केन्द्र सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को जगजीवनपुरा रोड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष रोहताश पंघाल व जिला मंत्री देवीलाल गोदारा ने बांग्लादेश में कई संगठनों के कार्यकर्ता एकत्र हुए। यहां से एक जुलूस के रूप में सभी कार्यकर्ता व सदस्य हाथों में तिरंगा लेकर लघु सचिवालय की ओर रवाना हुए।

यह सभी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं और उनकी महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में विश्व हिन्दू परिषद, भारतीय किसान संघ, आरोग्य भारती संगठन, भारतीय मजदूर संघ, लायंस क्लब फतेहाबाद रॉयल, सेवा भारती, वीर सावरकर ग्रुप,परशुराम ब्राह्मण सेना, अखिल भारतीय गुर्जर गौड ब्राह्मण युवक संघ, स्वदेशी जागरण मंच सहित तमाम संगठनों के सदस्य व कार्यकर्ता शामिल हुए। यह कार्यकर्ता बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं और उनकी महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार से तुरंत कदम उठाए जाने की मांग कर रहे थे।

## नेपाल-चीन के समझौते का दस्तावेज सार्वजनिक हो: डोनाल्ड लू

**काठमांडू। एजेंसी**



अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने नेपाल और चीन के बीच हाल ही में हुए बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआई) के कार्यान्वयन समझौते के दस्तावेज को सार्वजनिक किए जाने की मांग की है।

दो दिनों के नेपाल दौरे में अमेरिकी विदेश मंत्रालय के दक्षिण एवं मध्य एशिया मामलों के प्रभारी मंत्री डोनाल्ड लू ने सोमवार शाम काठमांडू में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिस तरह अमेरिका-नेपाल के बीच हुए एमसीसी समझौते का हर दस्तावेज और निवेश की सारी बातें पारदर्शी ढंग से सार्वजनिक की गई, उसी तरह चीन के साथ हुए समझौते को भी सार्वजनिक किया जाना चाहिए। डोनाल्ड लू ने कहा कि नेपाल अपने पड़ोसी देश के साथ किस तरह का समझौता करता है, वह उसकी स्वतंत्रता है लेकिन लू ने सलाह दी कि एक पड़ोसी के साथ किए गए समझौते से अगर बाकी पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों पर असर पड़े तो नेपाल को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। नेपाल के अपने दो दिनों के दौरे में राजनीतिक मुलाकातों को लेकर लू ने बताया कि सत्ता पक्ष के नेता पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा और विपक्षी दल के नेता पुष्प कमल दहाल से उनकी मुलाकात हुई।

### रेलवे गेटकीपरों के लिए भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती 19 को

**हमीरपुर।** भारतीय रेलवे के अहमदाबाद, भावनगर और राजकोट डिवीजनों में गेटकीपरों के पदों के लिए चैकमेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड 19 दिसंबर को सुबह 10 बजे हमीरपुर के सैनिक विश्राम गृह में थलसेना के भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती करेगी। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा ने बताया कि इस भर्ती में 54 वर्ष तक की आयु के दसवीं पास भूतपूर्व सैनिक भाग ले सकते हैं। चयनित भूतपूर्व सैनिकों को 33 से 35 हजार रुपये तक वेतन और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्हें खाने और रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। भर्ती के इच्छुक भूतपूर्व सैनिक अपने साथ डिस्चार्ज बुक, पीपीओ, एक्ससर्विस मैन का पहचानपत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एसपी कार्यालय से जारी पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट, बैंक पासबुक या कैंसल्ड चेक, दसवीं कक्षा की अंकतालिका और 10 पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लाएं।

**सांस्कृतिक** › देश के नामचीन कवियों के काव्यपाठ का भी श्रवण करेंगे कल्पवासी

# महाकुम्भ में संस्कृति का भी संगम कराएगी योगी सरकार

● 10 जनवरी से 24 फरवरी तक निरंतर चलेगा कवि सम्मेलन

● वीर रस, श्रृंगार रस, हास्य, करुण, भक्ति रस आदि में कविता का रसास्वादन करेंगे श्रोता

**प्रयागराज। एजेंसी**



महाकुम्भ में संस्कृति का भी संगम होगा। योगी सरकार द्वारा यहां गायन, वादन, नृत्य समेत हर विधा के कलाकारों को मंच मुहैया कराया जाएगा। 10 जनवरी से 24 फरवरी तक यहां अनेक सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी, जिसमें कवि सम्मेलन भी शामिल है। श्रद्धालु, पर्यटक व कल्पवासी वीर रस, श्रृंगार रस, हास्य रस, करुण रस, भक्ति रस आदि में कविताओं का श्रवण करेंगे। कवि सम्मेलन में मेजबान उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेशों के कवि भी शामिल होंगे। विष्णु सक्सेना, बुद्धिनाथ मिश्र, अशोक चक्रधर, हरिओम पंवार, कुमार विश्वास, शैलेष लोढ़ा, मनोज मुंतशिर, विनीत चौहान, अनामिका अंबर, गजेंद्र सोलंकी, दिनेश रघुवंशी सुनील जोगी सरीखे कवियों का काव्य पाठ भी प्रस्तावित है।

विभागीय अधिकारी ने बताया कि महाकुम्भ में होने वाले सांस्कृतिक संगम में कई नामचीन कवि रहेंगे। इसमें अशोक चक्रधर व विष्णु सक्सेना का भी काव्य पाठ होगा। दोनों कवियों का 18 जनवरी को कार्यक्रम प्रस्तावित है। 19 को कवयित्री अनामिका अंबर, सुरेंद्र दुबे, गजेंद्र सोलंकी काव्य पाठ करेंगे। वीर रस के सशक्त हस्ताक्षर डॉ. हरिओम पवार का काव्य पाठ 21 जनवरी को सम्भावित है। हास्य कविताओं से युवाओं के चहेते बने सुदीप भोला भी इसी दिन अपना काव्य पाठ करेंगे।

### स्थानीय कवियों को भी मिलेगा अंतरराष्ट्रीय मंच

उप्र संस्कृति निदेशालय ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर तैयारी कर ली है। 10 जनवरी से कवि सम्मेलन प्रारम्भ होगा। इसमें स्थानीय कवियों को भी योगी सरकार अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराएगी। पहले दिन वाराणसी के अनिल चौबे, प्रयागराज के श्लेष गौतम, रायबरेली के अभिजीत मिश्रा, आजमगढ़ के भालचंद्र त्रिपाठी, सोनभद्र की विभा सिंह श्रोताओं को कविताएं सुनाएंगी। 11 जनवरी को प्रयागराज के शैलेंद्र मधुर, रायबरेली के नीरज पांडेय, ललितपुर के पंकज पंडित, लखनऊ के शेख त्रिपाठी, प्रयागराज की आभा माथुर कविता पाठ करेंगी। 16 जनवरी को देहरादून के नामचीन कवि बुद्धिनाथ मिश्र, देवास के शशिकांत यादव, इंदौर के अमन अक्ष, प्रयागराज के हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी, बालाघाटा के राजेंद्र शुक्ल का कविता पाठ होगा। 17 जनवरी को विनीत चौहान, दिल्ली के प्रवीण शुक्ल, मथुरा की पूनम वर्मा, इटावा के डॉ. कमलेश शर्मा, राजसमंद के सुनील व्यास महाकुम्भ में कविता पाठ करेंगे।

नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती 23 जनवरी को गौरव चौहान का काव्य पाठ होगा। युवाओं के जेहन में छाए स्वयं श्रीवास्तव व मणिका दुबे का काव्यपाठ 24 जनवरी को प्रस्तावित है। 27 जनवरी को सुनील जोगी और अपनी कविता से अलग पहचान बनाने वाली कविता तिवारी 31 जनवरी को महाकुम्भ के मंच पर रहेंगी।

## आग लगने पर शांत मन से समाधान की तलाश करें : बीके करुणा भाई

**सिरोही। एजेंसी**



ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांतिवन परिसर के टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर में तीन दिवसीय बेसिक फायर फाइटिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। इसमें पश्चिम बंगाल से आए फायर फाइटर ट्रेनर्स आग से बचने और तुरंत मौके पर उठाए जाने वाले जरूरी कदम आदि की ट्रेनिंग देंगे।

ट्रेनिंग में शांतिवन के सभी सुरक्षाकर्मी और बीके भाई-बहनें भाग ले रहे हैं। शुभारंभ पर मल्टीमीडिया निदेशक राजयोगी बीके करुणा भाई ने कहा कि फायर में सबसे पहले खुद की सेफ्टी जरूरी है। कभी भी आग लगने की स्थिति में सबसे पहले खुद की सेफ्टी सुनिश्चित करें। इसके बाद जो जरूरी कदम हों उसकी ओर कदम बढ़ाएं। ऐसी स्थिति में धैर्यता और शांत मन के साथ काम लेना होता है। कभी भी आग लगने पर घबराएं नहीं और शांत मन से समाधान की तलाश करें। शांतिवन के सुरक्षा प्रमुख कर्नल बीसी सती भाई ने कहा कि आर्मी में हर सप्ताह फायर सेफ्टी की मॉक ड्रिल होती है। ब्रह्माकुमारीज में फायर सेफ्टी को लेकर अच्छी व्यवस्था है।



# गुलाब जल लगाए खूबसूरती में चार-चांद



खुशबू और खूबसूरती का पर्याय माना जाने वाला गुलाब आपकी खूबसूरती में चार चांद तक लगा सकता है।

1.गुलाब जल हर स्किन के लिए लाभदायक होता है। गुलाबजल को डिस्टिलड वॉटर में बराबर मात्रा में मिलाकर 1 शीशी में रख लें और प्रतिदिन इसकी कुछ बूंदें चेहरे पर थपथपाते हुए इस तरह लगाएं कि आपकी स्किन गुलाब जल को पूरी तरह सोख लें। ढीली स्किन पर गुलाब जल टोनर का काम करता है। स्किन में कसाव आता है।

2,चेहरे पर स्थायी निखार लाने के लिए गुलाब जल का उपयोग आप रात को सोने से पहले करें। गुलाब जल को पहले कच्चे दूध में मिला लें उसके बाद रूई की मदद से इसे आप अपने चेहरे, गर्दन और दोनों हाथों की पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा अच्छी तरह से साफ हो जाएगी और आपका चेहरा दमकने लगेगा। इसके नियमित प्रयोग से आप अपने चेहरे और त्वचा पर स्थायी निखार लाने में सफल होंगी।

3,गुलाब जल का नियमित उपयोग सूखी त्वचा को कोमल बनाने में भी सहायक होता है। 4-अकसर देखा जाता है कि 30 से 35 साल की उम्र की महिलाओं के चेहरे पर डार्क सर्कल्स हो जाते है। अगर आप इससे बचना चाहती हैं तो खीरे का रस निकाल कर उसमें गुलाब जल की कुछ बूंदें को मिलाकर कुछ समय के लिए फ्रिज में रख दें। रात को सोने से पहले उसे आंखों की पलकों के ऊपर रखें। इससे डार्क सर्कल्स तो दूर हो ही जाते हैं और आपकी थकी हुई आंखों को भी बेहद आराम मिलता है।

5-गुलाब जल का नियमित उपयोग चेहरे पर पडने वाली झुर्रियों से भी बचाव करता है। आप जब भी कोई फेसपैक लगाएं उसमें गुलाब जल की कुछ बूंदें जरूर मिलाएं।

6-तैलीय स्किन पर आप मुल्तानी मिट्टी और चंदन पाउडर में कुछ बूंदें गुलाबजल की मिलाकर फेस पैक तैयार करें और इसे चेहरे पर लगा लें। इसे लगाने के बाद आपकी स्किन मुलायम और सॉफ्ट हो जाएगी ।

7-गुलाब जल त्वचा के पीएच बैलेंस को बनाए रखता है और इसके प्रयोग से पुरानी कोशिकाओं की मरम्मत और नई कोशिकाओं के निर्माण में मदद मिलती है।

8-गुलाब जल आपकी खूबसूरती को ही नहीं बल्कि यह आपको हेल्थ के लिए भी लाभदायक है। कई देसी दवाओं में इसका प्रयोग किया जाता है। गुलाब जल से आप अपने आँखों को भी आराम पहुंचा सकती हैं। यदि आप इसे नियमित रूप से दिन में एक बार आँखों में डालें तो आँखों की पूरी गन्दगी बाहर आने से आपकी आँखों की सुन्दरता बढ़ेगी जिससे आपके चेहरे पर एक नया निखार नजर आएगा।

# एनिमल मेकअप का बोल्ड लुक

अगर आप सॉफ्ट और क्यूट से हटकर कोई नया लुक कैरी करना चाहती हैं, तो एनिमल मेकअप ट्राई कर सकती हैं। यह आपको एक बोल्ड लुक देता है। मेकअप का ट्रेंड आए दिन बदल जाता है। कभी क्रिस्टल मेकअप इन होता है, तो कभी डायमंड का जादू चलता है। इन दिनों एक और मेकअप बहुत पसंद किया जा रहा है। हम बात कर रहे हैं एनिमल मेकअप की। इसे वाइल्ड मेकअप भी कहते हैं। आप इसे पार्टीज और खास मौकों पर बखूबी कैरी कर सकती हैं।

### पंक कलर्स

इन दिनों के ट्रेंड पर नजर डालें, तो एनिमल मेकअप में जेब्रा, लेपर्ड, टाइगर व कैट लुक ज्यादा पॉपुलर है। इन लुक्स के लिए मेकअप में बोल्ड कलर्स का यूज किया जा रहा है। खास बात यह है कि इनमें कई बार बॉडी पार्ट्स पर ड्राइंग भी की जाती है। वाइल्ड मेकअप में पंक कलर्स का यूज ज्यादा होता है। मेकअप से पहले थीम डिसाइड की जाती है। फिर इसके मुताबिक कलर्स के साथ एक्सपेरिमेंट किया जाता है। अगर जेब्रा थीम पर बेस्ड आई मेकअप करना हो , तो वाइट और ब्लैक कलर का यूज करके जेब्रा धारियां बनाई जाती हैं। मेकअप को उभारने के लिए ब्रॉन्जर। इसी तरह टाइगर थीम है , तो टाइगर प्रिंट्स बनाए जाते हैं।

### पॉपुलर थीम

अगर एनिमल मेकअप के लिए पॉपुलर थीम की बात करें , तो गोथिक थीम ज्यादा इन है। इस थीम में लिप्स पर ब्लैक लिपस्टिक और आंखों को कोहल लुक दिया जाता है। आंखों के साइड में ड्रैकुला , खंजर , नाइफ जैसे प्रिंट्स यूज किए जाते हैं। इसी तरह नेल्स में एनिमल्स के पंजे व पूंछ वगैरह के टैटू बनाए जाते हैं। मेकअप आर्टिस्ट मंजू रावत कहती हैं कि एनिमल मेकअप को उभारने के लिए पर्पल , ग्रीन व डार्क ब्लू जैसे शेड्स मददगार होते हैं। चूंकि ये कलर्स इंडियन स्किन को सूट करते हैं , इसलिए लोग इन्हें बेहिचक कैरी करते हैं।

### ये बनाएं हेयरस्टाइल्स

इसमें आंखों के मेकअप में आईलाइनर को डार्क , मोटा और आंखों के किनारों से थोड़ा बाहर तक लगाया जाता है , वहीं बालों पर रिंगलेट्स ज्यादा बनाए जाते हैं। आश्मीन बताती हैं कि इस मेकअप के साथ सूट करने वाले हेयर स्टाइल्स में ब्रेडिंग , डेड लॉक्स और फ्रंट के ऊपरी साइड को फ्लिप करके रफ लुक शामिल हैं। इसमें बालों पर यूज किए जाने वाले बैंड्स और क्लिप में ड्रैगन और डेंजर्स वगैरह के साइन लगाएं जाते हैं।

### स्पेशल है फिश मेकअप

अगर आपको एनिमल लुक के साथ फेमिनिन टच चाहिए , तो फिश मेकअप ट्राई कर सकती हैं। बमपिट और फिश पोनी के माध्यम से फिश लुक आसानी से पाया जा सकता है। आश्मीन कहती हैं , फिश मेकअप में अंडर वॉटर के करीब सभी कलर्स यूज किए जाते हैं जैसे सी , ब्लू पिंक वगैरह। इसमें जितने कलर्स की फिश होती है , उतने कलर्स आप मेकअप में यूज कर सकते हैं। वैसे , इन दिनों ग्लिटर और सी कलर ज्यादा ट्रेंड में है।

### फेदर लुक भी इन

नाइट पार्टी , पब और रैंप में जाने के लिए फेदर लुक खूब पॉपुलर हो रहा है। इसमें स्काई व बर्ड से जुड़े सभी कलर्स का यूज होता है। थीम को ध्यान में रख इसमें मेकअप किया जाता है। पैरेट ग्रीन थीम है, तो मेकअप में सारे शेड्स ग्रीन के होते हैं। इसमें आंखों के किनारों पर पंख या कलर से पिक्चर बना दी जाती है। कुल मिलाकर चिक्स से लेकर आंखों तक में खूब एक्सपेरिमेंट किया जाता है। इस समय फेदर लुक में ढेरों टैटूज आ गए हैं , जिनसे जरिए आप इस मेकअप को कंप्लीट दे सकती हैं।



# फैशन फिर आया लांग स्कर्ट का



आजकल युवतियां पुराने फैशन को दोहराते हुए लांग स्कर्ट को पसंद कर रही हैं। कुछ समय पहले लांग स्कर्ट का बहुत ज्यादा फैशन था और युवतियां इसे बहुत ज्यादा पहनती थीं, लेकिन अचानक से यह बाजार से गायब हो गया है। एक बार फिर से युवतियां इसे फैशन में ले आई हैं। बाजार में कई आकर्षक डिजाइनों और विभिन्न रंगों में लांग स्कर्ट मिल रहे हैं। आजकल युवतियों के बीच डेनिम लांग स्कर्ट और कॉटन लांग स्कर्ट की ज्यादा मांग है। गर्मी और बरसात दोनों मौसम के हिसाब से कॉटन लांग स्कर्ट आरामदायक होती है, इसी वजह से युवतियों के बीच इसका ज्यादा क्रेज है। ज्यादातर युवतियां लांग स्कर्ट के ऊपर स्लीवलेस टीशर्ट पहनना पसंद कर रही हैं, वहीं बहुत सारी युवतियां लांग स्कर्ट के ऊपर टीशर्ट और लांग कुर्ती अथवा शॉर्ट कुर्ती भी पहन रही हैं।

यह लांग स्कर्ट बाजार में डेढ़ सौ रुपए से लेकर 500-700 रुपए की रेंज में मिल रही है। वो भी अलग-अलग डिजाइन्स और तरह-तरह के पैटर्न में उपलब्ध है। अगर आप भी अगर इस मानसून में कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं तो आपके लिए लांग स्कर्ट भी बेहतर पहनावा साबित हो सकता है। इसे आप डिजाइनर हिल वाली सैंडिल्स या डिजाइनर जूती पर पहनेंगी तो और भी ज्यादा आकर्षक नजर आएंगी।

# जवानी को कैद करे ऑलिव ऑयल

तीस की उम्र में हर महिला खूबसूरत होने के साथ-साथ जवान भी दिखना चाहती है। ना केवल तीस पार कर चुकी महिलाएं ही बल्कि आजकल तो युवा वर्ग भी अपने फेवरेट सेलेब्रिटी की खूबसूरती देख, खुद को उन्हीं की तरह बना लेना चाहते हैं। पर खूबसूरती और जवानी को कोई भला कैसे कैद कर सकता है, लेकिन अगर आप कम उम्र से ही अपनी त्वचा पर ध्यान देने लगेंगे तो आप अपनी जवानी को हमेशा के लिये कैद कर सकती हैं। जानिये ऑलिव ऑयल इस काम में कैसे मदद करता है। खाने में प्रयोग - रोज खाना बनाने के लिये ऑलिव ऑयल का प्रयोग करना शायद थोड़ा महंगा पड़े, लेकिन रोजाना के तेल और बटर, जिसमें ट्रांस फैट भरा पड़ा रहता है उससे अच्छा होगा कि आप ऑलिव ऑयल में बने खाने को खाएं। इस तेल से मोटापा नहीं बढ़ेगा और किन बिल्कुल कोमल हो जाएगी। इसके साथ ही यह तेल आपके चेहरे पर पड़ी झुर्रियों को भी दूर करेगा। मेकअप रिमूव करने के लिये बाजार में मिलने वाली कई मेकअप रिमूवल क्रीम चेहरे पर बहुत हार्श होती हैं। आपको तो पता ही होगा कि आंखों के पासइसलिये यहां पर मेकअप रिमूव करने के लिये ऑलिव ऑयल का ही प्रयोग उचित होता है। टमाटर हमारे स्वास्थ्य के लिये बहुत ही अच्छे होते हैं, इनमें एंटीएजिंग गुण पाए जाते हैं। इसलिये यह शरीर में जा कर अच्छे से अपना प्रभाव दिखा सकें इसके लिये आपको सलाद में टमाटर काट कर रखना चाहिये और उसके ऊपर से हल्का ऑलिव ऑयल छिड़क देना चाहिये। इन दोनों को मेल आपकी त्वचा के लिये किसी जादू से कम नहीं होगा।

# कॉटन फेब्रिक लड़कियों की पहली पसंद



हल्के-फुल्के सूती कपड़ों को लड़कियां अधिक पसंद करती है। ये कपड़े हर मौसम में आरामदायक होते हैं। इन कपड़ों में फूलों जैसे रंग तथा प्रिंट्स भी आपकी आंखों को सुकून देने का काम करेंगे। यूं तो कॉटन के सलवार-सूट्स, साड़ी, स्कर्ट्स सभी फैशन में है और आप किसी को भी चुन सकती है। लेकिन आज हम बात करेंगे खातौर पर कॉटन के कुर्तों, टॉप तथा शर्ट्स की।

जींस हो, लैगिंग्स हो या फिर घेरदार स्कर्ट..., कॉटन के टॉप, शर्ट्स या कुर्ते इन सबके साथ मैच करते है। प्रिंट्स, चेक्स, स्ट्राइप्स, प्लेन, चिकन, मलमल और एम्ब्रायडरी जैसे कई विकल्पों में ये तमाम वस्त्र फिट बैठते हैं। आजकल कॉलेज जाने वाली लड़कियों से लेकर घरेलू महिलाएं तक जींस और लैगिंग्स जैसे इजी फिट और आरामदायक विकल्प पहनना पसंद कर रही हैं।

ऐसे में मैचिंग के लिए कॉटन के शॉर्ट या लांग कुर्ते, सिंपल टॉप या शर्ट्स सबसे पहले चुने जाते हैं। यही कारण है कि बाजार में बटिक प्रिंट से लेकर फ्लोरल, एम्ब्रायडरी, क्रोशिए तथा अन्य प्रकार की लेस से सजे कॉटन कुर्तों तथा टॉप्स की बहार है। इनमें शॉर्ट, मीडियम और लांग तीन स्टाइल में से आप मनचाहा चुन सकती हैं। यही नहीं, कांथा, चिकन तथा अन्य प्रकारों को भी कॉटन मटेरियल के साथ मिलाकर बेहद खूबसूरत तरीके से वस्त्रों में ढाला जाता है। इन्हें भी जींस, लैगिंग्स या चूड़ीदार और ट्राउज़र के साथ मैच करके पहना जा सकता है। इन टॉप्स को आप स्लीवलेस के अलावा शिफॉन स्लीव्स या हाफ स्लीव्स और थ्री-फोर्थ स्लीव्स के साथ चुन सकती हैं।

# ऑफिस के लिए ऑफिशियल ज्वेलरी

अगर आप वर्किंग वूमन हैं तो जाहिर है कि पहनावे के मामले में आपको कुछ प्रोटोकॉल का ध्यान तो रखना ही होगा। जिस तरह आप ऑफिस में इवनिंग गाउन या लहँगा पहनकर नहीं जा सकतीं, ठीक उसी तरह हाथों में सजी ढेरों चूड़ियाँ तथा गले में पहना नौलखा हार भी ऑफिस के लिहाज से सूट नहीं करेगा। तो फिर ऑफिस में ज्वेलरी कैसी पहनें कि एक जैसी ज्वेलरी से आप बोर भी न हों और ऑफिस के प्रोटोकॉल का भी आप पालन कर सकें।

डायमंड, मोती या कोई भी अन्य नग आप ऑफिस में पहन सकती हैं। बशर्ते ये किसी भारी-भरकम ज्वेलरी में न जड़े हों। हल्का-फुल्का डायमंड का सेट, सिंगल पेंडेंट, नाजुक-सी अँगूठी, मोतियों के छोटे-छोटे इयररिंग्स या फिर टॉप्स आप आसानी से पहन सकती हैं। हाथों में एक या दो चूड़ियाँ, कोई ब्रेसलेट या डिजाइनर घड़ी भी अच्छी लगेगी। बीड्स के सिंपल इयररिंग्स, वुडन कड़े, थोड़े-सी बीड्स से बने पेंडेंट या एक लंबा बीड्स का हार या फिर सिंपल व्हाइट गोल्ड या गोल्ड चेन में फंकी और डिजाइनर पेंडेंट भी सूट करेंगे। आजकल लेदर और मैटल के कड़े, टॉप्स, ब्रेसलेट तथा पेंडेंट भी चलन में हैं। आप इन्हें भी अपना सकती हैं। पैरों में पायल पहनने से बचें। बहुत ही शौक हो तो साधारण मैटल, लेदर या बीड्स से बना एक ऐंकलेट डाल लें। ये आपको एकरसता से भी बचाएगा। डिजाइनर वॉच आजकल हाथों में पहनी जाने वाली एक्सेसरीज सबसे टॉप पर हैं, लेकिन इनमें भी बहुत ज्यादा डायमंड जड़ी, गोल्ड प्लेटेड या स्टोन से सजी वॉच के बजाए ऑफिस में सिंपल वाली का ही चयन करें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित। प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741